चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -65, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारतीयों को वीजा नहीं तो चौपट होगी अर्थव्यवस्था 16

शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान-2 की शूटिंग 15

**रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली**

# भाजपा को हराने के लिए विपक्ष ने दिल्ली में भरी हुंकार

नई दिल्ली, ब्यूरो

विपक्षी दलों के प्रमुख नेता रविवार को रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में जुटे तथा भाजपा सरकार पर लोकतंत्र और संविधान कुचलने का आरोप लगाते हुए एकजुटता से संघर्ष करने का संकल्प लिया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों ने इस महारैली का आयोजन दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी, भाजपा की नीतियों के विरोध में किया। महारैली में दोनों मुख्यमंत्रियों की तत्काल रिहाई, चुनावी बॉंड की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में विशेष कार्यबल का गठन और चुनाव आयोग को स्वतंत्र रूप से काम करने देने की मांग की गयी। विपक्षी नेताओं ने भाजपा की केंद्र सरकार को तीसरी बार सत्ता में न आने का संकल्प लिया है। ज्यादातर वक्ताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। इसके लिए तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा लेकर हम जनता के बीच जाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जितने भी सर्वे हुए हैं उसमें बीजेपी को 180 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही है, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मैच फिक्सिंग का रास्ता अपनाया है। विपक्ष को रोकने के लिए सभी विपक्षी नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की एकता के बाद बीजेपी को अपने पराजय पक्की लगने लगी है और उनका 400 का नारा पूरा होने वाला नहीं है। यदि कोई गड़बड़ी नहीं की गई और बेईमानी कर दबाव डालना या खिलाड़ियों को खरीदना नहीं हुआ तो मोदी का 400 पार का सपना पूरा नहीं होगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में रावण जलाया जाता है। उसका राजा सोने की लंका में रहता था और घमंडी था। उन्होंने कहा भगवान राम तो सत्यवादी थे, वनवासी थे, लेकिन ये अपने स्वार्थ के लिए राम की बात करते हैं उनके आदर्शों पर नहीं चल रहे हैं।



- मोदी मैच फिक्सिंग से जीतना चाहते हैं चुनाव: राहुल
- भाजपा गलत तरीके से हमें डरा रही है : अखिलेश
- गठबंधन जीता तो पूरे देश में दिल्ली जैसी सुविधाएं: सुनीता केजरीवाल

अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार भाजपा 400 पार नहीं बल्कि 400 हारने जा रही है। यह लोग गलत तरीके से हम लोगों को डरा धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री को जेल भेज रहे हैं। राजनीतिक दलों को नोटिस भेज रहे हैं और उनके बैंक अकाउंट बंद कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने रैली मैं आए लोगों को अपने पति की तरफ से दिए संदेश को पढ़कर सुनाया। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन की सरकार आएगी तो पूरे देश में हमारे पति 6 गारंटी पूरी करेंगे, जिसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को फ्री बिजली, हर गांव और मुहल्ले में स्कूल, देहात एवं शहरों में मोहल्ला क्लीनिक, हर जिले में सुपर स्पेशलिटी सरकारी अस्पताल एवं फ्री इलाज, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना ने कहा कि उनके पति को मुख्यमंत्री रहते हुए गलत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है अब जनता इसका जवाब देगी। महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी सरकार की एजेंसियां किसी को भी गिरफ्तार कर लेती है और उसकी सुनवाई के लिए न कोई वकील है और न कोई दलील। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। रैली में नारा दिया गया है कि तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ, यह नारा लोकसभा चुनाव में पूरे देश में मतदाताओं के बीच एक अपील करेगा। रैली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष गोपाल राय सहित सभी मंत्री, विधायक एवं पार्षद भी मौजूद थे इसी तरह कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मंच पर नजर आए।

### इंडिया गठबंधन की महारैली में पहुंचे 28 दलों के नेता

महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के शरद पवार, शिवसेना (उद्धव गुट) के उद्धव ठाकरे, झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, आम आदमी पार्टी के गोपाल राय, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, भाकपा से डी राजा, माकपा से सीताराम येचुरी, नेशनल कांफ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती और द्रमुक के तिरुचि शिवा समेत 28 पार्टियों के नेता शामिल हुए।

## एक नजर

### कांग्रेस पांच अप्रैल को जारी करेगी घोषणापत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी करने की शनिवार को घोषणा की। उसने अंतिम क्षण में घोषणापत्र समिति गठित करने को लेकर भाजपा पर कटाक्ष भी किया। भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की और पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इसका अध्यक्ष, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने 16 मार्च को 'पांच न्याय', '25 गारंटी' जारी की और देश भर में आठ करोड़ गारंटी कार्ड वितरित करने के लिए पार्टी का 'घर घर गारंटी' अभियान तीन अप्रैल से शुरू होगा।

### तहखाने में पूजा को चुनौती पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की उस याचिका पर उच्चतम न्यायालय आज सुनवाई करेगा, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदुओं को पूजा की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के फैसले को चुनौती वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई करेगी।

# भ्रष्टाचारियों पर होगा एक्शन : मोदी

**मेरठ से प्रधानमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल, इंडी गठबंधन रहा निशाने पर**

**हमारी सरकार ने कागजों से 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी हटाए**

**इंडी गठबंधन ने चौधरी साहब को कभी उचित सम्मान नहीं दिया**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकते हुए कहा है कि भ्रष्टाचारी चाहे कितना बड़ा क्यों न हो, उसके खिलाफ एक्शन जरूर होगा। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर लेते हुए कहा कि देश आजतक कांग्रेस और उसके साथियों के रवैये की कीमत चुका है। उसने कभी भी चौधरी चरण सिंह को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे।

प्रधानमंत्री ने रविवार को लोकसभा चुनाव की प्रदेश में पहली रैली 'गौरव समारोह' में कहा कि 2014 और 2019 में भी मेरठ से ही चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने क्रांतिधरा को नमन करते हुए कहा कि 10 साल में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई शुरू हुई है। पहले ऐसी सरकार थी जिसका जन्म नहीं हुआ ऐसे लोगों के नाम पर पैसे जाते थे। ऐसे 10 करोड़ फर्जी लाभार्थी का नाम मोदी ने हटाने की हिम्मत की। ऐसा करके हमने देशवासियों के पौने तीन लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं इससे कुछ लोग बौखलाए हैं, वो आपा खो बैठे हैं। मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, और वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव इन दो खेमों की लड़ाई है। जब मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो इन लोगों ने इंडी गठबंधन बना लिया है। इन्हें लगता है कि मोदी डर जाएगा। मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का नाम लिए बगैर मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए उनको कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से, कहीं दीवारों से तो कहीं वॉशिंग मशीन से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। मैं भ्रष्टचारियों पर सिर्फ कार्रवाई ही नहीं कर रहा, मेरी गारंटी है इन भ्रष्टाचारियों और बेइमानों ने जिनका धन लूटा है उसे मैं लौटा भी रहा हूं। हमने भ्रष्टाचारियों की संपत्ति जब्त करके 17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा, जिनके पैसे गये थे उन्हें वापस लौटा दिया।



**यह चुनाव देश को तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए**

2024 का चुनाव विकसित भारत बनाने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए है। बताया कि भारत जब 2014 में दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, तब यहां चारों तरफ गरीबी थी। जब भारत पांचवें नंबर पर पहुंचा तब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकलने में सफल हुए। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो, देश में गरीबी तो दूर होगी ही साथ में एक सामर्थ्यवान, सशक्त मध्यम वर्ग देश को नई ऊर्जा देता दिखेगा।

### कच्चातिवु मामले में कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री ने बताया कि आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। समुद्री तट से कुछ दूर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच एक द्वीप कच्चातिवु है। देश आजाद हुआ तब ये हमारे पास था, लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इस द्वीप को फालतू और गैर जरूरी करार दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आजतक चुका रहा है। भारत के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए समंदर में जाते हैं और जब इस द्वीप की तरफ जाते हैं तो इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। ये कांग्रेस के पाप का परिणाम है कि हमारे मछुआरे आज भी सजा भुगत रहे हैं।

### मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह देश मोदी की गारंटी पर विश्वास करता है। जिसका मतलब 12 करोड़ किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि, चार करोड़ गरीबों को आवास, दस करोड़ गरीबों को रसोई गैस सिलेंडर, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 80 करोड़ को फ्री राशन, 60 करोड़ को पांच लाख की स्वास्थ्य बीमा, मोदी की गारंटी से यह देश एक स्वर में बोल रहा है। फिर एक बार मोदी सरकार। यही मोदी की गारंटी है, जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। मोदी की गारंटी पर यूपी को यकीन और भारत को भरोसा है, क्योंकि मोदी केवल सपने नहीं बुनते, हकीकत बुनते हैं, इसीलिए लोग बार-बार मोदी जी को चुनते हैं।

## भारत रत्न सम्मान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न प्रदान किया। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर कहा कि इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था, कुल 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। सूत्रों ने के अनुसार आयकर विभाग ने कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। वहीं दो दिन पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस से करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा था।

सूत्रों के मुताबिक, ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़ रुपये), 2015-16 (करीब 664 करोड़ रुपये) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपये) से संबंधित हैं। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली कर छूट समाप्त कर दी है और पार्टी पर कर लगा दिया है। सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों द्वारा छापे के दौरान कांग्रेस के कुछ नेताओं से जब्त की गई डायरियों में की गई "तीसरे पक्ष की प्रविष्टियों" के लिए भी कांग्रेस पर कर लगाया गया है। मुख्य विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें करीब 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है। कर अधिकारियों ने पिछले वर्षों से संबंधित कर मांग के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपये पहले ही निकाल लिये हैं। कांग्रेस ने 135 करोड़ रुपये की कर मांग के खिलाफ अदालत का रुख किया है और इस मामले में सोमवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होने की संभावना है। पार्टी इस संबंध में आयकर अपीलीय अधिकरण और उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में विफल रही है।

# न सफर होगा महंगा, न ही बसों का बढ़ेगा किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं होंगी

**अमृत विचारः** आमजनों के लिए यह राहतभरी खबर है। फिलहाल पहली अप्रैल अर्थात आज से भारतीय राष्ट्री य राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा टोल प्लाजा पर बढ़ाई जाने वाली नई टोल दरें लागू नहीं की गई हैं।

इससे निजी और कमर्शियल वाहनों से होने वाला सफर अब महंगा नहीं होगा। आमजन पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी होने से सरचार्ज बढ़ता और इसका असर रोडवेज बस यात्रियों के किराए पर खासतौर पर पड़ता है। दरअसल 31 मार्च की रात से टोल की नई दरें प्रभावित हो जानी थीं। लेकिन अपरिहार्य कारण से एनएचएआई ने बढ़ी दरें फिलहाल लागू न करने का फैसला लिया है, अपराह्न सभी प्लाजा मैनेजर को लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। यह जानकारी लखनऊ परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल रोडवेज़ बसों का किराया भी नहीं बढ़ाया गया है।

# जलपाईगुड़ी में आंधी-तूफान से की मौत, 100 से अधिक घायल

जलपाईगुड़ी (प.बंगाल)

पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में स्थित जलपाईगुड़ी जिले के कुछ हिस्सों में अचानक आए तूफान की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि जिला मुख्यालय शहर के अधिकांश हिस्सों और पड़ोसी मैनागुड़ी के कई इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज हवाएं चलने से कई झोपड़ियां और मकान क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए। उन्होंने बताया कि तूफान की वजह से राजारहाट, बार्निश, बकाली, जोरपाकड़ी, माधबडांगा और सप्तीबारी सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं एवं कई एकड़ क्षेत्र में लगी फसलों को नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान दिजेंद्र नारायण सरकार (52), अनिमा बर्मन (45), जगन रॉय (72) और समर रॉय (64) के रूप में की गई। जलपाईगुड़ी जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ओलावृष्टि से कई पैदल यात्री घायल हो गए।

# अवैध संबंध के शक में पत्नी, बेटी-बेटे की हत्या

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

- शव कमरे में बंदकर भागा, पुलिस को मकान मालिक ने दी सूचना

**अमृत विचारः** बिजनौर के सरवन नगर में अवैध संबंध के शक में पीओपी कारीगर ने पत्नी, बेटी व बेटे की गला दबाकर हत्या के बाद शव कमरे में बंद कर भाग गया। दुर्गंध पर मकान मालिक के बेटे ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के मुताबिक बलरामपुर जिले के रतनपुर गांव का रामलगन 15 मार्च से सरवन नगर में अमृत लाल गौतम के मकान में किराए पर पत्नी ज्योति, बेटी पायल और बेटा आनंद संग रह रहा था। रविवार दोपहर दो बजे पड़ोसियों को तेज दुर्गंध आने पर मकान मालिक को बताया। अमृत लाल का बेटा वीरेंद्र ऊपर पहुंचा। दुर्गंध रामलगन के बंद कमरे से आने की सूचना पुलिस को दी। साउथ डीसीपी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी और इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा मौके पर पहुंचे। पुलिस को फर्श पर ज्योति व बच्चों के शव बोरी में मिले। डीसीपी ने बताया कि आरोपी रामलगन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बिना सहमति निकाली किडनी, 1.35 करोड़ हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रामा मेडिकल कालेज कानपुर में किया किडनी का ऑपरेशन
- किडनी में स्टोन बताकर कराए थे सादे कागजों पर हस्ताक्षर

**अमृत विचार :** रामा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कन्नौज के एक युवक की किडनी (गुर्दा) में स्टोन का ऑपरेशन करने के दौरान बिना सहमति किडनी निकाल दी। राज्य उपभोक्ता आयोग में मामला पहुंचा तो चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधन पर 1.35 करोड़ रुपये हर्जाना लगाया गया। जो 12 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

ग्राम भगवानपुर, मकरंद नगर, कन्नौज निवासी दीपक कुशवाहा पुत्र महेंद्र सिंह ने पेट में दर्द का उपचार कानपुर जीटी रोड स्थित रामा मेडिकल कॉलेज में कराया। अल्ट्रासाउंड में किडनी में स्टोन का पता चला तो दीपक 28 जून 2013 को अस्पताल में भर्ती हुआ। डॉ. प्रफुल्ल गुप्ता ने किडनी में स्टोन का ऑपरेशन बताकर सादे कागजों पर हस्ताक्षर कराए और ऑपरेशन कर 9 जुलाई 2013 को डिस्चार्ज कर दिया। दर्द बंद नहीं हुआ तो फिर अस्पताल आए। अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला बायीं किडनी ही नहीं है। यह सुनकर वह बेहोश हो गया। इस मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो न्यायालय से दर्ज कराई। इस पर सीएमओ कार्यालय बुलाकर मामला वापसी का दबाव बनाने के लिए धमकाया। उसी समय दीपक ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह ने की तो किडनी निकालना पाया। किडनी निकालने के लिए मरीज या तीमारदार से सहमति पत्र नहीं लिया गया। चिकित्सक ने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों का उल्लंघन कर बिना सहमति के ऑपरेशन किया। इस पर आयोग ने 50 लाख रुपये सेवा में कमी, मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना पर 35 लाख, गलत उपचार व बिना सहमति किडनी निकालने पर 50 लाख व 20 हजार रुपये हर्जाना लगाया है। जो चिकित्सक व अस्पताल प्रबंधन मिलकर या कोई एक आपरेशन की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 30 दिनों के अंदर दीपक को अदा करेंगे। ऐसा न करने पर 15 प्रतिशत ब्याज के साथ देना होगा।

**स्वरोजगार** | गायों का संरक्षण कर बेच रहे दूध, किसान के साथ कई को रोजगार

# विदेश में की पढ़ाई, देश में गायों के दूध से कर रहे कमाई

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ के भरवारा लोनापुर के रहने वाले प्रवीण मिश्रा और उनके बड़े भाई पंकज को विदेश रास नहीं आया। दोनों ने वापस आकर डेयरी में कॅरियर बनाया। 2010 में प्रवीण ने लंदन में बैंकिंग की पढ़ाई कर इंग्लैंड में नौकरी की, जबकि पंकज ने हैदराबाद से एमबीए और बर्मिंघम में आईटी की पढ़ाई की लेकिन, दोनों भाइयों का ध्यान वहां के खानपान की गुणवत्ता और शुद्धता पर रहा। जिसे बारीकी से समझा, इसमें खासकर दूध को लेकर सोचा की क्यों न हम भी स्वदेश में लोगों को गायों का शुद्ध दूध उपलब्ध कराएं। यही संकल्प से दोनों 2016 में पिता वीरेंद्र के साथ देशी गायों की डेयरी लगाकर घर-घर दूध पहुंचाने लगे। इससे जहां देशी गायों का संरक्षण किया तो 50 लोगों को रोजगार दिया। साथ ही पेय अमृत फार्मर प्रड्यूसर से 200 पशु पालक को जोड़कर उन्हें भी राह दिखाई है। पंकज और प्रवीण को प्रगतिशील गोपालक के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तीन बार सम्मानित कर चुके हैं।





पिता वीरेंद्र के साथ बेटे पंकज और प्रवीण

### हर माह कमाते 2.50 लाख

दोनों ने 25 गाय से डेयरी शुरू की थी। वर्तमान में साहीवाल व गिर प्रजाति की 120 गाय से रोजाना 700 लीटर दूध उत्पादन करते हैं और एक ब्रांड देकर कांच की शीशी में डिलीवरी करते हैं। इनका 100 फीसद शुद्ध दूध होने का दावा है तो करीब 700 लोग खरीदने वाले भी संतुष्ट हैं। दूध की कीमत 80 रुपये प्रति लीटर है। इससे हर माह 2 .50 लाख रुपये तक कमाते हैं। इनका राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना में चयन हुआ है। जो 200 देशी गाय की इकाई लगाएंगे।

### आपूर्ति के हिसाब से 10 फीसद डेयरी नहीं

प्रवीण बताते हैं कि बच्चों के लिए शुद्ध दूध बेहद जरूरी है। लेकिन, आपूर्ति के हिसाब से शुद्ध दूध की 10 फीसद डेयरियां नहीं हैं। जबकि विदेश में दूध से लेकर हर खाद्य पदार्थ मानक और गुणवत्ता से 100 फीसद शुद्ध है। वह भी बचपन में जब दूध पीते थे तो शुद्ध न होने के कारण पचता नहीं था। लोग अधिक मुनाफा के लिए मिलावट तो करते हैं साथ ही रासायनिक उर्वरकों का चारा गोवंशों को खिलाते हैं। जबकि वह अपनी गायों को फार्म हाउस में प्राकृतिक खेती से चारा उगाकर खिलाते हैं।

## एक नजर

### गेहूं खरीद के लिए 1.95 लाख से अधिक पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी गेहूं खरीद के लिए प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इससे उम्मीद है कि इस बार खरीद का लक्ष्य पूरा होगा और किसान समर्थन मूल्य का लाभ पाएंगे। सरकारी गेहूं खरीद के लिए किसानों में रुचि दिख रही है। अब तक प्रदेश में 1.95 लाख से अधिक किसानों ने क्रय केंद्रों पर बिक्री करने के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है। इसी आधार पर किसानों ने टोकन भी लिए हैं। इससे खरीद होने पर इंतजार न करना पड़े। एक 1 मार्च से खुले थे। लेकिन, खरीद ललितपुर और महोबा के दो केंद्रों पर ही हुई है। क्योंकि ज्यादातर जिलों में धान कटाई शुरू हुई है। खरीद से पहले अधिकारी व कर्मचारी किसानों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित कर पंजीयन करा रहे हैं। पंजीयन की संख्या अधिक है। इससे इस बार खरीद लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

### पेंशन व पारिवारिक लाभ के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृद्ध पेंशन और पारिवारिक लाभ के लाभार्थियों को कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस बीच जो आवेदन आए उन्हें जिला समाज कल्याण कार्यालय चेक करके कमियां दुरुस्त कर तैयार कर रहा। हालांकि आचार संहिता के कारण आवेदनों का सत्यापन, स्वीकृत व भुगतान संबंधित काम नहीं हो रहे हैं। मानना है कि पहले से तैयारी करने से आगे भार कम होगा और कमियां दूर होने से लाभार्थियों को परेशानी नहीं होगी। आचार संहिता के बाद अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मनेगा अनेकता का उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 1 अप्रैल से दो दिवसीय अनेकता का उत्सव मनाया जाएगा। भारत विविधताओं वाला देश है। अलग-अलग रंग, अलग-अलग त्योहार, लेकिन सोच एक, भावना एक और यही है हमारी गंगा-जमुनी तहजीब। कांग्रेस ने हमेशा इस विविधता का सम्मान किया है और इसे बनाए रखा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष-प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल को शाम 5 बजे से होली मिलन का उत्सव मनाया जाएगा। 2 अप्रैल को शाम 6 बजे से रोजा इफ्तार आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद रहेंगे।

# मदरसा संगठन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, लगाई गुहार

## उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने के लिए मदरसा संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। एक्ट को असंवैधानिक करार देने के मामले में चार ऑनलाइन याचिकाएं दाखिल की गई हैं। माना जा रहा है कि मामले की सुनवाई अप्रैल के मध्य में होनी है।

▶▶ **अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की**

बता दें कि बीते दिनों उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम 2004 को हाईकोर्ट ने एक आदेश देते हुए असंवैधानिक करार दिया था। ऐसे में मदरसों से जुड़े संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी की बात कही थी। इसी को लेकर उप्र के चार मदरसा संगठन आगे आए, जिसमें टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, मैनेजर एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया तथा प्रबंधक मदरसा अजीजिया इशातुल उलूम मीर शिकारी शामिल हैं। सभी संगठनों ने एक साथ मिलकर एसएलपी दाखिल की है। बताते हैं कि हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध चार एसएलपी दाखिल हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी अपीलें सोमवार को पेश होंगी। छात्रों के परीक्षाफल और समायोजन का कारण बताते हुए अदालत से जल्द सुनवाई किये जाने की अपील की गई है। जानकारों की मानें तो सुनवाई की तिथि ईद के आसपास अथवा उसके बाद मिल सकने की बात कही जा रही है।

### 559 अनुदानित मदरसों का भविष्य दांव पर

उप्र में 559 अनुदानित मदरसे हैं। वहीं गैर अनुदानित मदरसों की संख्या हजारों में है। ऐसे में हजारों की संख्या में शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी अब तक मदरसों में कार्यरत रहे हैं। यदि हाईकोर्ट का आदेश प्रभावी हो जाएगा तो मदरसों के साथ- साथ शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भविष्य भी संकट में आ सकता है।

### 33 हजार से अधिक शिक्षक हैं कार्यरत

यूपी मदरसा बोर्ड में अब तक 33 हजार 692 शिक्षक कार्यरत रहे हैं। इसमें 13 हजार 329 मान्यता प्राप्त मदरसों में कार्यरत हैं। वहीं 560 एडेड मदरसों में इनकी संख्या 9646 है। इसमें शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी सम्मिलित हैं।

### मदरसा संगठन एकजुट

मदरसा संगठन के जिम्मेदारों ने बीते दिनों अमृत विचार से बातचीत करते हुए कहा था कि वे लोग सुप्रीम कोर्ट में अपनी गुहार लगाएंगे। इसी को लेकर टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव दीवान साहब जमा और ऑल इण्डिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया के महासचिव वहीदुल्ला खां सईदी सहित अन्य पदाधिकारी दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने एक नामचीन वकील से मिलकर अदालती कार्रवाई को अंतिम रूप दिया।


सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को मोमेंटो भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### डीजीपी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को भेंट किया मोमेंटो

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस अधीक्षक रमाकांत प्रसाद एवं पुलिस उपाधीक्षक नरसिंह नारायण सिंह को सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें मोमेंटो भेंट किया एवं सेवा काल में किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान उक्त तीनों अधिकारियों के साथी पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस कर्मियों ने अपने-अपने अफसरों को भावुक विदाई दी।

# लोकसभा चुनाव स्वार्थी परिवार और मोदी परिवार के बीच : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ की चुनावी रैली में कहा कि यह चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है, बल्कि उन लोगों को फिर से सही जगह दिखाने का मौका है, जिन लोगों ने सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया है। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फस्ट, माफियाराज बनाम कानूनराज, भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस, तुष्टिकरण बनाम सबका साथ-सबका विकास, स्वार्थ के परिवार बनाम मोदी के परिवार, जातिवाद बनाम गरीब कल्याण के बीच का है।


मेरठ में आयोजित रैली में मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

▶▶ **प्रदेशवासियों ने सपा व कांग्रेस की सरकारों के समय कर्फ्यू की यातना को झेला**

उन्होंने कहा कि एक तरफ विकास को लेकर चलने वाली सरकार है तो दूसरी तरफ हजार षडयंत्र करने वाले नापाक गठबंधन के लोग तमाम तरह के भ्रम की आवाज पैदा कर रहे हैं। तय करना है कि कर्फ्यू चाहिए या कांवड़ यात्रा। योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों के अंदर काफी परिवर्तन हुआ है। कांग्रेस व सपा सरकारों के समय इस क्षेत्र ने दंगा पॉलिसी व कर्फ्यू की यातनाओं को झेला है। जब भी समाज को जाति और परिवारवादियों के माध्यम से बांटने की चेष्टा होगी तो उसका फायदा उठाकर दंगावादी-कर्फ्यूवादी लोग न केवल आजीविका पर प्रहार करेंगे, बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा पर प्रहार करेंगे, बल्कि विकास को बाधित करने का भी प्रयास करेंगे। आज एक तरफ भाजपा व सहयोगी दल पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए पूरी मुस्तैदी व मजबूती के साथ कार्य कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विभाजनकारी ताकतें परिवारवाद व जातिवाद के आधार पर सामाजिक तानेबाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य कर रही है।

### चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान

योगी ने कहा, किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना किसानों का सम्मान है। यूपी व देश का किसान इसके लिए मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। योगी ने आह्वान किया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपने एनडीए गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। एक बार फिर आपका आशीर्वाद 2024 में हमें प्राप्त हो। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषाद, सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओमप्रकाश राजभर, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, बागपत के सांसद सत्यपाल सिंह, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल, कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी, मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी चंदन चौहान, बागपत से राजकुमार सांगवान आदि मौजूद रहे।

# विद्युत में आत्मनिर्भर होंगी प्रदेश की पांच जेल, लगेंगे रूफटॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर में चल रहीं तैयारी**

**अमृत विचार :** प्रदेश के पांच कारागारों को अब बिजली का बिल नहीं अदा करना होगा। पांच कारागार जल्द ही विद्युत के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएंगे। इन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने जा रहा है। हैवी पावर के यह रूफटॉप पूरे कारागार को रोशन करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त विद्युत बनने की स्थित में बिजली विभाग को बेचेंगे भी। शासन ने प्रस्ताव स्वीकृति मिलने के बाद धन जारी करने का निर्देश भी दे दिया।

जिन कारागारों में सोलर रूफटॉप लगने हैं, उनमें लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, बरेली और गौतमबुद्धनगर के कारागार शामिल हैं। इसके लिए शासन द्वारा आठ करोड़ 36 लाख की धनराशि स्वीकृति की गई है। निर्देश के मुताबिक प्रत्येक कारागार में बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप लगने हैं। कारागारों में विद्युत की खपत भी बहुत है। ऐसी स्थित में करोड़ों रुपए का बिजली बिल जमा होता है। सोलर रूफटॉप लग जाने के कारण इन कारागारों में 24 घंटे अनवरत विद्युत सप्लाई भी रहेगी और बिल भी नहीं भरना होगा।

### एमएसएमई के तहत जेल में लगेगा वनस्पति घी प्लांट

केंद्रीय कारागार इटावा के कैदी अब अपने भोजन के लिए प्रयोग होने वाले वनस्पति घी का उत्पादन स्वयं करेंगे। जरूरत से अतिरिक्त होने की स्थित में वनस्पति घी की पैकेजिंग करेंगे और मार्केट में भी सप्लाई कराएंगे। इटावा केंद्रीय कारागार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए साढ़े 14 लाख रुपए की फंडिंग का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। धनराशि मिलने के बाद कारागार में प्लांट लगने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# संक्रामक रोग व हीट वेव से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** संक्रामक को नियंत्रित के लिए एक अप्रैल (सोमवार) से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। लक्ष्य है कि साल के अंत तक राज्य के 15 जिलों को मलेरिया मुक्त करना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ 12 अन्य विभाग अभियान में शामिल होंगे।

गर्मी की दस्तक देते हुए राज्य सरकार ने वेक्टरजनित और जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की सुविधा, विभिन्न स्थानों पर मौसम की जानकारी व तापमान का प्रकाशन करने के निर्देश दिए गये हैं। हीट वेव से बचाव संबंधी जानकारी का जनसामान्य में प्रचार प्रसार किया जाये।

# चिकित्सीय कार्यक्रमों में शराब नहीं पी सकेंगे डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से देशभर में जारी हुए दिशा-निर्देश**

**अमृत विचार:** चिकित्सा क्षेत्र में होने वाली कार्फ्रेस, सेमीनार, सीएमई या अन्य पार्टियों में डॉक्टर खुलेआम शराब का सेवन नहीं कर सकेंगे। क्लीनिक्स व कॉकटेल पार्टियों से परहेज कर, जनसामान्य को शराब व तम्बाकू आदि उत्पादों से होने वाले नुकसान से जागरूक करेंगे। यह निर्देश रविवार को दिल्ली से स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.अतुल गोयल ने जारी किये हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने निर्देश में स्पष्ट किया है कि शराब व तम्बाकू आदि संबन्धित उत्पाद जनसामान्य की सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। इनके सेवन से लिवर सिरोसिस, कैंसर, हेमोरेजिक स्ट्रोक आदि गंभीर बीमारियां बढ़ रहीं हैं। 63 प्रतिशत लोगों की मौत गैर संचारी (नॉन कम्यूनिकेबिल डीजीज) से हो रही है। इन कारणों से हो रही मौतों की रोकथाम के लिए शराब व अन्य संबन्धित उत्पादों से नुकसान के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। इसके लिए चिकित्सा स्वास्थ्य से जुड़े लोगों को आगे आना होगा। डॉ.अतुल गोयल कहा कि पहले चरण में डॉक्टरों को आगे आना होगा। उन्हें स्वस्थ दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा। चिकित्सकों के बाद, स्वास्थ्य क्षेत्र से संबद्ध दूसरे संवर्ग के लोगों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन लखनऊ शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ.पीके गुप्ता ने केन्द्रीय मंत्रालय का कदर सराहनीय है। ये अच्छा प्रयास है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सक को समाज में आदर्श माना जाता है। चिकित्सक संवर्ग व्यसनों से दूर होगा तभी समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लोगों की शराब से दूरी बढ़ेगी।

# ओवैसी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने रविवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर प्रदेश में तीसरे मोर्चे पीडीएम का एलान किया है। पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित और मुसलमान न्याय मोर्चा। इस मोर्चे में अन्य की छोटे दल भी जुड़े हैं।

यह तीसरा मोर्चा इंडिया गठबंधन और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए के जवाब में रविवार को होटल क्लार्क अवध में लांच किया गया। इस अवसर पर अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने कहा कि पिछड़ा समाज, दलित और मुसलमान समाज, जिसका दमन किया जा रहा है, जिसके सम्मान पर कुठाराघात किया जा रहा है। सरकार और मुख्य विपक्ष के खिलाफ हम ये पीडीएम न्याय मोर्चा लेकर आए हैं। पल्लवी पटेल ने कहा कि जब तक पीडीएम को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक सामाजिक न्याय की लड़ाई पूरी नहीं होगी। इस दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पल्लवी पटेल के एक एक शब्द के साथ हूं। ये साथ पार्लियामेंट तक ही नहीं, उसके आगे भी साथ रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के अध्यक्ष प्रेमचन्द बिंद ने कहा कि आज प्रदेश और देश की जनता को एक न्याय विकल्प दे रहे हैं। भारत और उप्र. में पिछड़े, अतिपिछड़े और दलितों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। अब एनडीए और इंडिया को हराएंगे। राष्ट्र उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबू राम पाल ने कहा कि पीडीएम का गठन वंचित, शोषित समाज के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए हुआ है।


तीसरे मोर्चे के गठन के दौरान असदुद्दीन ओवैसी, पल्लवी पटेल व कृष्णा पटेल। अमृत विचार

▶▶ **प्रदेश में बना तीसरा मोर्चा, पीडीए के जवाब में पीडीएम का एलान**

### 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी

विधायक पल्लवी की असदुद्दीन ओवैसी से हाथ मिलाकर 40 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी है। राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर समाजवादी पार्टी व अपना दल कमेरावादी की पल्लवी के बीच खटास हुई थी। सपा ने जया बच्चन, रामजीलाल सुमन व आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाया था, पल्लवी इसी बात से नाराज थीं।

### सीबीआई अदालत ने सुनाई चार वर्ष की सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने रेलवे को हानि पहुंचाने से जुड़े एक मामले में आरोपी राजेश कंसल को चार वर्ष की कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। इससे पूर्व, न्यायालय ने इसी मामले में आरोपी सहायक लेखाकार एनईआर, अजय तिवारी एवं राजेश गुप्ता को 21 मार्च 2024 को दोषी ठहराया था एवं प्रत्येक को सात वर्ष की कारावास के साथ 65 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। आरोपी राजेश कंसल को बाद में यानी अब दोषी ठहराया गया व सजा सुनाई गई, क्योंकि उनके विरुद्ध आरोपों की फाइल अलग कर दी गई थी। आरोप के मुताबिक राजेश कंसल ने अन्य आरोपी लोक सेवकों एवं बाहरी व्यक्तियों के साथ मिलकर फर्जी खरीद आदेश, बिल आदि के आधार पर रेलवे को 2,55,285 रुपए की हानि पहुंचाई तथा आरोपी को तदनुरूप लाभ पहुंचा। सीबीआई ने 28 मई 1998 को मामला दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 11 अक्टूबर 1999 को आरोप पत्र दायर किया। आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध पहली मई 2002 एवं सात मार्च 2015 को आरोप तय किए गए थे। राजेश कंसल के विरुद्ध अलग से मुकदमें की कार्रवाई के दौरान 16 गवाहों से परीक्षण किया गया।

### आरोग्य मेले में 4,793 गोल्डन कार्ड वितरित

**अमृत विचार, लखनऊ:** रविवार को संपन्न 142 वें आरोग्य मेलें में एक करोड़ 67 लाख 416 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया, इनमें से 1294 गंभीर रोगियों को उच्च अस्पतालों में रेफर किया गया।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि मेलें में 10,359 बुखार के मरीज आये, जिनमें से 3236 रैपिड टेस्ट किये गये, तीन मलेरिया के रोगी मिले। डेंगू व कोविड केस की संख्या नगण्य रही। इसके अलावा मेले में 4793 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये।

# पॉली क्लीनिक में होगी पशुओं की डायलिसिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **राजकीय पशु चिकित्सालय में खरीदी गई मशीन**

**अमृत विचार :** राजधानी के राजकीय पशु चिकित्सा पॉली क्लीनिक में जल्द पशुओं की डायलिसिस की जाएगी। इसके लिए पशु पालन विभाग ने हाईटेक मशीन खरीदी है। ये मशीन गुर्दे की बीमारियों का पता भी लगाएगी। प्रदेश के पशु चिकित्सालयों में यह पहली मशीन है।

पशु पालन निदेशालय बादशाहबाग स्थित पॉली क्लीनिक में गुर्दे की बीमारी संबंधित दो से चार पशु रोजाना आते हैं। यहां बीमारी का पता लगाने और डायलिसिस सुविधा नहीं थी। अब विभाग ने 19 लाख रुपये से हाईटेक मशीन खरीदी ली है। ये मशीन गुर्दे की बीमारी का पता लगाने के साथ डायलिसिस भी करेगी। मशीन में अन्य छोटी मशीन खून संबंधित अन्य जांच करेगी।

अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा ने बताया कि कुछ बड़े शहरों में निजी चिकित्सकों के 12 से 15 हजार रुपये लेकर डायलिसिस की जाती है। पाली क्लीनिक में मशीन इंस्टॉल की जा रही है। जल्द ही शासन से शुल्क निर्धारित किया जाएगा। शुल्क निजी चिकित्सालयों से काफी कम होगा।

### कांग्रेस ने यूपी के लिए घोषित किए 40 स्टार प्रचारक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित किए हैं। प्रचारकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी प्रियंका गांधी समेत पार्टी के अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। अन्य प्रचारकों में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना', सलमान खुर्शीद, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, सुखबीर सिंह सुक्खू, डीके शिवाकुमार, अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरीश रावत, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, राजीव शुक्ला, इमरान प्रतापगढ़ी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, रंजीत रंजन, प्रदीप जैन आदित्य, निर्मल खत्री, राज बब्बर, बृजलाल खाबरी, अजय कुमार लल्लू, पीएल पुनिया, इमरान मसूद, मीम अफजाल, नदीम जावेद, सुप्रिया श्रीनेत, धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, तौकीर आलम, राजेश तिवारी, सत्यनारायण पटेल, नीलांशु चतुर्वेदी व अल्का लांबा शामिल हैं।

# लोस चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **मतदान केंद्रों पर तैनात होंगे अर्धसैनिक बल**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों पर मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। आयोग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों को समुचित तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 52,64,709 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 31,97,936 व निजी स्थानों से 20,66,843 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,47,513, पोस्टर के 14,89,805, बैनर के 9,22,797 व अन्य 4,37,821 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,65,564, पोस्टर के 9,46,764, बैनर के 5,30,407 व अन्य 3,24,108 मामलों में कार्रवाई की गई है।

अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 645 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,248 मामलों में कार्रवाई की गई है। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 24 एफआईआर दर्ज कराई गई है। दो एनसीआर सहित कुल 26 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### मतदान के लिए लोगों को जागरूक करेगा रेलवे

**अमृत विचार :** प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेलवे लोगों को जागरूक करेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों को रेलवे का सहयोग लेने का निर्देश दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस बार चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए रेल मंत्रालय का भी सहयोग लिया जा रहा है। अधिक से अधिक मतदान के लिए आयोग ने भारतीय रेलवे के विशाल बुनियादी ढांचे का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रेल मंत्रालय के माध्यम से जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उनमें मतदाता जागरूकता पर पूर्व-रिकॉर्ड की गई घोषणाओं को चलाना और पात्र मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों के डिस्प्ले पर मतदाता जागरूकता टीवीसी फिल्में चलाना, प्रमुख रेलवे स्टेशनों के सभी प्रमुख स्थानों पर मतदाता जागरूकता पोस्टर का प्रदर्शन व महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग लगाए जाएंगे। इसके साथ ही राजधानी, शताब्दी, दुरंतो एक्सप्रेस आदि ट्रेनों जिनमें सार्वजनिक संबोधन प्रणाली है, इनमें ट्रेन के आरंभिक स्टेशन व मध्यवर्ती स्टेशन से ट्रेन के प्रस्थान और आगमन के समय पूर्व रिकॉर्डेड घोषणाएं चलाई जा सकती हैं। आईआरसीटीसी द्वारा जारी इलेक्ट्रॉनिक आरक्षण पर्ची (ईआरएस) ई-टिकटों में फुटनोट स्ट्रिप बैंड के रूप में सामग्री शामिल करना, रेलवे व आईआरसीटीसी वेबसाइटों पर टैगलाइन लोगो प्रदर्शित करना भी शामिल है।

# मोहनलालगंज से राजेश होंगे बसपा प्रत्याशी


बैठक के दौरान मोहनलालगंज प्रत्याशी राजेश कुमार का स्वागत करते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **बैठक में मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प**

**अमृत विचार:** बसपा ने मोहनलालगंज सीट पर राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को प्रत्याशी घोषित किया है। यह घोषणा रविवार का प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल और मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने पदाधिकारियों की बैठक में की। इस मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने बसपा प्रमुख मायावती को लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

आशियाना स्थित मंडलीय बसपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि मोहनलालगंज प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संवाद करेंगे। अधिक से अधिक मतदान बसपा के पक्ष में कराने का प्रयास करेंगे। मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर ने प्रदेश में भाजपा और सपा द्वारा दलित वर्ग के साथ की जा रही ज्यादती का जिक्र करते हुए कहा कि बसपा ही है तो हर वर्ग का हित रखती है और राजनीति में सोशल इंजीनियनियरिंग के फार्मूले को स्थापित किया है। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा प्रत्याशी राजेश कुमार द्वारा पुष्प हार पहना कर स्वागत भी किया गया।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
— A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC —
जोड़ प्रत्यारोपड सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency



**21वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:24 बजे
इफ्तार : 6:35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:31 बजे
इफ्तार : 6:26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- लाल बहादुर शास्त्री गन्ना संस्थान बटलर रोड पर आर्यावर्त बैंक का स्थापना दिवस–10:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में पांच दिवसीय अवध महोत्सव –6:00 बजे।
- राम मनोहर लोहिया पार्क के साहित्यगंधा के तत्वावधान में हास्य व्यंग्य उत्सव लंतरानी का आयोजन– 6:00 बजे।
- रवीन्द्रालय में रंगभारती की ओर से हास्य कवि सम्मेलन घोंघा बसंत का आयोजन – 7:00 बजे।
- गांधी भवन में साहू समाज जिला लखनऊ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह –7:00 बजे।

## एक नजर

### डालीगंज में खरीदें सस्ती दवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज में फैजाबाद रोड पर सस्ती दवा का जेनेरिक स्टोर खुल गया है। रविवार को युवा उद्यमी अभिषेक खन्ना ने दवा इंडिया स्टोर की शुरुआत की। स्टोर का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शुक्ला ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर दवा इंडिया के स्टेट हेड मोहम्मद गुलजार और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एक आईडी पर सीवर, जल और गृह कर जमा करने पर फंसा पेंच

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गृहकर के साथ जलकर और सीवर टैक्स एक अप्रैल से नगर निगम द्वारा लेने के कार्यकारिणी बैठक में हुए निर्णय पर पेंच फंस गया है। एक अप्रैल से यह नई व्यवस्था शुरू नहीं हो पाएगी। जलकल विभाग का शासनादेश अलग है। इसलिए नगर निगम को शासन से इसकी अनुमति लेनी पड़ेगी। जल्द ही नगर निगम शासन को प्रस्ताव भेजकर अनुमति लेगा।

जलकल महाप्रबंधक की कार्यशैली से नाराज महापौर सुषमा खर्कवाल ने 16 मार्च को नगर निगम कार्यकारिणी बैठक बुलाई थी।



- शासन से अनुमति मिलने के बाद नगर निगम शुरू करेगा नई व्यवस्था
- 16 मार्च को कार्यकारिणी बैठक में हुआ था निर्णय

जिसमें एक अप्रैल से एक ही आईडी पर गृहकर और जलकर व सीवर टैक्स जमा करने और जलकल विभाग की बैलेंस सीट नगर निगम में मर्ज करने का निर्णय लिया गया था।

> जल्द ही शासन से अनुमति ले ली जाएगी। इसके बाद इस व्यवस्था को लागू कर दिया जाएगा। इससे भवन स्वामियों को एक ही जगह गृहकर, जलकर और सीवर कर जमा करने की सुविधा मिल जाएगी।
>
> –इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

इसके लिए सॉफ्टवेयर में भी बदलाव किया जाना है।

साथ ही शासन से भी अनुमति लेनी आवश्यक है। लेकिन नगर निगम के अधिकारी इसका प्रस्ताव तक नहीं तैयार कर पाए हैं। यह व्यवस्था लागू होने से भवन स्वामियों को सहूलियत होगी। गृहकर, जलकर व सीवर कर सीधे नगर निगम में जमा कर सकेंगे।

### महापौर के निशाने पर थे जलकल महाप्रबंधक

जलकल महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्या की तैनाती के बाद से ही महापौर सुषमा खर्कवाल के निशाने पर थीं। जिससे दोनों के बीच बैठक में कई बार विवाद हो गया था। पार्षद भी महाप्रबंधक की शिकायत कर रहे थे। महापौर ने उन्हें बैठक से भी निकाल दिया था। गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए महापौर ने 16 मार्च को कार्यकारिणी बैठक बुलाई थी। तैयारी के साथ न आने पर महापौर ने जलकल महाप्रबंधक को बैठक से निकाल दिया था। इसके बाद बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

## नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी की तो उठा लेगी पुलिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के खाली स्थानों पर बेतरतीब वाहनों को खड़ा करने वाले वाहन चालकों पर आज से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हजरतगंज, लोहिया पथ समेत 45 स्थानों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने पर वाहन जब्त कर लिए जाएंगे। जुर्माना भरने के बाद ही वापस मिलेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि सोमवार से नए स्थलों पर नो पार्किंग जोन व्यवस्था प्रभावी कर दी जाएगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि अवैध पार्किंग में लगे वाहनों को उठाने वाली सभी क्रेन में लाइव रिकॉर्डिंग कैमरे लगे हैं। ये कैमरे कंट्रोल रूम से इंटीग्रेटेड (एकीकृत रूप से जुड़े हुए) हैं। वाहनों को उठाते समय लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग को कंट्रोल रूम को भेज दिया जाएगा। क्रेन के साथ पहुंचने वाले टीआई, टीएसआई व कांस्टेबल वाहन मालिक की फोटो खींचने के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे ताकि कोई वाहन गलत तरीके से उठाने का आरोप न लगा सके। वाहनों को उठाने से पूर्व एनाउंसमेंट करके वाहन मालिकों को चेतावनी दी जायेगी।



अकबरनगर में आयोजित शिविर में पंजीकरण कराने पहुंचे विस्थापित। अमृत विचार

# नोटिस 1,200 को 1,700 ने कराया आवास पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अकबरनगर के विस्थापितों को एलडीए एक सप्ताह में देगा घर
- सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद एलडीए चलाएगा बुलडोजर

**अमृत विचार :** अकबरनगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगाये गए शिविर में आवास के लिए 1,700 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया है। जबकि एलडीए ने 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स को नोटिस दी थी। जिन विस्थापितों को एलडीए नोटिस जारी कर चुका है उन्हें एक सप्ताह में आवास आवंटित किये जाएंगे। नोटिस न होने के बावजूद पंजीकरण कराने पहुंचे विस्थापितों का एलडीए सत्यापन कराएगा। इसमें देखा जाएगा कि आवेदक अकबरनगर का ही निवासी हो। इसके बाद पात्र लोगों को ही एलडीए प्रधानमंत्री आवास देगा। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कुकरैल बंधे और नदी पर अवैध तरीके से बने कुल 1,200 मकान, दुकान, शोरूम और कॉम्प्लेक्स को ध्वस्तीकरण की नोटिस दी थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एलडीए ने अकबरनगर में शिविर लगाकर विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए पंजीकरण कराया है। 31 मार्च को पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि थी। 1700 लोगों द्वारा पंजीकरण कराने से एलडीए के सामने समस्या खड़ी हो गयी है। इसमें कई लोग ऐसे हैं जो कच्चे मकान या झुग्गी डालकर रह रहे थे। इन्हें एलडीए ने नोटिस नहीं दी थी।

### अंतिम दिन 497 विस्थापितों ने कराया पंजीकरण

शिविर के अंतिम दिन रविवार को 497 विस्थापितों ने आवास के लिए फार्म भरे। अकबरनगर प्रथम के 414 एवं अकबरनगर द्वितीय के 83 विस्थापितों ने दस्तावेज के साथ 1,000 रुपये शुल्क जमा कराकर आवास के लिए पंजीकरण कराया है।

# अकासा की आठ उड़ानों से 1,200 ने किया सफर

## चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन से परिचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय (सीसीएसआई) हवाई अड्डे के नवनिर्मित नए एकीकृत टर्मिनल 3 ने परिचालन शुरू कर दिया। रविवार को अकासा एयर की आठ घरेलू उड़ानों से 1,200 यात्रियों ने सफर किया। टर्मिनल तीन 2,400 करोड़ रुपये से बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रिमोट और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में 10 मार्च को टर्मिनल का उद्घाटन किया गया। टर्मिनल के बन जाने से यात्रियों की क्षमता प्रतिवर्ष 1.3 करोड़ बढ़ जाएगी।

रविवार को हवाई अड्डे पर लखनऊ से बेगलुरु के लिए पहली उड़ान क्यूपी1526 के माध्यम से यात्रा करने वाले यात्रियों को केक काटकर और उपहार देकर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट ने पहली फ्लाइट से आने वाले यात्रियों को भी उपहार दिए।



टर्मिनल तीन पर केक काटकर परिचालन शुरू करते कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

- प्रतिवर्ष 1.3 करोड़ बढ़ जाएगी यात्रियों की क्षमता

अकासा एयर ने आने और जाने वाली दोनों उड़ानों को लगभग 100 प्रतिशत लोड फैक्टर के साथ संचालित किया। एयरलाइन ने दो बेंगलुरु और एक मुम्बई के लिए उड़ान संचालित की। इसके अलावा बेंगलुरु के लिए चार्टर्ड उड़ान का भी संचालन किया।

सीसीएसआई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि हवाई अड्डे के रास्ते पर 50 से अधिक ग्राहक सेवा सहयोगियों और साइनेज को तैनात किया है। जिससे अकासा एयरलाइंस के सभी यात्री अपनी उड़ान के लिए समय पर टर्मिनल 3 पर पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे ने टर्मिनल दो से इंडिगो एयरलाइन की भोपाल के लिए एक एनई उड़ान का भी उद्घाटन किया।

# अधिक दाम में दी पानी की बोतल, दुकानदार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज कोतवाली में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री एपी सिंह ने सतगुरु किराना स्टोर के संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महामंत्री ने दुकानदार पर पानी की बोतल के निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये लेने का आरोप लगाया है।

- हजरतगंज कोतवाली में सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री ने दी तहरीर

तहरीर में अधिवक्ता अमरेश पाल सिंह ने बताया 15 मार्च को सेंट्रल बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह था। इसके लिए हजरतगंज स्थित सतगुरु किराना स्टोर से 500 एमएल पानी बोतलों की दो पेटियां खरीदी थी। 60 बोतलों के एवज में 2900 रुपये लिए, जबकि बोतल पर 40 रुपये मूल्य पड़ा था। व्यापारी ने 500 रुपये ज्यादा लिए और बिल गलत दिया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि दुकानदारी पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 21वीं रमजान पर कई मार्गों पर रहेगा डायवर्जन, जानें से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 21वीं रमजान पर सोमवार को जुलूस रौजा-ए-नजफ रुस्तमनगर निकलेगा। यह जुलूस तड़के 4 बजे से निकाला जाएगा।

डीसीपी सलमान ताज पाटिल ने बताया कि कार्यक्रम समाप्त होने तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डायवर्जन लागू किया गया है।

- यातायात संबंधित परेशानी होने पर कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 पर कर सकते हैं सम्पर्क

जुलूस वाले रूट से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। यातायात से संबंधित परेशानी होने पर कंट्रोल रूम के नंबर 9454405155 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### यहां रहेगा मार्ग परिवर्तन

- रोजा-ए-काजमैन (टापे वाली गली) तिराहे से वाहन नजफ इमामबाड़ा, कल्लू होटल तिराहा, मंसूर नगर तिराहा की तरफ से आने वाले वाहन गिरधारी सिंह इंटर कालेज होकर टुडियागंज की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सआदतगंज थाना तिराहे से चौपटिया होकर जाएंगे।
- नक्खास तिराहे से टुडियागंज तिराहा, बाजारखाला, हैदरगंज तिराहे की ओर से आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग नक्खास तिराहे से बांए रकाबगंज पुल या मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) होकर तय किया गया है।
- रकाबगंज पुल चौराहे से नक्खास की ओर आवागमन बंद रहेगा। इस रूट के वाहन मेडिकल कालेज चौराहे या नाका चौराहे होकर जाएंगे।
- टुड़ियागंज तिराहे से गिरधारी सिंह इंटर कालेज, मसूर नगर, कल्लू होटल तिराहा या बाजार खाला, हैदरगंज तिराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग नक्खास तिराहे मेडिकल क्रास (कमला नेहरू क्रॉसिंग) या रकाबगंज पुल होकर निर्धारित है।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से टुडियागंज तिराहा, नक्खास या बुलाकी अड्डा तिराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग ऐशबाग होकर तय किया गया है।
- बुलाकी अड्डा तिराहे से हैदरगंज तिराहा या मिल एरिया तिराहे की ओर आवागमन बंद रहेगा। इन रूट के वाहन टिकैत राय तालाब व राजाजीपुरम होकर निकाले जाएंगे।
- मिल एरिया तिराहे से बुलाकी अड्डा या एवरेडी तिराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग मीना ब्रेकरी, ई-ब्लॉक राजाजीपुरम होकर निर्धारित किया गया है।
- एवररेडी तिराहे से मिल एरिया या विक्रम कार्टन मिल तिराहे की ओर आवाजाही बंद रहेगी। इस रूट के वाहन भूसा मंडी, मवैया, आलमबाग होकर जाएंगे।
- भूसा मंडी तिराहे से एवररेडी तिराहे की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग मवैया या ऐशबाग रोड होकर तय किया गया है।
- विक्रम काटन मिल तिराहे से एवररेडी या कर्बला तालकटोरा की ओर कोई वाहन नहीं जा सकेगा, वैकल्पिक मार्ग लंगड़ा फाटक ओवरब्रिज, सूर्य नगर राजाजीपुरम होकर तय किया गया है।
- ई-ब्लाक राजाजीपुरम तिराहे से वाहन कर्बला तालकटोरा की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आलमनगर रोड या सूर्यनगर, लगड़ा फाटक ओवरब्रिज होकर तय किया गया है।
- आलमबाग से लगड़ा फाटक, ओवरब्रिज ढाल तिराहे से विक्रम कार्टन मिल, एवररेडी तिराहे नहीं जा सकेंगे। इन रूट के वाहनों के लिए सूर्यनगर, आलमबाग वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है।
- मवैया तिराहे से मवैया ओवरब्रिज की ओर से एवरेडी तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग आलमबाग, नाका होकर तय किया गया है।

# नगर निगम ने जमा कराया 657 करोड़ रुपये टैक्स

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम ने पहली बार कर करेत्तर के वसूली का लक्ष्य हासिल कर लिया है। देर शाम तक नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 657 करोड़ रुपये टैक्स वसूला है। इसमें गृहकर का 421 करोड़ रुपये और कर करेत्तर का 236 करोड़ रुपये शामिल है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम ने कुल 473 करोड़ रुपये टैक्स जमा कराया था। जिसमें गृहकर से 338 करोड़ और कर करेत्तर से 134 करोड़ रुपये आय प्राप्त की थी। जनवरी से मार्च के बीच नगर निगम ने लगभग 154 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया है। कर करेत्तर से 113 करोड़ रुपये जमा कराए।

वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने के अंतिम दिन रविवार को नगर निगम के जोनल कार्यालय और कैश काउंटर रात 12 बजे तक खुले रहे। गृहकर व कर करेत्तर की वसूली के लिए नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और जोनल अधिकारी अपने कार्यालयों में मौजूद रहे।

- 421 करोड़ गृहकर और 236 करोड़ रुपये कर करेत्तर से मिले

**आज से गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत छूट :** वित्तीय वर्ष 2024-25 का गृहकर जमा करने पर सोमवार से 15 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट 30 जून तक मिलेगी। यह छूट पाने के लिए पिछला टैक्स बकाया नहीं होना चाहिए। अभी तक नगर निगम गृहकर जमा करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत छूट देता था। महापौर की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया था। इससे अधिक से अधिक भवन स्वामी अपना गृहकर समय से जमा करेंगे।



अवकाश के दिन रविवार को नगर निगम कार्यालय में काम करते कर्मचारी। अमृत विचार

### सरकारी काम के लिए खुले रहे बैंक

**लखनऊ :** रविवार का अवकाश होने की बावजूद भी बैंक खुले रहे क्योंकि वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन था। आज के दिन सरकारी कामकाज हुए जैसे ट्रेजरी का और सरकारी वित्तीय लेनदेन के जो संबंधित कार्य थे वह सारे काम बैंकों में हुए लेकिन प्राइवेट किसी प्रकार कोई काम नहीं हुआ आम नागरिकों के लिए आज कोई भी कार्य नहीं हुआ। बैंकों में सरकारी कार्य जितने भी थे उनसे रिलेटेड बैंकों में सरकारी कार्य हुए। एसबीआई मुख्य शाखा के प्रबंधक अनुराग अस्थाना ने बताया कि आज बैंक तो खुले थे लेकिन बैंकों में सिर्फ सरकारी कार्य हुए ना कि किसी प्रकार का निजी लेनदेन हुआ सामान्य लोगों की आवाज यहीं पर आज निषेध था और सिर्फ सरकारी काम जैसे ट्रेजरी या सरकारी का लेनदेन जो भी कार्य था वही सब हुए हैं।

### अंतिम दिन कोषागार से पास हुआ 350 करोड़ का बिल



**लखनऊ :** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रविवार को देर रात को कोषागार खुला रहा। अधिकारियों के मुतिबक रात नौ बजे करीब 350 करोड़ रुपये के 1200 बिल पास किए गए। अधिकारियों के मुताबिक इस बार पहले ही बिल पास हो गए थे। इसी वजह से आखिरी दिन ज्यादा दबाव नहीं था। लगभग 1200 बिल ही थे। जिन्हें रात नौ बजे तक पास कर दिया गया। लगभग 350 करोड़ रुपए का ही बिल पास हुआ है।

**अंतिम दिन हुई 61 रजिस्ट्री :** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन सभी निबंधन कार्यालय खुले थे। लेकिन, रजिस्ट्री कराने वाले ज्यादा लोग नहीं आए। अंतिम दिन 61 सम्पत्तियों का ही रजिस्ट्री हुई। इससे विभाग को 76.91 लाख रुपए की ही आय हुई।

## रविवार को खुले रहे बिजली कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रविवार को भी राजधानी के सभी बिजली कार्यालय खुले रहें। इस दौरान बकाये बिल का समायोजन किया गया। वहीं, उपभोक्ताओं के समस्याओं का निस्तारण हुआ। उपकेंद्र पर विभागीय अधिकारी मौजूद रहें। सरोजनीनगर, बीकेटी चिनहट, नादरगंज, आशियाना, बंगला बाजार, महानगर, निशातगंज, निराला नगर, कपूरथला सहित शहर के सभी उपकेंद्र दिनभर खुले रहे। बकायेदारों से बिल की वसूली के लिए कर्मचारी उपभोक्ताओं के घर भेजे गए।अधिकारियों ने गलत बिल को ठीक करने से लेकर प्रीपेड मीटर की तकनीकी खामियों को दूर किया। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन होने के कारण यूपीपीसीएल के सभी विद्युत वितरण निगमों के कार्यालयों आज खुले रहे। सभी कार्यालय देर रात तक काम करते रहें।

## 35 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है हवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और उसके आसपास मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते एक माह के भीतर कभी बारिश तो कभी तेज धूप का असर देखने को मिला। आने वाले दिनों में बारिश की संभावनाएं कम हैं। हालांकि, दो दिनों में दिन के समय में 25 से 35 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावनाएं बन रहीं हैं। लखनऊ और निकट के जनपदों में तापमान में वृद्धि का असर देखने को मिलेगा। रविवार को चली हल्की हवाओं के बावजूद दिन में तेज धूप से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह की मुताबिक, पहली और दूसरी अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावनाएं हैं। दिन के समय में कुछ क्षेत्रों में 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके बाद 4 और 5 अप्रैल को मौसम पूरी तरह से शुष्क रहेंगा। उस अवधि में तेज हवा चलने की संभावनाएं कम हैं।

# छह माह में सोने ने निवेशकों को दिया चौंकाने वाला लाभ

## 12,000 रुपये प्रति तोले का फायदा, मार्च माह में ही करीब चार हजार रुपये प्रति 10 ग्राम का मुनाफा

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** न सहालग है और न ही तीज त्योहार। बावजूद इसके पीली धातु सर्राफा बाजार में अपनी चमक बिखेरे हुए है। रोज नए आयाम गढ़ता सोना अब 70,500 रुपये प्रति तोला (प्रति 10 ग्राम) पहुंच गया है।

कारोबारी कह रहे हैं कि वैश्विक पटल के हाल देख कहा जा सकता है कि बाजार में स्वर्ण धातु की चमक फिलहाल अभी कम होने वाली नहीं है। बीते छह माह का तुलनात्मक भाव देखा जाए तो सोने में निवेश करने वालों को 12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का सीधा लाभ हुआ है। मार्च माह की शुरुआत का रेट करीब 66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो अब बढ़कर 70,500 हो गया है।

यानी मार्च के एक माह से कम अवधि के बीच ही पीली धातु ने चार हजार रुपये प्रति 10 ग्राम का रिटर्न फायदा दिया है। वैश्चिक परिस्थितियों में होती उथल-पुथल से सोना निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। इसमें तीन फीसद जीएसटी जुड़ी हुई है।



- अक्टूबर 2023 के प्रथम सप्ताह में 58,500 रुपये में था सोना, 31 मार्च को बढ़कर हो गया 70,500 रुपये प्रति 10 ग्राम

| माह | वर्ष | सोना 24 कैरेट रुपये प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| अक्टूबर | 2023 | प्रथम सप्ताह– 58,500 |
| जनवरी | 2024 | प्रथम सप्ताह– 64,500 |
| 31 मार्च | 2024 | 70,500 |

नोट : आंकड़ा इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन इब्जा के नार्थ इंडिया हेड द्वारा दिया गया है।

> छह माह में सोने की कीमतों ने चमत्कारी उछाल भरी है। करीब 12,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का मुनाफा उपभोक्ताओं या निवेशकों को हुआ है। लगातार इजाफा जारी है। फिलहाल वैश्विक हालात साफ बता रहे हैं कि अभी कीमतों पर ब्रेक लगने वाला नहीं है। अगर कीमतों में ब्रेक न लगा तो पीली धातु रिकार्ड बनाएगी।
>
> –हरिओम रस्तोगी, सर्राफा कारोबारी

> आमतौर पर आज का युवा वर्ग मोबाइल, तकनीकी चीजों पर निवेश की ओर ज्यादा ध्यान देता है, लेकिन ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमतों का उछाल युवाओं को रास्ता दिखा रहा है कि वह इसमें अपना निवेश कर सकते हैं। जो न केवल सबसे ज्यादा फायदा देने वाला है, बल्कि सुरक्षित भी है। जब चाहें इसे कैशकर नकदी कहीं भी हासिल कर सकते हैं।
>
> –सिद्धार्थ जैन, चौक सर्राफा एसोसिएशन

> सोने की कीमतों की गति रुकती नहीं दिख रही है। रोज भाव में तेज उछाल दर्ज हो रहा है। दिलचस्प यह है कि इस दौरान न तो सहालग है और न ही कोई तीज त्योहार। ऐसे में कीमतें निवेशकों का रुझान सीधे दर्शा रही हैं। तेजी कब रुकेगी, कहना मुश्किल है। कीमतें देख ग्राहकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ा है।
>
> –अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

> स्वर्ण की रफ्तार चौंकाने वाली है। 30 दिन भी पूरे नहीं हुए, लेकिन चार हजार रुपये प्रति तोला से अधिक की तेजी दर्ज हुई है। अप्रैल माह में सोना और चौंकाएगा। बाजार में भले ही अभी ग्राहक कम हैं, लेकिन स्वर्ण बाजार चढ़ती कीमतों से चमक रहा है। सहालग में इसकी कीमत और चढ़ेगी।
>
> –विनोद महेश्वरी, प्रदेश संयोजक, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन

एक नजर

## उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजेन्द्र प्रथम कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेन्स का आयोजन सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा से ही समाज में रचनात्मक बदलाव होगा। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन के एक प्रभावशाली उपकरण के रूप में प्रयोग करने का समय अब आ गया है। शिक्षा का तात्पर्य मात्र किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं है बल्कि भावी पीढ़ी को ऐसे विचार प्रदान करने की आवश्यकता है कि वे मानवता के उत्थान व विकास में अपनी ऊर्जा को खपा सकें। इस समारोह में न सिर्फ विद्यालय के छात्रों ने अथवा माताओं ने भी बड़े उत्साह से भागीदारी की।

# भाषा विवि में विदेशी छात्र भी कर सकेंगे पीएचडी

## विश्वविद्यालय में 18 विषयों में 96 सीटों पर कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** अब विदेश छात्र भी पीएचडी कर सकेंगे। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ये सुविधा देने जा रहा है। विवि के कुलपति का कहना है कि अभ्यर्थी सुपरवाइजर से परिचर्चा के बाद अपना आवेदन भाषा विश्विद्यालय में कर सकते हैं।

सत्र 2024-25 में भाषा विश्वविद्यालय ने इस बार 18 विषयों में 96 सीटों पर आवेदन मांगा है। विवि, इस बार विदेशी छात्रो को भी पीएचडी करने की सुविधा देने जा रहा है। कुलपति प्रो.एनबी सिंह के मुताबिक, विदेशी छात्रों को जिस विषय में शोध करना है, उसके लिए पहले सुपरवाइजर से बात करनी होगी। परिचर्चा के बाद ही वे आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को फुलटाइम और पार्ट टाइम की सुविधा भी दी जा रही है। पार्ट टाइम के लिए आवेदक का संस्थान में कार्यरत होना आवश्यक है। आवेदन में संस्थान की एनओसी भी लगेगी। पीएचडी तीन से छह वर्षों की समय सीमा में जमा होगी।

पीएचडी समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद बताते हैं कि अभ्यर्थियों को 15 अप्रैल तक आवेदन करने का समय दिया गया है। पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 11 मई को होगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र 25 अप्रैल तक मिल सकेंगे। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का परिणाम 20 मई को घोषित किया जाएगा।

**▸▸ अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र सहित अन्य विषय किए गए हैं शामिल**

**▸▸ 100 नंबर के आधार पर होगा आंकलन**

पीएचडी के लिए एडमिशन प्रक्रिया के अन्तर्गत रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट 70 नंबर की लिखित परीक्षा होगी। साक्षात्कार के लिए 30 नंबर निर्धारित किये गए हैं, इसके सहारे अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा शोध एवं विषयवार आधारित रहेगी। 90 मिनट की परीक्षा यूजीसी नियमों पर आधारित होगी।

**▸▸ इन विषयों को किया गया शामिल**

अंग्रेजी, आधुनिक यूरोपीय एवं एशियाई भाषा, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी-गणित विभाग, अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी - रसायन विज्ञान, अरबी, अर्थशास्त्र, ऊर्दू, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, , फारसी, यांत्रिक अभियांत्रिकी, वाणिज्य, व्यवसाय प्रशासन, शिक्षा शास्त्र, हिन्दी, शारीरिक शिक्षा और इतिहास।

# संस्कृत विवि में वार्षिकोत्सव आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वेद, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, बौद्धदर्शन, एमए पालि, शिक्षाशास्त्र और आधुनिक विषयों की शैक्षणिक वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में सोत्साह भाग ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कार 24 प्रतिभागियों ने, द्वितीय पुरस्कार 27 तथा तृतीय पुरस्कार 20 छात्रों ने प्राप्त किया। इसी क्रम में क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को भी पुरस्कृत किया गया। बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, लम्बी कूद, ऊंची कूद, खो- खो तथा दौड़ आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 31, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले वाले प्रतिभागियों की संख्या 29 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों की संख्या 06 रही एवं संपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन करने वाले दो खिलाड़ियों को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट व्याख्याता के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, व्याकरण विभाग के प्रोफेसर ब्रजभूषण ओझा ने छात्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्रो. सर्व नारायण झा निदेशक ने कहा कि यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि लखनऊ परिसर का एक छात्र आयुष मिश्र अखिल भारतीय स्तर पर नाटक कम्प्टीशन में सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया।

# रंगोली-गुब्बारों से सजेंगे स्कूल गेट पर होगा बच्चों का स्वागत

## संख्या बढ़ाने को स्कूलों में लगाया जाएगा प्रवेश मेला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 1 अप्रैल से शुरू हो जायेगा। बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पहले प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। विद्यालयों में रंगोली बनाकर, गुब्बारों, फूल-मालाओं से सजाया जाएगा। छात्र-छात्राओं का गेट पर तिलक लगाकर फूलमाला से स्वागत होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

बीएसए ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें दी जायेंगी। पुस्तक वितरण करते हुए सेल्फी भेजनी होगी। खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड व जोन के किसी एक विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेशोत्सव की शुरूआत कराएंगे। प्रवेशोत्सव की फोटो ग्रुप पर शेयर करेंगे। स्कूल की साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल व्यवस्था पर भी प्रधानाध्यापकों को नजर रखनी होगी।


नए शैक्षिक सत्र से पहले छात्र-छात्राओं को दिए गए रिपोर्ट कार्ड। अमृत विचार

**सीडीओ करेंगे नए सत्र की शुरुआत**

शैक्षिक सत्र 2024-25 की शुरूआत सीडीओ अजय जैन नगर क्षेत्र के जोन 3 में कंपोजिट विद्यालय बस्तौली सोमवार को प्रातः 9 बजे पहुंचकर बच्चों को निशुल्क किताबों के सेट प्रदान करेंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

**इस बार 10 प्रतिशत अधिक नामांकन का लक्ष्य :** इस बार प्रत्येक विद्यालय में पिछले वर्ष से 10 प्रतिशत अधिक नामांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रवेश मेले का आयोजन किया जायेगा। शिक्षकों के साथ खंड शिक्षा अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रवेश बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के अन्तर्गत रैली भी निकालनी होगी।



विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो जायेगा। बच्चों के स्वागत के लिए स्कूलों में इंतजाम किए गये हैं। इसके साथ ही सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों को आदेश दिया गया है कि प्रवेशोत्सव में चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए।

–राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लखनऊ

# प्राइवेट स्कूलों की मान्यता के लिए आज से खुलेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ नई गाइडलाइन के साथ शुरू होगी मान्यता की प्रक्रिया**

**अमृत विचार :** कक्षा 1 से 5 व कक्षा 6 से 8 तक के निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो जायेगी।

ऑनलाइन आवेदन के लिए http://rajkosh.prernaup.in पर जाना होगा। इस वेबसाइट पर जाने के बाद मान्यता सम्बन्धी शासनादेश, कक्षा कक्ष का मानक, एनबीसी अग्निशमन सहित सभी मानक एवं शर्तें वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। इसके साथ ही विद्यालय संचालित करने वाली संस्था सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत व नवीनीकृत होना चाहिए।

विद्यालय किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह अथवा एसोसिएशन को लाभ पहुंचाने के लिए संचालित नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय में उसके सुचारू रूप से संचालन के लिए उस विद्यालय के प्रबंधाधिकरण द्वारा पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे तथा जिन व्यक्तियों में अध्यापन के लिए ऐसे विद्यालयों को मान्यता दी गई हो उसके लिए बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्णित मानकों के अनुसार पर्याप्त सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

**विभाग की ओर से मान्य पाठ्क्रम ही होगा लागू**

मान्यता प्राप्त विद्यालय में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम या पाठ्य पुस्तकों से भिन्न पाठ्यक्रम में न तो शिक्षा दी जाएगी और न ही पाठ्य पुस्तकों का उपयोग किया जाएगा। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए prernahelp@gmail .com या 18001800666 पर संपर्क करना होगा।

**दिसंबर तक होंगे आवेदन**

आवेदन प्रकिया दिसंबर तक चलेगी। प्रत्येक आवेदन के बाद 10 से 15 दिनों पर खंड शिक्षा अधिकारियों कीओर से भौतिक सत्यापन किया जायेगा। हालांकि अभी आचार संहिता लगने के कारण आवेदन प्रक्रिया ही शुरू हो सकेगी लोकसभा चुनाव के बाद सभी आवेदनों का सत्यापन शुरू होगा।

## डाटा फीडिंग में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्र सरकार के यू डायस पोर्टल बच्चों का डाटा फीड करने में जिन सरकारी विद्यालयों में लापरवाही होगी वहां के प्रधानाध्यापकों पर अब कार्रवाई की जायेगी। ऐसे में डाटा फीडिंग में तेजी लानी होगी। इस संबंध में सभी शिक्षा विभाग की ओर से चेतावनी जारी करते हुए कहा गया है कि जिन बच्चों को अधार कार्ड नहीं बने हैं उनका आधार कार्ड बनवा लिया जाये और अभिभावकों से भी कहा जाये कि वह बच्चों का आधार कार्ड बनवायें। जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं होगा उन्हें सरकारी सुविधाओं से लाभ नहीं लें सकेंगे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## आडवाणी भारत रत्न सम्मान के योग्य : दीपक

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी चिंतक व बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक मिश्र ने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान हेतु बधाई दी। कहा है कि निःसंदेह लालकृष्ण आडवाणी इस सम्मान के योग्य हैं। अब वे सक्रिय राजनीति में नहीं हैं।

आडवाणी ने सदैव प्रतिपक्षी विचारधारा का सम्मान किया है। जब तक वे लोकजीवन में सक्रिय रहे, संसद में स्थापित लोहिया के चित्र को अनवरत माल्यार्पण करते रहे। दीपक मिश्र ने कहा कि तुलसी, कबीर, सूर, दिनकर, निराला, प्रेमचंद, साहिर, कैफी, शकील बदायूंनी, नीरज सदृश विभूतियों के देश में अभी तक किसी साहित्यकार सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए न मिलना सरकार की उदासीनता है।


प्रशस्ति पत्र के साथ स्कूल के छात्र व प्रबंधक। अमृत विचार

# महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआईएम रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में छात्रों का वार्षिक परिणाम वितरित किया गया।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ शत-प्रतिशत उपस्थिति, स्वच्छता, खेलों में अच्छे प्रदर्शन, ओलंपियाड, एवं हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पदक प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नीलम सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य आरपी तिवारी ने सभी मेधावियों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया।

प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे एक विशेष गुण के साथ जन्म लेते हैं, शिक्षक उन गुणों को पहचानकर उनमें निखार लाते हैं और वे बच्चे भारत का भविष्य बनते हैं। प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने कहा कि विद्यालय समाज का एक प्रतिरूप होता है और समाज समय के साथ बदलता है, हम भी समय के अनुसार शिक्षण पद्धतियों में बदलाव करते हुए छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं सभ्य समाज निर्माण हेतु प्रतिबद्ध हैं।

## गुमशुदा की तलाश



**देव कुमार पुत्र सुरेश चंद्र (16वर्ष) निवासी मोहल्ला दर्जी पूर्वी खरगूपुर बाजार, थाना खरगूपुर, गोंडा** 8 जनवरी 2024 को सुबह घर से स्कूल गए थे फिर वापस नहीं आया। हुलिया रंग गोरा, कद औसत 5.6 फुट है।जो जींस पैंट, नीला जैकेट, कैपदार टोपी, नीला जूता व स्कूल बैग साथ लिए हुए था। गुमशुदा का पता चलने पर उपरोक्त पते या निम्न मोबाइल नंबर पर सूचित करने की कृपा करें। उक्त संबंध में थाना खरगूपुर गोण्डा पर मु0 अ0सं0– 7/24धारा 363, 526 पंजीकृत है एवम अभिभावक का नंबर 9670389100 पर सूचना दी जा सकती है।

क्षेत्राधिकारी सदर– 9454401373
थानाध्यक्ष खरगूपुर– 9454403487
उपनिरीक्षक– 9936021598

# केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कक्षा 1 के लिए होगा ऑनलाइन आवेदन, आगे की कक्षाओं के लिए मिलेंगे ऑफलाइन फॉर्म**

**अमृत विचार :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर संचालित केंद्रीय विद्यालय (केवी) में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जायेगी। कक्षा में एक प्रवेश के लिए आवेदन आनलाइन kvsangathan.nic.in पर जाकर करना होगा। जबकि इससे आगे की क्लास में प्रवेश के लिए विद्यालय में जाकर आफलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके साथ ही अभिभावकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वेबसाइट पर अपलोड सभी जानकारी को अच्छे से पढ़कर ही आवेदन करें क्यों कि प्रवेश के लिए जो मानक तय किए गये हैं उनको पूरा करना अनिवार्य होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है।

कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 मार्च 2024 को न्यूनतम छह साल होनी चाहिए। यानी बच्चे का जन्म एक अप्रैल 2018 या उससे पहले का होना चाहिए। वहीं दूसरी कक्षा और ऊपर की क्लासेज के लिए भी एक अप्रैल से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे, लेकिन ये 10 अप्रैल तक ही चलेंगे। सीटें खाली होने पर ही कक्षा एक के अलावा अन्य कक्षाओं में दाखिले हो सकेंगे। केवी नए एडमिशन में एससी वर्ग के लिए 15 फीसदी, एसटी के लिए 7.5 फीसदी और ओबीसी के लिए 27 फीसदी सीटें आरक्षित रहेंगी।

**ये प्रपत्र हैं जरूरी**

- बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र
- एससी, एसटी, ओबीसी सर्टिफिकेट (अगर लागू हो तो)
- निवास प्रमाण पत्र
- बच्चे के माता/पिता का सर्विस सर्टिफिकेट
- बच्चे के दो फोटो

## आदित्य अध्यक्ष व रामनाथ बने महामंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** एबी आर संगठन की ओर से रविवार को दूसरे दिन की बैठक राजधानी के निजी होटल में संपन्न हुई। इस बैठक में अलग-अलग विषयों पर वार्ता हुई साथ में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इस अवसर पर आदित्य कुमार राज्य इकाई के अध्यक्ष चुने गए और रामनाथ मल्होत्रा प्रदेश के महामंत्री चुने गए। इसके साथ ही अध्यक्ष और महामंत्री के सुझाव पर राज्य स्तरीय अध्यक्ष सीसिंह को चुना गया।

इस अवसर पर इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी, बी दीक्षित, गोपाल कृष्ण, रामनाथ मल्होत्रा, आरके अग्रवाल, राम मोहन टंडन एवं अनुपशरण सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पूरे प्रदेश भर से सैकड़ो की संख्या में इलाहाबाद, मिर्जापुर, गाजीपुर, बनारस, कानपुर, मुरादाबाद, मेरठ, गोरखपुर, गोंडा इत्यादि प्रदेश के विभिन्न जिलों से सदस्य मौजूद रहें।

# विदेशी लेखा परीक्षक परखेंगे बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 34 देशों के लेखा परीक्षक लविवि में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण निष्पादन लेखा परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन सोमवार से लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होने जा रहा है। इसको लेकर 23 देशों के 34 लेखा परीक्षकों की एक टीम विवि की बारीकियों को परखेगी। कुछ शोध और तार्किक विषयों पर भी चर्चा होनी तय की गई है।

लखनऊ विवि में सोमवार को आयोजित होने वाले इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंफॉर्मेशन सिस्टम्स एण्ड ऑडिट (आईसीआईएसए) पर आयोजित कार्यक्रम में लेखा परीक्षकों की टीम शामिल होगी। 23 देशों के 34 लेखा परीक्षक मुख्य रूप से ऑडिट और डेटा एनालिटिक्स से संबंधित क्षेत्रों में क्षमता निर्माण को लेकर चर्चा करेंगे। ऑडिट के मानक को बढ़ाने और सार्वजनिक ऑडिट संस्थानों की प्रभावशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से विदेशियों की इस यात्रा के दौरान उपलब्धियों और प्रक्रियाओं का भी प्रदर्शन होगा। प्रस्तुतिकरण में विश्वविद्यालय द्वारा की गई वित्तीय, प्रशासनिक और लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का विवरण भी शामिल होगा।

बांग्लादेश, भूटान, ब्रूनेई दारुसलम, बुरुंडी, चिली, जॉर्जिया, गुयाना, (भारत), लाओस, लातविया, मलावी, मालदीव, मॉरीशस, मोरोक्को, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया, पेरू, रूस, समोआ, तंजानिया, ट्यूनीशिया और जांबिया के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं।

**ऐतिहासिक भवनों का भी होगा दौरा**

प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग और पर्यटन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव का कहना है कि विदेशी विशेषज्ञों को ऑडिट की स्थानीय स्तर पर जानकारियां साझा कराने के बाद ऐतिहासिक भवनों का दौरा कराया जाएगा। टीम पुरातत्व संग्रहालय, मानव विज्ञान संग्रहालय, टैगोर पुस्तकालय संग्रहालय का दौरा करेगी।

गुरू वशिष्ठ महाविद्यालय, मनकापुर–गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9648469000, 9838989000.
आवश्यकता
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्राणि विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, वनस्पतिविज्ञान, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र विषयों में महाविद्यालय में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के लिये चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।
अर्हता स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55%अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन–2016 प्रमाणपत्र सहित पी–एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
विशेष यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीन शैक्षिक मानकानुसार शिक्षकों के चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन यू0जी0सी0/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन महाविद्यालय कार्यालय करें।
प्रबन्धक

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कला | धातुओं के सहारे छात्रों को दिया गया है प्रशिक्षण

# लखनऊ विवि में परंपराओं को गढ़ रहे हुनरमंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शोध और पाठ्यक्रमों से डंका बजाने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय अब परंपराओं को गढ़ने का भी ककहरा पढ़ा रहा है। मूर्ति कला विशेषज्ञों ने डोगरा विधि का सहारा लेकर इसे छात्रों तक पहुंचाया है। धातुओं के सहारे ढली मूर्तियां देश - दुनिया में हाल- फिलहाल चर्चा में हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में मूर्तिकला विभाग विषय के विशेषज्ञ अजय कुमार बताते हैं कि सदियों पुरानी डोगरा विधि प्राचीन सभ्यता को जोड़े हुए है। ढोकरा, घड़वा कला सहित अन्य नामों से जानी जाने वाली इस तकनीकी से धातु की ढलाई की जाती है। चार हजार वर्ष पूर्व अपने इतिहास को समेटे इस विधि के सहारे छात्र प्रशिक्षित किये गए हैं। कार्यशाला के माध्यम से छात्रों द्वारा मूर्तियों और कलाकृतियों को तैयार किया गया है।


छात्रों द्वारा विशेष धातुओं से तैयार किए गए मुखौटे व अन्य सामान।

**▸▸ विवि में 28 वर्षों के बाद कार्यशाला का आयोजन**

लखनऊ विश्वविद्यालय में 28 वर्षों के बाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. लालजीत बताते हैं कि इस क्षेत्र की भी तेजी से मांग बढ़ रही है। विदेशों में भी इस कला का विशेष महत्व है। ऐसे में कार्यशाला बीते दिनों आयोजित की गई। ये आगे भी आयोजित की जाती रहेंगी।

**▸▸ 1900 डिग्री तापमान पर तैयार हुई मूर्तियां**

कार्यशाला के निदेशक प्रोफेसर लालजीत अहीर बताते हैं कि मूर्तियों को तैयार करने में 1900 डिग्री तापमान का सहारा लिया गया। इसके निर्माण में तांबा, एल्यूमिनियम, पीतल आदि का प्रयोग किया गया है। मूर्तियों की विशेषता यह है कि ये लंबे समय तक एक जैसी बनी रहेंगी। इनकी देश ही नहीं विदेशों में भी मांग है।

**जल्द होगा प्रदर्शनी का आयोजन :** लविवि छात्रों द्वारा तैयार सामानों की प्रदर्शनी का आयोजन जल्द करने जा रहा है। संकायाध्यक्ष डॉ. रतन कुमार बताते हैं कि प्रशिक्षण प्राप्त छात्र नए छात्रों को प्रोत्साहित करने का कार्य प्रदर्शनी के माध्यम से करेंगे। प्रदर्शन में छात्रों द्वारा तैयार किये गए कमल, मछली, ऊंट, नाचते हुए मोर, आदिवासी मुखौटा, कछुए की गाड़ी, हाथी आदि शामिल किये जाएंगे।

# यूनिरैंक रैंकिंग में लखनऊ विवि का 33 वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ रैंकिंग में 200 देशों के 13 हजार से अधिक विवि हैं शामिल**

**अमृत विचार :** यूनिरैंक यूनिवर्सिटी रैंकिंग में लखनऊ विश्वविद्यालय शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में शामिल हो गया है। इसे 887 भारतीय संस्थानों में 33 वां स्थान प्राप्त हुआ है। रैंकिंग में आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय और निजी विश्वविद्यालय जैसे संस्थान शामिल हैं। इससे पूर्व लखनऊ विवि को 46 वां स्थान प्राप्त था।

लखनऊ विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव बताते हैं कि ये यूनीरैंक यूनिवर्सिटी रैंकिंग व्यवस्था 2005 में स्थापित हुई थी। इसके अंतर्गत 200 देशों के 13,900 से अधिक आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की समीक्षा की जाती रही है। इसमें 3 से निकाले गए 4 निष्पक्ष और स्वतंत्र वेब मेट्रिक्स शामिल हैं।

**विभिन्न वेब इंटेलिजेंस स्रोत :** न्यूनतम ट्रस्ट फ्लो 55 फीसद के साथ मैजेस्टिक रेफरिंग डोमेन शामिल हैं। इसके अलावा सिमिलरवेब ग्लोबल रैंक 35 प्रतिशत, मोजेज डोमेन प्राधिकरण 5 फीसद और मैजेस्टिक ट्रस्ट फ्लो 5 फीसद हैं।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### शहर के कई क्षेत्रों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण कार्य के चलते राजधानी के कई इलाकों में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे एक लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे। जानकीपुरम इलाके में आरडीएसएस योजना के तहत खुले तारों और जर्जर खंभों को बदलने का कार्य किया जायेगा। इंजीनियरिंग कॉलेज के आसपास जानकीपुरम में सेक्टर-एच के साथ सेक्टर-आई में जानकी विहार और जानकीपुरम विस्तार उपकेंद्र के सेक्टर-दो और आयुष विहार में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

अहिबरनपुर डालीगंज में बागशाह फीडर से पोषित गोडीयन टोला में 400केवीए के ट्रांसफार्मर के साथ शेर मोहम्मद प्लाटिंग, मोहन मेकिंग और 100 केवीए और 250 केवीए के साथ बैरल पंप के आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। एफसीआई उपकेंद्र काकोरी मोड़ पर केबिल रिट्रेन्च और 11 केवी के जर्जर पैनलों और सीटी, एलए रिले को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते बड़ागांव, बुद्धेश्वर, पालिटेक्निक, रहमान खेड़ा, बिन्दा प्लास्टिक, रिलायंस और आदर्श विहार से पोषित क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

### विधायक के जन्मदिन पर 43 लोगों ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर विधानसभा के विधायक डॉ. नीरज बोरा के 57 वें जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री श्याम मंदिर में इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन लखनऊ युवा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आईवीएफ युवा अध्यक्ष अनुराग साहू ने बताया कि युवा इकाई के 43 पदाधिकारियों ने रक्तदान किया है। इस मौके पर विधायक डॉ. नीरज बोरा, बिंदु बोरा, वत्सल, घनश्याम दास अग्रवाल, शैलेंद्र अटल, रूपेश अग्रवाल, प्रियंक गुप्ता मौजूद रहे। वहीं राजू साहू, मोहित केसरवानी, अभिषेक रावत, मनोज सिंह बाबा, राहुल गुप्ता, लकी पांडेय, अभिषेक मित्तल, वात्सल्य बोरा आकाश सिंह, अमित शुक्ला, नवल किशोर, डॉ शैलेंद्र, ऋषि कपूर, रोहित, शशांक शेखर अभिषेक सिंह, रोहित आदि लोगों ने रक्तदान किया।

होली के एक सप्ताह बाद भी ट्रेनों में कम नहीं हो रही भीड़

# विशेष ट्रेनों में भी लंबी हुई वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली में घर आए लोगों को लौटने के लिए ट्रेनों में सीटें नहीं मिल पा रही हैं। नियमित के साथ विशेष ट्रेनों में भी वेटिंग चल रही है।



रविवार को लखनऊ से दिल्ली जाने वाली सभी ट्रेनों में लंबी वेटिंग रही। वेटिंग टिकट के साथ यात्री रेलवे कर्मचारियों से सीट की फरियाद करते नजर आए।

लखनऊ मेल के स्लीपर में 150, थर्ड एसी में 75 वेटिंग पहुंच गई है। एसी एक्सप्रेस के थर्ड एसी में 76 और गोमती के चेयरकार में 57 वेटिंग दिख रही है। त्योहार मनाकर लौटने वालों की भीड़ चारबाग और लखनऊ जंक्शन पर नजर आई। आलम यह है कि मुंबई जाने वाली ट्रेनों में एक, दो और तीन अप्रैल को वेटिंग 186 पहुंच गई है। दिल्ली की ट्रेनों में भी लंबी वेटिंग है। होली के एक हफ्ते बाद भी दिल्ली, मुंबई, गुजरात, पंजाब जाने वालों की भीड़ कम नहीं हो रही है। गोरखपुर एलटीटी एक्सप्रेस, कुशीनगर एक्सप्रेस, गोरखपुर पनवेल एक्सप्रेस में वेटिंग चल रही है।

### तेजस में 5 अप्रैल से मिलेगी सीट

लखनऊ से दिल्ली जाने वाली ट्रेन तेजस एक्सप्रेस में पांच अप्रैल से कंफर्म टिकट मिल रहे हैं। सोमवार को इस ट्रेन में 68 वेटिंग दिखा रहा है। दो और तीन अप्रैल को तकरीबन दो सौ सीटे खाली हैं। इस ट्रेन में बुधवार को 285 सीटें खाली हैं।

**आज लखनऊ से गुजरेंगी स्पेशल ट्रेनें, इनमें हैं सीटें**

- ट्रेन नंबर 05024 आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर के लिए
- ट्रेन नंबर 05532 आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल लिए
- ट्रेन नंबर 05046 राजकोट से लालकुआं के लिए
- ट्रेन नंबर 04061 बरौनी से दिल्ली के लिए
- ट्रेन नंबर 05052 सिकंदराबाद से छपरा के लिए

## दिल्ली के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सहरसा, रक्सौल व समस्तीपुर से एक-एक फेरे के लिए विशेष ट्रेनें चलाएगा रेलवे**

**अमृत विचार :** होली के बाद यात्रियों की होने वाली भीड़ को देखते हुए में रखते हुए रेलवे प्रशासन दिल्ली के लिए सहरसा, रक्सौल व समस्तीपुर से एक-एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेनें चलायेगा।

ट्रेन नंबर-05575 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल 01 अप्रैल को सहरसा से 9:30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, दूसरे दिन मुरादाबाद तथा गजियाबाद से छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05576 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा स्पेशल 2 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनल से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सहरसा सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 05585 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल 3 अप्रैल को सहरसा से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, दूसरे दिन मुरादाबाद तथा गजियाबाद व आनन्द विहार टर्मिनस सुबह 5:15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05586 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा स्पेशल 4 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनल से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सहरसा सुबह 6:30 बजे पहुंचेगी।

**रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल**

ट्रेन नंबर 05531 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल 03 अप्रैल को रक्सौल से रात्रि 10:25 बजे प्रस्थान कर सगौली, बेतियां, नरकटियागंज, दूसरे दिन बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद तथा आनन्द विहार टर्मिनस शाम 6 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05532 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल स्पेशल 4 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से रात्रि 8 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन रक्सौल दोपहर 2:30 बजे पहुंचेगी।

**समस्तीपुर-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल**

ट्रेन नंबर 05561 समस्तीपुर-आनन्द विहार टर्मिनस स्पेशल 2 अप्रैल को समस्तीपुर से रात्रि 7:45 बजे प्रस्थान कर दरभंगा, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, दूसरे दिन नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद तथा आनन्द विहार टर्मिनस शाम 5:30 बजे पहुंचेगी।

## 5 अप्रैल से मुंबई और पुणे के लिए चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक व पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल वाया लखनऊ होकर चलायेगा।

ट्रेन नंबर 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 05 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर 12 :15 बजे रवाना होकर ठाणे, कल्यान, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, दूसरे दिन इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ दोपहर 1 :45 बजे, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर शाम 6 :55 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक 6 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से रात्रि 9 :15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 2 :55 बजे, तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 7 :25 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरेटर सह लगेजयान का 01, थर्ड एसी के 06, सेकेण्ड एसी के 02, स्लीपर के 08, जनरल के 03, एसएलआरडी का 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। ट्रेन नंबर-01431 पुणे-गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल 05 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को पुणे से शाम 4 :15 बजे रवाना होकर अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, दूसरे दिन भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरागंना लक्ष्मी बाई जं., उरई, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ दोपहर 3 :40 बजे, गोण्डा, मनकापुर, बस्ती तथा खलीलाबाद गोरखपुर रात्रि 8 :40 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 01432 गोरखपुर-पुणे साप्ताहिक स्पेशल 06 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से रात्रि 11 :25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 4 :10 बजे, तीसरे दिन पुणे सुबह 6 :25 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में स्लीपर के 16, थर्ड एसी के 02, जनरल के 02 तथा एसएलआरडी 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।





लालबाग स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च से ईस्टर का जुलूस निकालते ईसाई समुदाय के लोग। अमृत विचार

# श्रद्धा और उल्लास के साथ ईसाई समुदाय ने निकाला ईस्टर का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मसीही समाज ने रविवार को ईस्टर का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर लालबाग स्थित मेथोडिस्ट चर्च लालबाग से ईस्टर जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाज के लोग ईशु जी उठा है, गाओ-गाओ जय के गीत गाओ, जी उठा है मसीहा खुशी खुशी मनाओ गीत गाते हुए चले।

सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च लालबाग से रविवार की शाम को शुरू हुआ ईस्टर जुलूस कैसरबाग चौराहा, बीएन रोड, नूर मंजिल, नॉवेल्टी सिनेमा होते हुए सेंट जोसफ कैथेड्रल चर्च पर समाप्त हुआ। जुलूस में कालिसियां व मसीही समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस सम्पन्न होने के बाद कैथेड्रल चर्च में प्रार्थना हुई। प्रार्थना असेंबली ऑफ बिलीवर्स चर्च के बिशप ऑगस्टस एंथोनी ने की। रेव आशीष मैक्सटन ने ईस्टर का



ईस्टर जुलूस में गीत गाते हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

**गाओ जय के गीत गाओ, जी उठा है मसीहा गाते हुए श्रद्धालु जुलूस में हुए शामिल**

संदेश दिया। पादरी लॉरेंस जोसेफ ने धर्मग्रंथ का पाठ पढ़ा। समापन प्रार्थना कैथोलिक चर्च के बिशप डॉ. जी. मथायस ने की। माकाइट ने शुक्रिया अदा किया। ईस्टर जुलूस व प्रार्थना में फादर रॉबर्ट क्वाडरोस, फादर नरेश लोबो, फादर डोनाल्ड डिसूजा, बिशप शैलेंद्र दास, पादरी राजेश दयाल, पादरी मॉरिस कुमार, पादरी सैमी मथाई, सुनील डगलस, रज्जी मैसी, मोहित स्टेफेन और नॉरिस पॉल आदि मौजूद रहे।

# डॉट्स केंद्रों पर पहुंचीं टीबी की दवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**जल्द ही खत्म होगी किल्लत टीबी की दवाओं की खरीद प्रक्रिया न होने से संकट बढ़ा**

**अमृत विचार :** डॉट्स केंद्रों पर टीबी के रोगियों के लिए जरूरी दवाएं पहुंचा दी गईं हैं। जिस केंद्र पर दवाएं अधिक थीं, वहां से दवाएं लेकर दूसरे केंद्रों पर भेजी जा रहीं हैं। जल्द ही सभी केंद्रों पर दवाएं पहुंच जाएंगी। फिलवक्त, मरीजों की दिक्कतों का समाधान हो जायेगा। भारत सरकार द्वारा मांग के अनुरूप दवाएं प्राप्त होते ही, केंद्रों पर मांग के सापेक्ष दवाओं की आपूर्ति की जायेगी। संभवतः अप्रैल के दूसरे सप्ताह तक भरपूर मात्रा में टीबी की दवाएं पहुंच जाएंगी।

यह जानकारी रविवार को राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने दी। उन्होंने बताया कि जिन अस्पतालों या डॉट्स सेंटर पर टीबी की दवा का संकट है। वहां पर दवाओं को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ज्यादातर सेंटरों पर दवा पहुंचा दी गई है। साथ ही भारत सरकार से प्रदेश भर के मरीजों के लिए टीबी की दवा की मांग भी की गई है। उन्होंने बताया, अभी सेंटरों पर जो दवा दी जा रही है, वह अगस्त माह में एक्सपायर होगी। कुछ अस्पतालों में टीबी की दवा जो अप्रैल में एक्सपायरी हो रही है, वितरित की जा रही है।

मालूम हो कि राज्य में सवा छह लाख से अधिक टीबी के मरीज हैं। इन मरीजों को दवाएं भारत सरकार द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। विभागीय लापरवाही से टीबी मरीजों की दवाओं की समय पर खरीद प्रक्रिया न होने की वजह से टीबी की दवाओं का संकट खड़ा हो गया है। लापरवाही का खुलासा होने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी। खरीद प्रक्रिया पूरी होते ही दवाओं की किल्लत खत्म हो जायेगी।

**केजीएमयू में दवा का संकट नहीं**

केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि केजीएमयू में टीबी मरीजों के लिए पर्याप्त दवाएं हैं। केजीएमयू के सेंटर को अमेरिका की एक एनजीओ ने काफी मात्रा में टीबी की दवाएं डोनेट की हैं।

### बिना बुकिंग रोडवेज से ले जा रहे थे सामान, पकड़े गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** टैक्स बचाने को अब व्यापारी रोडवेज बसों से सामान भेजने में जुटे हैं। चालक-परिचालक से मिलीभगत कर बगैर बुकिंग के सामान भेजा जा रहा है। इसका खुलासा जीएसटी अधिकारियों ने किया। आलमबाग टर्मिनल से प्रतापगढ़ जा रही अनुबंधित बस में छापेमारी कर जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी पकड़ी। सामान के साथ किसी तरह का प्रपत्र नहीं मिला। सामान जब्त कर रायबरेली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। आलमबाग बस डिपो के अनुबंधित बस के परिचालक सुनील गौतम रायबरेली होते हुए प्रतापगढ़ जा रहे थे। बस में 25 पेटी सामान मौजूद था। इसमें इलेक्ट्रानिक आइटम थे। मौके पर कुछ व्यापारियों ने कागज दिखाकर सामान छुड़वा लिया। जिनके कागजात नहीं थे, उनके ऊपर दो लाख का जुर्माना लगाया है। बताते चलें कि अनुबंधित बसों में बगैर बुकिंग सामान ढोने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आलमबाग डिपो के एआरएम राजेश सिंह ने बताया कि इस मामले में परिचालक को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

# क्वीनमेरी में जन्म प्रमाण पत्र के लिए महीनों की दौड़

**केस - 1** उन्नाव के पांडेयपुर ब्लॉक सुमेरपुर की रहने वाली कीर्ति देवी (25) का प्रसव होना था। उन्हें गंभीर हालत में केजीएमयू के क्वीनमेरी रेफर किया गया। यहां 18 मार्च को कीर्ति का सीजीरियन प्रसव हुआ। 21 मार्च को उसे छुट्टी दे दी गई। पति अमित त्रिवेदी ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए जब वह अस्पताल पहुंचा तो होली के बाद आने को कहा गया। होली के बाद जाने पर उसे केजीएमयू के पीआरओ ऑफिस में आवेदन करने को बोला गया। वही, पीआरओ ऑफिस में बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए डेढ़ महीने बाद आवेदन होगा। प्रसूता के पति का कहना है कि वह काम के चलते दिल्ली में रहता है। वह इतनी दूर से तीन बार जन्म प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**केस - 2** मड़ियांव के रहने वाले रोहित गुप्ता ने बताया कि 11 मार्च को उसकी पत्नी का सिजेरियन प्रसव क्वीनमेरी में हुआ था। तब से वह बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए अस्पताल के चक्कर लगा रहा है। उसे अस्पताल से पीआरओ ऑफिस दौड़ाया जा रहा है। पीआरओ ऑफिस में जानकारी दी जाती है कि अस्पताल से जन्म सम्बंधित दस्तावेज समय पर न भेजने कारण आवेदन एक से डेढ़ महीने बाद लिया जा रहा है।

**सैकड़ों की संख्या में दंपति लगा रहे अस्पताल के चक्कर**

"इस मामले में लापरवाही की शिकायतें मिली हैं। इसका संज्ञान लेकर कर्मचारियों की बैठक बुलाई गई थी। सभी कर्मचारियों को प्रमाण पत्र में लापरवाही न करने की चेतावनी दी गई है। –एसपी जैसवार
सीएमएस, क्वीनमेरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इन दो मामलों के उदाहरण महज बानगी भर के लिए दिए गए हैं। जबकि केजीएमयू के स्त्री रोग विभाग (क्वीनमेरी) में ऐसे सैकड़ों की संख्या में दंपतियों को बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए महीनों तक दौड़ लगानी पड़ रही। उन्हें अस्पताल से लेकर पीआरओ और प्रशासनिक ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जबकि, नियमानुसार बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र 15 दिन के अंदर मिल जाना चाहिए।

क्वीनमेरी में पूरे प्रदेश से महिलाएं प्रसव के लिए आती हैं। इनमें गंभीर मामले अधिक होते हैं। यहां प्रतिदिन करीब 20 से 25 प्रसव कराये जाते हैं। वहीं, जन्म के तीसरे-चौथे दिन ही बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र का फॉर्म भर दिया जाता है। जिसके बाद 15 दिन से एक महीने के भीतर जन्म प्रमाण पत्र मिल जाता है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के चलते इन दिनों अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों के माता-पिता को महीनों तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जन्म प्रमाण पत्र नियमावली के मुताबिक, एक महीने के भीतर सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी करवाकर प्रमाण पत्र जारी करना होता है।

# स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने में भागीदार बनें चिकित्सा संस्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एनेस्थीसिया रिफ्रेशर कोर्स की कार्यशाला को प्रमुख सचिव ने किया संबोधित**

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और केजीएमयू प्रदेश के बड़े चिकित्सा संस्थान हैं। इन चिकित्सा संस्थानों को केवल मरीजों के इलाज पर ही फोकस नहीं करना चाहिए, बल्कि, प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में भी काम करना होगा। यह कहना है चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का।

उन्होंने यह बातें शनिवार रात एक निजी होटल में आयोजित एनेस्थीसिया रिफ्रेशर कोर्स की कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। इस कार्यशाला का आयोजन लोहिया संस्थान के एनेस्थीसिया विभाग की ओर से कराया गया था।

कार्यशाला में लोहिया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर सीएम सिंह, संस्थान के पूर्व निदेशक और निश्चेतना विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. दीपक मालवीय, निश्चेतना विभाग के वर्तमान विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पीके दास, सैफई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर ब्रिगेडियर डॉ. पी प्रभाकर और संस्थान के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर प्रद्युमन सिंह उपस्थिति रहे।

बरतें सावधानी | खांसी, बुखार और दस्त से पीड़ित बच्चे पहुंच रहे अस्पतालों की ओपीडी

# मौसम में बदलाव के कारण बीमार हो रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने विशेष देखरेख पर दिया जोर**

**अमृत विचार :** मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में गर्मी लग रही है। इससे बच्चे खांसी, बुखार और दस्त आने की समस्या से पीड़ित हो जा रहे हैं। इस समय सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में ऐसे बच्चों की संख्या 90 फीसदी तक है। यह जानकारी रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने दी। उन्होंने बदलते मौसम में बच्चों की विशेष देखरेख करने पर जोर दिया।



डॉ. सलमान

**ठीक होने में लग रहा एक सप्ताह**

डॉ. सलमान के मुताबिक, इस समय सर्दी-खांसी और बुखार से पीड़ित बच्चों को ठीक होने में 5 से 7 दिन लग रहे हैं। ऐसे में ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है।

डॉ. सलमान के मुताबिक, इस मौसम में बच्चों की लापरवाही भी बढ़ जाती है। कभी ठंडे पानी में नहा लेते हैं तो कभी आइसक्रीम खा लेते हैं। जिसकी वजह से वह बीमार हो जाते हैं। सर्दी-खांसी और बुखार उन्हें जकड़ लेता है। नवजातों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।

**बच्चों में सबसे ज्यादा इंफेक्शन का खतरा :** डॉ. सलमान का कहना है कि वैसे तो मौसम में बदलाव होने पर सभी वर्ग के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन बच्चों में इंफेक्शन का ज्यादा खतरा रहता है। बैक्टीरियल इंफेक्शन उनके पेट की सेहत बिगाड़ सकता है, जिससे डिहाइड्रेशन, डायरिया और कमजोरी आ सकती है।

**ऐसे करें बचाव**

- बच्चों को पूरी बांह के कपड़े पहनाएं।
- फ्रीज का पानी, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक्स न पीने दें।
- अभी हो सके तो एसी का इस्तेमाल न करें, पंखे को ही धीमा गति में चलाएं।
- किसी भी तरह की दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाएं।
- बीमार होने पर बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक न दें।
- बच्चे को पीने के लिए लिक्विड जैसे- नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ, फलों के रस ज्यादा दें।
- दलिया, खिचड़ी, ओट्स जैसी चीजें ही खाने में दें, तली-मसालेदार चीजें और फास्टफूड से दूर रखें।
- तेज धूप में बच्चों को न जाने दें।

### मध्यांचल वितरण निगम के एमडी ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल वितरण निगम के एमडी ने रविवार को चिनहट के शिवपुरी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए उपखंड अधिकारी को गर्मी में निर्बाध आपूर्ति के लिए चल रहे अनुरक्षण कार्य और उपकरणों के रखरखाव पर प्रभावी कदम उठाने को कहा। वसूली में सारा फोकस बड़े बकायेदारों पर रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पांच लाख और उससे अधिक के बड़े बकायेदारों पर तत्काल कार्रवाई करें, गलत बिलों को ठीक करा कर समय से उपभोक्ता को दें।

**कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली**

**सूचना**

"सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली में एक वसीयत मरणोपरान्त निबंधन हेतु कु. समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो श्रीमती कमलेश सिंह उर्फ चक्रेशवती पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासिनी-फ्लैट संख्या 3002, हैरिटेज अपार्टमेन्ट, पार्क रोड, लखनऊ द्वारा निष्पादित है। यह वसीयत कुमारी समायरा भूषण पुत्री श्री शशि भूषण लाल सुशील व कुशाग्र भूषण पुत्र श्री शशि भूषण लाल सुशील निवासी बी-25 जोप्लिंग रोड बटलर पैलेस कालोनी लखनऊ के पक्ष में निष्पादित है। यदि इसके निष्पादन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपत्ति, साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकता है।"

दिनांक : 06.03.2024

आज्ञा से
(रमेन्द्र श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कार्यालय उप निबंधक सदर द्वितीय, जिला बरेली

## एक नजर

### टेलर की दुकान का शटर काटकर चोरी

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाने से महज चार सौ मीटर की दूरी पर देर रात चोरों ने एक टेलर की दुकान का शटर काट सिलाई मशीन समेत ग्राहकों के कपड़े पार कर दिए। रहीमाबाद के सभाखेड़ा कैथुलिया गांव निवासी टेलर प्रेमपाल की गहदों रोड पर सिलाई की दुकान है। उनकी दुकान से करीब चार सौ मीटर की दूरी पर रहीमाबाद थाना है। देर रात चोरों ने पुलिस की गश्त में सेंधमारी कर दुकान का शटर काट सिलाई मशीन समेत ग्राहकों सिले 29 जोड़ी कपड़े पार कर दिए। सुबह दुकान खोलने पहुंचे टेलर को शटर कटा मिला। इसके बाद उसने रहीमाबाद थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किए जाने मांग की है।

### अवैध शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, निगोंहा :** निगोहां पुलिस ने महिला समेत तीन लोग को 40 लीटर अवैध शराब के साथ धर दबोचा। थाना प्रभारी अनुज तिवारी के मुताबिक, मंगटइया का मजरा कमाखेडा निवासी नन्हू को बड़े बीरनखेड़ा नहर के पास से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ और रानीखेड़ा मोहनलालगंज के सर्वेश को 10 लीटर शराब के साथ नटौली भट्ठे के पास पकड़ा गया। वहीं निगोहां निवासी सरोज कुमारी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गांव से ही शराब बेंचते पकड़ा गया। तीनो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, काकोरी :** थाना क्षेत्र निवासी पिता ने नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में आरोपी युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया बेटी कपड़े सिलवाने की बात बोल घर से निकली थी। देर रात नहीं लौटी तो तलाश में पता चला कि गांव निवासी शेखर बेटी को ले गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# दो रात शवों के पास सोया था रामलगन

## शवों को ठिकाने लगाने की फिराक में था, आवाजाही से नहीं मिला मौका

लखनऊ/ सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** अवैध संबंध के शक में पत्नी व बच्चों की हत्या करने वाला रामलगन दो रात तीनों के शवों के साथ कमरे में सोता रहा। घटना के दूसरे दिन सुबह वह कमरे में ताला डाल कर काम पर भी गया था। वह मौका देख शवों को ठिकाने लगाने की फिराक में था, लेकिन लोगों की लगातार आवाजाही के कारण उसे मौका नहीं मिला। दुर्गंध आने से पुलिस पहुंची और जघन्य अपराध का खुलासा हो गया।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने हत्याकांड का रविवार देर शाम खुलासा किया। उन्होंने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। इसमें सामने आया कि आरोपी ने 29 मार्च की रात तीनों की हत्या की थी। इसके बाद पत्नी का शव किचन के समीप फर्श पर और बच्चों के शव बोरी में भर कर कमरे में रखे थे। घटना को अंजाम देने के बाद 30 मार्च को भी वह काम पर गया था। शाम को लौटने के बाद दूसरी रात भी तीनों शवों के साथ कमरे में सोया था। आरोपी का यह भी कहना था कि परिवार के साथ सोया है यह सोचकर उसे सकून लगता था। डीसीपी ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



घटना स्थल पर जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार



आनंद



पायल



ज्योति



हत्यारोपी रामलगन

### पत्नी की दुपट्टे व बच्चों की हाथों से गला दबा की हत्या

डीसीपी के मुताबिक पूछताछ में रामलगन ने बताया कि पत्नी ज्योति चिनहट निवासी युवक से अवैध संबंध थे। वह कई महीने उसके साथ रह कर आई थी। इसी वजह से उसने पहले पत्नी की साड़ी से गला घोंटकर हत्या की। इसके बाद दोनों बच्चों की सोते समय हाथ से गला दबाया। बताया कि बच्चों द्वारा पत्नी की हत्या का राज खुलने का उसे डर था।

### सोहरामऊ से किया गिरफ्तार

पुलिस को पूछताछ में पड़ोसियों ने बताया राम लगन सुबह ही दरवाजा बंद कर कमरे से निकला है। मकान मालिक से मिले मोबाइल नंबर से उसकी लोकेशन ट्रेस की जो सोहरामऊ में मिली। वह रोजाना की तरह काम पर गया था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया 28 मार्च को तीनों की हत्या की थी।

### मकान मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा ने बताया मकान मालिक अमृत लाल की तहरीर पर रामलगन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। बताया 28 मार्च को काम से लौटने पर उसे पता चला कि ज्योति ने बेटे आनंद की पिटाई की है। इससे वह नाराज हो गया। ज्योति के दूसरे युवक से भी संबंध थे। ऐसे में उसने ज्योति की हत्या की साजिश रची और 29 मार्च को तड़के तीनों की हत्या कर डाली।

### चार वर्ष पहले मुंबई से लौटा था

डीसीपी ने बताया करीब सात वर्ष पहले वह मुंबई में ज्योति से मिला था। वहीं पर उसने ज्योति से प्रेम विवाह किया था। मुंबई से चार साल पहले वह लौटा और सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के गौरी बाजार में किराये पर पत्नी और बच्चों के साथ रहा। रामलगन और गौरी के सभी परिजनों की पहले ही मौत हो चुकी है। रामलगन चार भाई थे, उसके तीन भाइयों की मौत हो चुकी है।

### पैर पकड़ मां को छोड़ने को गिड़गिड़ाते रहे मासूम

डीसीपी के मुताबिक आरोपी ने ज्योति का गला कसा तो चीख सुन दोनों बच्चे जाग गए। दोनों पिता के पैर पकड़ कर मां को छोड़ने के लिये मिन्नतें करते रहे, लेकिन उसे तरस नहीं आया। उसने तो बच्चों को भी ठिकाने लगाने की साजिश रच ली थी।

### साजिश के तहत किराये पर लिया था मकान

रामलगन ने सरवन नगर में किराये का मकान इसी घटना को अंजाम देने के लिये लिया था। इस मकान का ग्राउंड फ्लोर खाली है। ऊपर के कमरे में रामलगन परिवार के साथ रहता था। वहीं, पहले जिस घर में किराये पर रहता था उसको भी उसने खाली नहीं किया था। नए घर में आराम से वारदात अंजाम क्योंकि वहां कोई चीख पुकार सुनने वाला नहीं था।

### बोरे से हाथ व सिर दिखा तब बच्चों की हत्या का पता चला

पुलिस का कहना है कि मकान मालिक ने खिड़की से कमरे में देखा तो सिर्फ ज्योति का शव दिखा। जब पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोला तो पहले ज्योति का शव कब्जे में लिया। तभी पास में रखी दो बोरी पर नजर पड़ी। एक बोरे से हाथ व दूसरे से थोड़ा सा सिर बाहर दिख रहा था। बोरे खोले गए तो उनमें बच्चों के शव निकले।

### मुख्तार के पक्ष में पोस्ट डालने वाला सिपाही होगा निलंबित



सिपाही फैयाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** माफिया मुख्तार अंसारी के पक्ष में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट डालने वाला सिपाही निलंबित किया जायेगा। इस संबंध में डीसीपी नार्थ अभिजीत आर शंकर ने चुनाव आयोग को पत्र लिख कार्रवाई की संस्तुति की है। बीकेटी में तैनात सिपाही फैयाज खान को मुख्तार अंसारी को लेकर टिप्पणी करना भारी पड़ा। सिपाही ने मुख्तार अंसारी को शेरे पूर्वांचल बताते हुए अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर टिप्पणी की थी। पोस्ट सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर वायरल हुई। मामला संज्ञान में आते ही डीसीपी नार्थ ने जांच कराई। मामले की पुष्टि होने पर फैयाज के खिलाफ कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग से संस्तुति की गई है। ऐसे में सिपाही जल्द ही निलंबित हो सकता है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब



अमित



सीमा

**अमृत विचार :** बख्शी का तालाब इलाके में किसान पथ पर फ्लाई ओवर पर बाइक सवार भाई-बहन ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गये। टक्कर से गिरी बहन की कुचल कर मौके पर मौत हो गयी, जबकि भाई ने ट्रॉमा सेंटर में दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत रैथा गांव निवासी गुड्डू निषाद ने बीरमपुर में ठेके पर खेत लेकर फसल बोई है। रविवार देर शाम उनका पुत्र अमित (23) अपनी बहन सीमा (21) के संग बाइक से खेत पर काम करने गये थे। जहां से लौटते समय बीरमपुर स्थित नव निर्मित किसान पथ के फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरते समय सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के चपेट में आ गए। टक्कर से सीमा रोड पर ट्रैक्टर के आगे जा गिरी, इससे पहिया के नीचे कुचलकर उसकी मौके पर मौत हो गयी। वहीं अमित गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमित को सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा में अमित ने भी दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया पंचनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौटते समय हुआ हादसा
- बीबीडी इलाके में शहीदपथ पर हुई घटना

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में किसान पथ पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत और साथी घायल हो गया। परिचित की जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर अपने घर बाराबंकी लौटते समय रास्ते में हादसा हुआ।

बाराबंकी के गदिया निवासी गुड्डू ने बताया भाई सर्वेश कुमार (28) शनिवार को साथी जगीराबाद निवासी अभिषेक चौहान के साथ लखनऊ में परिचित के जन्मदिन में शामिल होने गया था। जहां से देर रात दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे किसान पथ पर जुग्गौर रेगुलेटर के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों उछलकर सड़क पर गिर गंभीर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को लोहिया अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने सर्वेश को मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। गुड्डू की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दहेज की रकम लेकर भागा शौहर कोरियर से भेजा तलाकनामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक कोतवाली क्षेत्र की महिला ने शौहर और तीन मौलाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शौहर पर शादीशुदा होते हुए धोखे से दोबारा शादी करने, दहेज की रकम लेकर भागने और कोरियर से तलाकनामा के साथ मेहर और इद्दत की रकम का बैंक ड्राफ्ट भेजने का आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने बताया कि शाहगंज नक्खास निवासी नईमा परवीन रिजवी ने तहरीर में बताया कि जून 2023 में नई दिल्ली के गौतमपुरी कॉलोनी निवासी शौहर सैय्यद हसन अकबर जैदी से उसका निकाह हुआ। शादी रिश्तेदार फरीदा ने कराई। निकाह के बाद पता चला कि जैदी की पहले से दो बीवियां हैं। शादी के बाद वह शौहर के साथ चिनहट के सिल्वर आपर्टमेंट में रहने गई। आरोप है कि कुछ दिन बाद शौहर दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। इससे उससे अलगाव की नौबत बन गई।





कार्यक्रम के दौरान मौजूद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर व रामनिवास यादव। अमृत

### अन्नदाता यूनियन का होली मिलन समारोह संपन्न

**अमृत विचार, मलिहाबादः** राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में सियाराम नर्सरी में होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री कौशल किशोर रहे। रामनिवास ने कहा इस बार भाजपा 400 से अधिक सीटें जीतेगी। सियाराम, भाईया लाल यादव, संतोष सिंह गुलजारी, उमाशंकर, राजेश रावत, अनिल यादव, रामनरेश, ज्वाला प्रधान, राजबीर, लवकुश, मलिहाबाद प्रधान संघ अध्यक्ष प्र अंजू सिंह आदि मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश

संवाददाता,काकोरी

**अमृत विचार :** पारा के डीडीएस लॉन में हुए होली मिलन कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौजूद रहे। उन्होंने देश एवं प्रदेश में आपसी सद्भाव भाईचारा कायम रखने और लोकसभा चुनाव में सभी से मतदान करने की अपील की।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि चौरसिया, लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, महामंत्री उमेश कुमार, बार एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी गोविंद नारायण शुक्ला चच्चू ने भी विचार रखे। मुकेश श्रीवास्तव ने होली गीत से शमां बांध दिया। कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाएं सुनाईं।





कार्यक्रम को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

बुद्धेश्वर विकास महासभा के संरक्षक रामशंकर राजपूत,अध्यक्ष राजेश शुक्ला, संगठन महामंत्री सुखपाल सिंह संतोष, महामंत्री एसपी पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीसी गुप्ता, अजय त्रिपाठी मुन्ना, संरक्षक घनश्याम पांडे, प्रवक्ता अमर त्रिपाठी ने अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। अयोध्या प्रसाद शुक्ला, उपाध्यक्ष राम आधार यादव, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, शिखा मिश्रा, संगीता देवी, आरती शर्मा, नीतू पांडे, वंदना सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह, महामंत्री विजय कुमार, अध्यक्ष पिंटू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### फोन पर पति से झगड़ने के बाद महिला ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी के भवानीपुर गांव में पति से विवाद के बाद मायके में रह रही गरिमा सिंह (26) ने कमरे में दुपट्टे से गला कसकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन परिजन उसे नजदीकी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, गोसाईगंज के जगमत खेड़ा गांव मजदूर गोविंद कुमार (32) शव पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। दोनों ही मामलों में पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीकेटी प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक भवानीपुर गांव निवासी गरिमा सिंह की शादी एक वर्ष पूर्व हरधौरपुर गांव निवासी अंकित हुई थी। भाई निलाम्बुज ने बताया कुछ दिन पूर्व गरिमा पति अंकित से झगड़ा कर मायके आ गई थी। शनिवार रात फोन पर बहन व बहनोई के बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद बहन ने दुपट्टे से अपना गला कस लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### प्रधान ने की पूर्व प्रधान की शिकायत

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब विकास खण्ड के मंझोरिया ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान राकेश ने पूर्व प्रधान के पति रामानन्द नन्दी व बाबूलाल ने के खिलाफ तहरीर दी है। इसमें आरोप है कि गांव के मजरा शिवखड में सीसी रोड का निर्माण कार्य करवा रहे है।रविवार को रामानन्द व बाबूलाल पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवा दिया। दोनों ने कमीशन की मांग की। मना करने पर मारपीट कर दी। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लिए बुलाया गया था। प्रधान के आरोपों में सत्यता पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लीकेज से गैस सिलेंडर फटा, आग से तीन गुमटी जलीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज इलाके में चिड़िया घर गेट के समीप एक दुकान में लीकेज से गैस सिलिंडर फट गया। भड़की आग ने आसपास की और दो गुमटी चपेट में ले ली। हजरतगंज सीएफओ ने बताया शनिवार रात करीब तीन बजे चिड़ियाघर के मेन गेट के समीप गुमटी में आग लग गई। सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। तब आसपास के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। टीम ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। पूछताछ में सामने आया कि मेन गेट पर लीकेज से सिलेंडर में आग लगी, इसके बाद फट गया। सिलेंडर फटने से और दो गुमटी आग की चपेट में आ गईं। इससे सामान खाक हो गया। कहा जिस दुकान में सिलेंडर फटा वह केकेसी निवासी बन्ने खां की थी। जबकि दो अन्य दुकानें कल्लू और गोलू की थीं। फिलहाल घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### अधिवक्ता की वेशभूषा में दबंगों ने की जमीन कब्जाने की कोशिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** केद्रीय नाजिर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के उत्तरी भवन के गेट नंबर 3 के सामने लॉन में अधिवक्ता की वेशभूषा में आए दबंगों ने कब्जा करने का प्रयास किया। चौकीदार की लिखित शिकायत पर वजीरगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक, उत्तरी भनव गेट नंबर-3 के चौकीदार मुरारी प्रसाद ने कुछ दबंगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार को वह ड्यूटी पर तैनात था। अचानक लॉन पर अधिवक्ताओं की वेशभूषा धारण किए कुछ दबंग कब्जा करने की नीयत से निर्माण करवाने लगे। यह देख मौके पर पहुंच कर उसका विरोध किया तो अभद्रता कर भगा दिया। संबंधित उच्चाधिकारियों को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से कब्जा करने वालों की पहचान कराई जा रही है।

### गाड़ी टकराने पर कार चालक ने बाइक सवार मां-बेटे को मारे थप्पड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना अंतर्गत मामा चौराहे पर टक्कर मारने के बाद कार चालक ने दो पहिया पर सवार मां-बेटे पर थप्पड़ बरसा दिये। मूलरूप उन्नाव जनपद के पकरा खुर्द निवासी उमेश कुमार कल्ली पश्चिम स्थित साहू कॉलोनी में किराए के मकान में रहता है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शनिवार वह बाइक से तेलीबाग की तरफ जा रहा था। आरोप है कि मामा चौराहे के पास गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर से पीड़ित गिरकर जख्मी हो गया। विरोध करने पर कार चालक उनसे बदसुलूकी करने लगा। हंगामा बढ़ने पर पीड़ित ने फोनकर अपने परिवारिक सदस्यों को बुला लिया। जहां पीड़ित की मां पूनम बड़े बेटे नीरज को लेकर पहुंच गई। जब तक वह कुछ समझ पाते तब कार चालक ने खुद को हिस्ट्रीशीटर बता मां पूनम व भाई नीरज के गाल पर थप्पड़ जड़ कर वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार चालक पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### महिला को धक्का देकर पर्स छीनकर भागा लुटेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाना अंतर्गत गंगा विहार कॉलोनी में केमिस्ट शॉप से दवाईयां खरीद कर घर लौट रही महिला को धक्का देकर एक लुटेरा पर्स छीनकर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अशवनी चतुर्वेदी के मुताबिक, गंगा विहार कॉलोनी निवासी सूर्य नारायण तिवारी ने एक अज्ञात लुटेरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने शनिवार शाम 4 बजे पत्नी केमिस्ट शॉप से दवाईयां खरीद लौट रही थी। घर से लगभग 150 कदम दूरी पर एक लुटेरा (25) पत्नी को धक्का देकर हैण्डबैग छीन कर गंगा विहार कालोनी की तरफ भाग निकाला। हैण्डबैग मोबाइल, कुछ दवाईं, पैसे और घर की चाभियां थी। प्रभारी निरीक्षक ने वीडियो फुटेज से लुटेरे की पहचान कराई जा रही है। वहीं, पीजीआई के गोपाल नगर खरिका तेलीबाग निवासी ममता रावत एक निजी अस्पताल में बतौर स्टाफ नर्स है। गत 26 मार्च को पीड़िता अस्पताल से घर लौट रही थी। राजदर्पण क्लब के सामने पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने बात करते समय उनका मोबाइल छीन फर्राटा भर भाग निकले।

### रियल एस्टेट कारोबारी से 1.35 करोड़ हड़पे

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर कोतवाली में रियल एस्टेट कारोबारी ने चार लोगों पर 1.35 करोड़ ठगी का मामला दर्ज कराया है। झांसे में आये पीड़ित ने खुद के अलावा दोस्तों से रुपये भी निवेश करा दिये थे। शिवाजीपुरम निवासी शांतनु फिनिक्स वैली नाम से रियल एस्टेट फर्म चलाते हैं। बताया वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात गुजरात साबरकांठा निवासी किहिल पटेल से हुई थी। उसने गाजीपुर में शेयर ट्रेडिंग का दफ्तर खोला था। किहिल की पत्नी अंजूबेन पटेल और दोस्त प्रतीक भी काम करते थे। आरोपियों ने शांतनु को शेयर मार्केट में निवेश में लाभ का प्रलोभन देकर 93 लाख लिये। इसके बाद उनके दोस्त वैशाली यादव, अमन और अन्नपूर्णा ने भी करीब 83 लाख रुपये आरोपियों की कंपनी में निवेश कर दिये थे। मुनाफे की रकम नहीं मिलने पर आरोपी टाल मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर 43 लाख वापस किए। जबकि बचे 50 लाख देने से मना कर दिया। तब पीड़ित ने आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है।

### युवती को भगाने के बाद भाई को दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर थाने में एक महिला ने बेटी के प्रेमी व उसके उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि प्रेमी उनकी बेटी (22) को अपने साथ कहीं भगा ले लिया। फिर बेटे के वाट्सएप नंबर पर सौ रुपये का स्टाम्प पर भेज उनके परिवार की हत्या करने की धमकी दी है। सर्विलांस की मदद से पुलिस प्रेमी व उसके साथियों की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, गहरु गंगादीन खेड़ा गांव निवासी महिला ने दरोगाखेड़ा गांव के अनुज कुमार और उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हैं। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि शुक्रवार शाम बेटी गौरी बाजार से खरीदारी करने गई थी। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। चिंतित परिजनों ने बेटी की हर जगह खोजबीन की बावजूद इसके उसका कहीं पता नहीं चला।

# 9.54 लाख हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिकायत पर बाजारखाला पुलिस ने नौ फर्म संचालकों की शुरू की जांच

**अमृत विचारः** राजधानी में 9 फर्म संचालकों द्वारा करीब साढ़े नौ लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने बाजारखाला थाने में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व धमकी देने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना अंतर्गत ऐशबाग निवासी विनीत अग्रवाल ने बताया कि मिल रोड ऐशबाग में उसकी मेसर्स वीवी इंटर प्राइजेज के नाम से सीमेंट, लोहा, मौरंग समेत निर्माण की अन्य सामग्री की फर्म है। बताया कि अलग-अलग फर्म के नौ संचालकों ने उससे उधारी में सामग्री खरीदी थी। जिसका जल्द भुगतान करने का आश्वासन दिया था। तय समय सीमा में भुगतान नहीं करने पर उसने तकादा किया तो टाल मटोल करने लगे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया किरन मित्तल निवासी स्टेशन रोड गोण्डा पर लोहे की चादर का 48719 रुपये बाकी है। रजनीश अग्रवाल मेसर्स नीलगिरि निवासी अलीगंज पर सीमेंट को 101770 रुपये, प्रवीन कुमार छोला मेसर्स निवासी मुरारी नगर फैजाबाद रोड लखनऊ पर सीमेंट का 51750 रुपये, दिनेश नवानी मेसर्स रिया कंस्ट्रक्शन निवासी विरिन्दावन योजना रायबरेली रोड पर सीमेन्ट का 1,20,000 रुपये बाकी है। इसी तरह फैजान वेग निवासी विजय खंड गोमतीनगर पर 94433 रुपये, संजय गिरि कुश गर्ग मेसर्स निवासी न्याय खण्ड गाजियाबाद पर सीमेन्ट का 48 हजार, सुधीर पाण्डे मेसर्स सुक्रिती हाउसिंग निवाासी विवेक खण्ड गोमती नगर पर सीमेन्ट का 105200 रुपये, राकेश कुमार सिंह अली मेसर्स निवासी विनय खण्ड सीमेन्ट का 332004 रुपये और चन्द्र धर दुबे मेसर्स सिद्धी विनायक निवासी कैसरबाग पर सीमेन्ट का 52600 रुपये बाकी हैं। बताया सभी फर्म संचालकों ने धोखाधड़ी कर उसके 954476 रुपये हड़प लिये। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# किशोरी का किया शोषण, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन वर्षों से प्रेम-सम्बन्धों का हवाला दे करता रहा दुष्कर्म
- गोमतीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाने में एक किशोरी (16) ने प्रेमी के खिलाफ शारीरिक शोषण किए जाने का आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। किशोरी का कहना है कि तीन वर्षों से आरोपी प्रेम-सम्बंधों का हवाला देते हुए उसका शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर आरोपी उसे छोड़कर चला गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे ने बताया कि, क्षेत्र के मोहल्ले की रहने वाली किशोरी ने अलीगढ़ जनपद के रहने वाले शिवम यादव के खिलाफ शारीरिक शोषण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में किशोरी ने बताया कि करीब तीन वर्षों से शिवम से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर प्रेमी उससे शादी करने का वादा कर शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा। जब वह गर्भवती हुई तब प्रेमी उसे छोड़कर अलीगढ़ भाग गया। संपर्क करने पर प्रेमी ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया है। किशोरी ने बताया कि वह दो माह की गर्भवती है। जिस वजह से वह अपने घर भी नहीं जा पा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

कार्यक्रम | हिंदी साहित्य सेवा समिति के होली मिलन समारोह में हुआ कवि सम्मेलन

# आलू के पापड़ सी घरवाली और रसगुल्लन सी मीठी साली लगै

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचारः** अंखियां तो शराब की प्याली लगें,तुक ऐसा कि फागुन की ऋतु में मचलय तो बड़ी मतवाली लगै। कुछ प्रीत का रंग जुडे मन मा, हमको तो गुलाल की थाली लगै। आलू के पापड़ से लगाये घरवाली तो रासगुल्लन से मीठी साली लगै। सीतापुर के कवि लवकुश शुक्ला ने अपनी इस कविता से तालियां बटोरी।

कवि सम्मेलन का आयोजन हिंदी साहित्य सेवा समिति के 17वें होली मिलन समारोह में किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता पॅ. रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी और संचालन कवि नीरज पांडे ने किया। कवियत्री पूनम मिश्रा ने शारदे वरदान दे पंक्तियों से मां सरस्वती की वंदना की। प्रतापगढ़ के कवि हर्ष बहादुर हर्ष ने दिल्ली की राजनीति पर व्यंग्य करते हुए गाया, अबकी होली आप के लिये बन गई अभिशाप, दिल्ली के केजरीवाल को दिया पुलिस ने चाप। अभिषेक सिंह रुद्र ने कलम की खुद्दारी पर सुनाया कि पक्ष विपक्ष की बात नहीं हम बात लिखेंगे खरी खरी ,राजनीति के चौशर पर यह कलम नहीं बिक पायेगी। कवि शिव किशोर तिवारी ने पढ़ा, है जिनका काम उत्तम और घराना भी वही दसरथ का बेटा बनकर पैदा राम होते हैं।





काव्य पाठ करते कवि लवकुश शुक्ला। फोटो : अमृत विचार

अमेठी से रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, बाराबंकी के अजय प्रधान, सुरेश अवस्थी और चेतराम अज्ञानी ने भी काव्यपाठ किया। एसआर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, संतोष वर्मा, राम बहादुर सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, वेद रत्न सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

### भगवती सिंह की पुण्यतिथि पर होगा कवि सम्मेलन

**अमृत विचार,बख्शी का तालाब :** बाबू भगवती सिंह स्मृति ट्रस्ट एवं मां चंद्रिका देवी मेला विकास समिति कठवारा की ओर से बाबू भगवती सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन बुधवार को होगा। बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज मैदान पर शाम सात बजे से शुरुआत होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष बलवीर सिंह राठौड़ और मीडिया प्रभारी डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ओमपाल सिंह 'निडर' पूर्व सांसद आगरा, अभिराम पाठक छतरपुर, नीरज पांडे रायबरेली , प्रवीण राही मुरादाबाद , विशेष शर्मा लखीमपुर, देशराज सिंह 'मधुसूदन' बहराइच, अजय प्रधान बाराबंकी और कवियत्री अंकित शुक्ला कानपुर आएंगी।

### रशीद मियां की दरगाह पर हुआ मुशायरा

महोना स्थित रशीद मियां की दरगाह पर चल रहे 95वें उर्स के पांचवें दिन रविवार को मुशायरे का आयोजन किया गया। संचालन वासिफ फारुकी ने किया। शायर शरफ नानपारवी,आसिम काकोरवी,अली बाराबंकवी,चंदन फैजाबादी,मुजीब सिद्दीकी,अज़्म गोंडवी,आमिर फैजाबादी,असद आजमी आजमगढ़,सलीम ताबिस, वकार काशिफ ने हिंदी व उर्दू जुबान में कलाम पेश किए।

## एक नजर

### पंजीकरण कार्य पूरा, अब होगी प्रपत्रों की जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकॉम और एमकॉम की ऑनलाइन शिक्षा को लेकर रविवार को आवेदन का कार्य पूरा हुआ। सोमवार से भरे गए आवेदनों की जांच कराये जाने का कार्य शुरू होगा। लविवि में बीकॉम और एमकॉम की ऑनलाइन पढ़ाई को लेकर 18 मार्च से ऑनलाइन आवेदन कराये जा रहे थे। लखनऊ विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव कहते हैं कि सम्पूर्ण पत्रावलियों की जांच का कार्य सोमवार से शुरू होगा। सभी व्यवस्थाएं यूजीसी नियमानुसार की जा रही हैं।

### जैन समाज ने धूमधाम से किया होली मिलन समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर दिगंबर जैन सेवा संस्थान ने भूतनाथ स्थित अहिंसा उपवन में होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मनीषा जैन व शिप्रा जैन ने मंगलाचरण से की। होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें हास्य व्यंग्य कवियों ने समाज को जागरूकता का संदेश दिया। होली के गीतों के बीच फूलों की होली खेली गई। जिसमें बच्चों व महिलाओं ने एक दूसरे पर फूल डाल कर आपसी प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल और लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन भी मौजूद रहे और फूलों की होली का आनंद लिया। कार्यक्रम मे संघ परिवार से अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल के साथ विभाग प्रचारक अनिल एवं अन्य लोग मौजूद रहे। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि होली मिलन के माध्यम से जैन समाज ने सभी वर्गों के लोगों से जुड़ने का प्रयास किया है। जैन समाज के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने कहा होली परस्पर प्रेम का त्योहार है।




डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में संकृति विभाग द्वारा आयोजित अवध होलिकोत्सव में नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

# फूलों की होली और सूफी गायन के साथ अवध होलिकोत्सव का समापन

## राम मनोहर लोहिया पार्क में आयोजित हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति विभाग की ओर से राम मनोहर लोहिया पार्क में आयोजित दो दिवसीय अवध होलिकोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मथुरा से आईं वंदना श्री के साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली और दिल्ली से आये साधो बैंड का सूफी संगीत खास आकर्षण का केन्द्र रहा।

आज का कार्यक्रम लखनऊ की दीपिका मिश्रा ने अवधी लोक गायन से शुरू किया। संस्कृति विभाग ने अवध लोकोत्सव का आयोजन इस अंदाज में किया कि कार्यक्रम तो सिर्फ मुक्ताकाशी मंच पर ही हुआ लेकिन पूरा आयोजन स्थल होली के आकर्षण से दमकता दिखाई दिया। लोहिया पार्क का गेट घुसते ही अंदर रंगबिरंगे कपड़ों में मनभावन नृत्य करते कलाकारों के दल दिखाई दिए। कहीं फूलों की होली चल रही थी तो कहीं संगीत की स्वरलहरियां बिखर रही थीं। गेट के बाहर लिल्ली घोड़ी का नाच दिखाने वाले कलाकार मौजूद थे।

**▸▸ वाराणसी से आईं गायिका शैलबाला ने होली के गीत गाकर बांधा समां**

वाराणसी से आईं गायिका शैलबाला ने पहले राम की होली गाकर रामोत्सव का माहौल बनाया फिर काशी की विश्वप्रसिद्ध होली सुनाने से वह पीछे नहीं रहीं। उन्होंने सुनाया :- होली खेलें महादेव, तीनों लोक में रंग उड़ावें।

झांसी से आये रामाधीन आर्य ने फाग गायन कर लोगों को प्रभावित किया। गोविन्द (तबला) और ब्रजलाल (मंजीरा) की संगत में उन्होंने होली की तैयारी ब्रज में को बहुत अच्छे अंदाज में सुनाया। लखनऊ की प्रीति लाल के लोकगीत का कार्यक्रम भी यहां रखा गया था। अंत में दिल्ली से आये साधो बैंड ने अपने सूफी गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का दूसरा दिन सुर ताल और लय के अद्भुत संयोजन का साक्षी बना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रयागराज की वागीशा पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का दूसरा दिन सुर ताल और लय के अद्भुत संयोजन का साक्षी बना। दिल्ली से आईं उमा गर्ग एवं राजस्थान से डॉ. मधु भट्ट तैलंग तथा पं. आनंद वैद्य निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। प्रदेश के 18 संभाग से किशोर वर्ग गायन में चयनित होकर आए। प्रतिभागियों में 13 ने ख्याल तराना, तीन ने ध्रुपद धमार और पांच ने ठुमरी दादरा में प्रतिभाग किया।

नैनन सू बात करे बंदिश गाकर मेरठ से चयनित सौम्यजीत वेरा, प्रयागराज संभाग से चयनित वागीशा पांडेय ने राग यमन और शुद्ध सारंग में चतुरंग एवं लखनऊ की अनुषा त्रिवेदी ने सुनाकर अपनी गायन प्रतिभा का परिचय दिया। जग कर्तार तू ही रे बंदिश में छोटा ख्याल गाकर मऊ संभाग से चयनित रक्षा त्रिपाठी ने अपने रियाज़ का बखूबी परिचय दिया।

ध्रुपद धमार में कानपुर से चयनित अक्षिता अवस्थी ने राग भूपाली में चौताल प्रस्तुत किया। ठुमरी में हरि

**▸▸ प्रदेश के 18 संभाग से किशोर वर्ग गायन में चयनित होकर आए**

प्रिया पांडेय ने नैया परी मझधार बंदिश गाई। मेरठ संभाग से चयनित अनिकेत गोस्वामी ने पं. छन्नूलाल मिश्र द्वारा रचित ठुमरी गाई जिसके बोल थे लागे तोसे नैन। विंध्याचल संभाग से चयनित वर्षा बसाक ने उस्ताद बड़े गुलाम अली खां रचित ठुमरी आजा बालम परदेस की प्रस्तुति दी।

मिर्जापुर/विंध्याचल संभाग से चयनित विदुषी वर्मा ने राग मधुवंती में बड़ा ख्याल में पंछी उड़ चले एवं छोटा ख़्याल में ये रात नहीं अवसान प्रिए एवं ठुमरी में कैसे कटे दीन रैन राग मिश्र भैरवी की प्रस्तुति दी।

ख्याल तराना में वागीशा पांडेय प्रथम, अर्चिता मौर्या द्वितीय और देवांश मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। ध्रुपद धमार में अक्षिता अवस्थी ने प्रथम, अंशिका सिंह ने द्वितीय और दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं ठुमरी दादरा गायन में हरिप्रिया पांडेय ने प्रथम, विदुषी वर्मा द्वितीय और वर्षा बसाक तृतीय स्थान पर रहीं।

अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के मार्गदर्शन और रेनू श्रीवास्तव के समन्वयन में पवन कुमार, आकांक्षा श्रीवास्तव, रंजना, शशि श्रीवास्तव और आयुष आदि का सहयोग रहा।

### विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट विभूतियों को अग्रहरि भूषण अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** अग्रहरि वैश्य समाज लखनऊ के महिला एवं युवा मंडल के तत्वावधान में ऐशबाग रामलीला मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अग्रहरि और मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट विभूतियों को अग्रहरि भूषण से विभूषित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. निखिल गुप्ता, डॉ. हर्षित अग्रहरि, डॉ. श्वेता गुप्ता अग्रहरि, डॉ. श्वेता अग्रहरि, डॉ. रोमा, डॉ. अमित, एडवोकेट राधेश्याम अग्रहरि, संजीव अग्रहरि, आर्किटेक्ट अनुपमा अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, गौरीशंकर, योगेश गुप्ता, आरसी गुप्ता, विजय गुप्ता, कौशलेन्द्र गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, प्रेमकुमारी अग्रहरि समेत अन्य को सम्मानित किया गया।



कैफी आजमी सभागार में संवाद करते मुख्य अतिथि नरेश सक्सेना। अमृत विचार

### सीमा सिंह की कविताओं का फ़लक बहुत बड़ा है : नलिन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैफी आजमी अकादमी में आयोजित सेतु संवाद कार्यक्रम के तीसरे दिन सीमा सिंह की पुस्तक कितनी कम जगहें हैं के विमोचन के बाद वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना ने कहा कि सीमा सिंह की कविताओं में पुराने कवियों की ध्वनियां हैं। इससे पता चलता है कि इनका अध्ययन गहरा है। अपने लेखकीय वक्तव्य में सीमा सिंह ने कहा कि सत्ताएं आज़ाद अभिव्यक्ति से डरती हैं। इसीलिए वह उन पर पहरा लगाती हैं। उन्होंने कहा कि कविताओं ने उनके लेखक को जिम्मेदार बनाया। आलोचक नलिन रंजन सिंह ने कहा कि सीमा सिंह की कविताओं का फलक बहुत बड़ा है। उनके यहां मां से जुड़ी कविताएं हैं तो युगल प्रेम की कविताएं भी हैं। राजनीतिक कविताएं हैं तो विविध विषयों से जुड़ी कविताएं हैं। दूसरे सत्र में सुभाष राय, अनिल त्रिपाठी, नलिन रंजन सिंह, विशाल श्रीवास्तव, प्रीति चौधरी, आभा खरे, ज्ञानप्रकाश चौबे, शालिनी सिंह और इरा श्रीवास्तव का काव्यपाठ हुआ। दोनों सत्रों का संचालन शालिनी सिंह ने किया।

### राधा कृष्ण की फूलों की होली से माहौल हुआ होलीमय

**अमृत विचार, लखनऊ :** अग्रवाल सभा छावनी के सदस्यों ने अग्रसेन वाटिका सदर कैंट में रविवार को होली मिलन का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक सचिन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राजेश चंद्र अग्रवाल और मोहित अग्रवाल के मार्गदर्शन में वृन्दावन के कलाकारों ने होली खेलत हैं गिरधारी गीत के साथ जब राधा कृष्ण की फूलों की होली खेली तो पूरा माहौल होली मय हो गया।

वृन्दावन के कलाकारों ने फागुनवा में रंग रस बरसे, गीत के स्वर गूंजे तो माहौल फागुनी बन गया। फूलों की होली के दौरान संस्था के अध्यक्ष विनोद सिंघल, उपाध्यक्ष राजेश चंद अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, मंत्री श्रीमंदर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चेतन अग्रवाल और आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे, साथ ही राधाकृष्ण की झांकी पर फूल बरसाये।

# चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ रहीं महिलाएं : वंदना सहगल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने आज गोमतीनगर स्थित एक होटल में बहुप्रतीक्षित इंटरनल अवॉर्ड का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वंदना सहगल और प्रसिद्ध स्टैंड अप कॉमेडियन रवि गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वंदना सहगल ने कहा कि फिक्की फ्लो महिलाओं के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रही है। महिलाएं चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी सफलता की सीढ़ियां चढ़ती हैं। इस मौके पर फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन स्वाति वर्मा ने महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि फ्लो इंटरनल अवाड्र्स फ्लो कैलेंडर की सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में से एक है, क्योंकि यह आयोजन न केवल पहचान और पुरस्कार देता है बल्कि हमारे फ्लो सदस्यों की असाधारण महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों का उत्सव भी मनाता है।



फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर में इंटरनल अवॉर्ड जीतने वाली महिलाएं।

**▸▸ फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने किया इंटरनल अवॉर्ड समारोह का आयोजन**

इस वर्ष दिए गए मुख्य पुरस्कारों में मुख्यतः वर्ष 2023 / 24 के लिए सर्वश्रेष्ठ इवेंट चेयर स्मृति गर्ग जिन्होंने लक्षद्वीप में रिट्रीट की अध्यक्षता की। पूजा और आरुषि जिन्होंने दो दिवसीय फैशन और टेक्सटाइल कार्यक्रम अनंतम की अध्यक्षता की। सुरभि सहाय ने युवा की अध्यक्षता की।

सर्वश्रेष्ठ समिति स्टार्ट अप प्रियंका और सवनीत, कौशल में उत्कृष्टता अनुपमा और निवेदिता, प्रभावशाली नई भूमिका वनिता यादव और प्रज्ञा, माउंटेन मूवर्स शमा गुप्ता और मिताली ओसवाल, सर्वश्रेष्ठ मेंटर सिमरन साहनी, फ्लो कनेक्टर ऑफ़ द ईयर स्वाति मोहन और रानी सिंह वर्मा और माधुरी हलवासिया तथा फ्लो प्ले अवार्ड वाणी आनंद को दिया गया।

### विभा अग्रवाल बनीं नई चेयरपर्सन



विभा अग्रवाल

**अमृत विचार :** फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (फ्लो) ने फिक्की हाउस दिल्ली में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय परिवर्तन समारोह के माध्यम से वर्ष 2024-25 के लिए आने वाली नई चेयर पर्सन विभा अग्रवाल की नियुक्ति की घोषणा की। लखनऊ चैप्टर अगले वर्ष अपने संचालन के 10 वर्ष पूरे करेगा। विभा अग्रवाल एक दशक से अधिक समय से फ्लो लखनऊ चैप्टर की वरिष्ठ सदस्य रही हैं। वह लखनऊ में एक पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनी मेडेक्विप प्राइवेट लिमिटेड में निदेशक हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फ्लो लखनऊ चैप्टर के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हम आने वाले वर्ष में 10 नई साझेदारी, 10 मेगा इवेंट और 10 सामाजिक पहलों पर हस्ताक्षर करके नई पारी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि फिक्की फ्लो का सार जमीनी स्तर और बोर्ड रूम स्तर पर महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, जिससे महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा साझा किए गए विजन नारी सबल है कमजोर नहीं के अनुसार मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन सकें। कोर कमेटी के सदस्य 2024-25 के लिए वंदिता अग्रवाल सीनियर वाइस चेयरपर्सन, स्वाति मोहन वाइस चेयरपर्सन, सिमरन साहनी सचिव, मिताली ओसवाल संयुक्त सचिव, स्मृति गर्ग कोषाध्यक्ष, शमा गुप्ता संयुक्त कोषाध्यक्ष चुनी गईं।

# बबली नंदा और हरित सूरी बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित किए गए साराका कैप्टन गोल्फ टूर्नामेंट में सिद्धार्थ सागर ओवरऑल विजेता बने। तीन दिसवीस टूर्नामेंट रविवार को खत्म हुआ। इसके बाद विजेताओं के नाम घोषित किए गए और सभी को पुरस्कृत भी किया गया।

जूनियर वर्ग में हरित सूरी ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि अबीर सिंह उपविजेता रहे। महिला वर्ग में बबली नंदा चैंपियन बनी, जबकि डॉ.सृष्टि उपजेता रही। वेटरन वर्ग में नियरेस्ट टू पिन का खिताब देवेंद्र चौधरी को मिला। ओपन वर्ग में लांगेस्ट ड्राइव का खिताब अमन टंडन ने अपने नाम किया। सीनियर वेटरन वर्ग में शानदार खेल दिखा कर तिलक चैंपियन बने। डीपी त्रिपाठी उपजेता रहे। वेटरन वर्ग में वाईके गोयल चैंपियन और केके श्रीवास्तव उपजेता रहे। हालांकि केके श्रीवास्तव ने शानदार खेल दिखा कर गोल्फ प्रेमियों को दिल जीत लिया।



साराका कैप्टन गोल्फ टूर्नामेंट में जीतने वाले खिलाड़ी। अमृत विचार

**▸▸ गोल्फ टूर्नामेंट में सिद्धार्थ सागर बने ओवरऑल विजेता**

### सेवानिवृत्त शिक्षक हुए सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ की विद्यालय इकाई ने सेवानिवृत्त हुए दो शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कई संस्मरण भी साझा किये गए।

रेलवे हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रारंभिक विभाग से 35 वर्ष तक कार्यरत अरविंद कुमार दुबे और कमल कुमार मिश्रा सेवानिवृत्त हुए। ऐसे में उन्हें शाल भेंटकर सम्मानिक किया गया। समारोह के दौरान शिक्षण कार्य से जुड़े संस्मरणों को साझा किया गया। इस अवसर सुभाष चन्द्र गौड़, प्रतिमा माथुर, विमलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बृजेन्द्र बहादुर सिंह, जयप्रकाश पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हजरत अली न्याय व प्रेम के प्रतीक थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐनुल हयात ट्रस्ट ने पहले इमाम हज़रत अली की शहादत के ग़म में छोटा इमामबाड़ा में मजलिस का आयोजन किया। जिसे मौलाना अली अब्बास ख़ान ने ख़िताब किया। मजलिस से पहले अहसन नासिर और वसी अहमद ने दर्द भरी आवाज़ में हज़रत अली को नजराना-ए-अक़ीदत पेश करते हुए अपने कलाम पेश किये। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अली अब्बास ख़ान ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम के दामाद हजरत अली अलैहिस्सलाम इंसाफ व मोहब्बत के पैकर थे। वह कहते थे कि लोगों यह जान लो कि तुम्हारे कामों की कसौटी मज़हब है, तुम्हें बचाने वाला अल्लाह का खौफ है। हज़रत अली की शहादत की घटना बयान करते हुए मौलाना ने बताया कि शहादत की रात इफ्तार के लिए उन्हें छोटी बेटी हजरत उम्मे कुलसूम के घर जाना था। इफ्तार के वक़्त उन्होंने सिर्फ तीन निवाले खाना खाया और फिर इबादत में लीन हो गए। वे उस रात सुबह तक बेचैन रहे। हर थोड़े वक़्त बाद आसमान और सितारों को देखते और जैसे जैसे भोर का वक़्त पास आता जा रहा था उनकी बेचैनी बढ़ती जा रही थी। वह कह रहे थे मुझसे शहादत के लिए जिस रात का वादा किया गया था, वह यही रात है। वह रात ख़त्म हुई और हजरत अली सुबह के वक़्त नमाज के लिए मस्जिद की ओर बढ़े। वह नमाज के लिए खड़े हुए। जब हजरत अली सजदे में गये तो इब्ने मुल्जिम नामक इंसान ने ज़हर से बुझी तलवार से उनके सिर पर एक वार किया। इस वार से उनका सिर माथे तक फट गया और ख़ून फव्वारे की तरह निकलने लगा। उन्होंने कहा रब्बे काबा की क़सम मैं क़ामयाब हो गया। हमले के बाद उन्होंने बैठकर ही नमाज पूरी की। जहर का असर उन पर हावी होता जा रहा था। अपने बच्चों से उन्होंने हमलावर के साथ नरमी से पेश आने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके साथ सख्ती की गई तो यह बदकिस्मत इंसान बन जायेगा।

## सार-संक्षेप



प्रादेशिक सम्मेलन में मौजूद इलाहाबाद बैंक रिटायरीज एसोसिएशन के सदस्य।

### दो दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इलाहाबाद बैंक रिटायरीज एसोसिएशन की स्टेट इकाई दो दिवसीय प्रादेशिक सम्मेलन का समापन रविवार को हो गया है। चारबाग स्थित एक निजी होटल में आयोजित इस सम्मेलन के दौरान एसोसिएशन के यूनिट अध्यक्ष बीएन दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण वर्मा महामंत्री, राम नाथ मेहरोत्रा, एस पी शर्मा, अंबरीश खन्ना, यू एस द्विवेदी, अशोक कुमार मेहरोत्रा, संत शरण, प्रदेश ऑडिटर रवींद्र गांधी सहित कई कार्यकारिणी सदस्य के अलावा प्रदेश के कई स्थानीय संगठनों के डेलीगेट उपस्थित हुए। सम्मेलन के दौरान बैंकिंग सेक्टर की गतिविधियां, सर्विस कंडीशन, सैलरी रिवीजन, पेंशन अपडेशन, हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी, संगठन को मजबूत करने का आग्रह, बैंक की रिटायरीज की समस्याएं सहित कई गंभीर विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

### नमाज हर बालिग व्यक्ति पर वाजिब है

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़मा सैयद सादिक़ हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों को रोजा, नमाज और अन्य धार्मिक मुद्दों पर पूछे जा रहे सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल द्वारा दिए जा रहे हैं। रविवार को एक रोजेदार ने पूछा कि नमाज पढ़ाने वाले इमाम का क्या आगे खड़े होकर नमाज पढ़ाना जरूरी है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि जमाअत की नमाज के लिए अगर इमामे जमाअत थोड़ा आगे खड़ा हो जाए तो काफी है। हेल्पलाइन के सामने एक सवाल आया कि अगर किसी व्यक्ति के गुर्दे में पथरी हो तो क्या वह रोजा रख सकता है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया अगर रोज़ा रखने मे उसे हानि न हो तो वह रोजा रख सकता है। एक शख्स ने सवाल पूछा कि सूर्य और चंद्रमा ग्रहण की नमाज जिसको नमाजे आयात कहते हैं, क्या प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है ? जवाब आया कि हां, नमाजे आयात हर बालिग और अक्ल रखने वाले व्यक्ति के लिए अनिवार्य है।

### आईजी ने किया बॉर्डर एरिया का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा आम चुनाव को देखते हुए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) गोमती नगर स्थित सीमांत मुख्यालय के आईजी रत्न संजय ने सीमा चौकी हाकिमपुरवा का दौरा किया और भारत-नेपाल सीमा पर चेक पोस्ट एवं नाका पॉइंट पर जाकर सुरक्षा का जायजा लिया। इसके बाद सीमा चौकी हाकिमपुरवा में सैनिक सम्मेलन कर जवानों का हाल-चाल जाना एवं उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान भी किया। इस दौरान आईजी ने नेपाल सीमा पर ड्यूटी के दौरान सतर्कता बरतते हुए सीमा क्षेत्र पर होने वाली सभी अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए जवानों को निर्देश दिए।

## साई बाल और साई शक्ति ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के फाइनल फेज में साई बाल और साई शक्ति टीमों ने अपने मुकाबले जीत लिए। अन्य मुकाबलों में ओडिसा नवल टाटा हाईपरफार्मेंस सेंटर और जयभारत अकादमी ने जीत दर्ज की। गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में रविवार को चार मुकाबले खेले गए। साई बाल और राजा करन हॉकी अकादमी के बीच मुकाबला एकतरफा रहा। साई बाल टीम की बालिकाओं ने मैच में शुरुआत से ही दबदबा कायम कर लिया और 10-0 से जीत दर्ज की। विजेता टीम से एसएस पुरी और तनीषा इक्का ने तीन-तीन, गुंजन कुमार, एमपी देवी, लालपीकसांगी औरएम मुंडू ने एक-एक गोल किए। दूसरे मुकाबले में साई शक्ति और हर हॉकी अकादमी के बीच रोमाचंक मुकाबला देखने को मिला, लेकिन निर्णायक मौकों

**▸▸ खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग**

पर साई शक्ति की खिलाड़ियों बाजी मारते हुए 3-1 से जीत दर्ज की। विजेता टीम ने पूर्णिमा यादव ने दो और बिनीता मिंज ने एक गोल किया। तीसरे मुकाबले में ओडिसा नवल टाटा हाईपरफार्मेंस सेंटर ने भाई भेलो अकादमी पर गोलों की बारिश की और 14-0 से शानदार जीत दर्ज की। विजेयी टीम से स्वीटी ने हैट्रिक समेत पांच गोल ठोके। पायल सोनकर ने चार गोल किए। आज के अंतिम मुकाबले में प्रीतम सिवाच अकादमी का सामना जयभारत अकादमी से हुआ। यह मुकाबला भी एकतरफा रहा, जिसमें प्रीतम सिवाच की बालिकाओं ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते हुए 7-2 से जीत दर्ज की। विजेता टीम से सुखप्रीत ने सबसे ज्यादा तीन गोल किए। दिया ने दो और रितिका और नैंसी ने एक-एक गोल किए।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह प्रथम की टीम लखनऊ जिला पुरुष व महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के दोनों वर्गों में खिताबी जीत दर्ज की। लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप में पुरूष वर्ग के फाइनल में केडी सिंह प्रथम ने क्रांति क्लब को 18-12 गोल से हराते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। दूसरी ओर महिला वर्ग के फाइनल में केडी सिंह प्रथम ने जीजीआईसी गोमतीनगर को 20-6 गोल से शिकस्त दी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय विजेता और उजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।




विजेता टीम को सम्मानित करते उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के सचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय। अमृत विचार

इस अवसर पर लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, सचिव डॉ. सुमंत पाण्डेय, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच

**▸▸ जिला पुरुष और महिला हैंडबॉल चैंपियनिशप**

**▸▸ दोनों वर्गों में केडी सिंह प्रथम की टीम बनी विजेता**

मो. तौहीद, हैंडबॉल के भूतपूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश भट्ट, राजन दीक्षित, राजेंद्र मिश्रा, आकाश, सलमान चौधरी, सुधीर, अनूप शर्मा, हलीम, संजय कुमार पांडेय, अंकिता, सिम्मी व अन्य मौजूद रहे। इससे पहले चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के आयोजन सचिव अमित कुमार पांडेय ने किया था। लीग आधार पर आधारित इस चैंपियनशिप में पुरूष व महिला वर्ग में 8-8 टीमों ने प्रतिभाग किया था।

## एक नजर

### आडवाणी के राष्ट्र प्रथम की भावना का सम्मानः योगी

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : पूर्व उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को ''भारत रत्न'' से सम्मानित किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी। सोशल मीडिया अकाउंट ''एक्स'' पर योगी ने लिखा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा ''भारत रत्न'' से विभूषित होने पर भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं हम सभी के मार्गदर्शक, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को हार्दिक बधाई। यह अलंकरण उनकी लोक-निष्ठा, ''राष्ट्र प्रथम'' की भावना एवं ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' के निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदानों का सम्मान है।

### 190 लीटर कच्ची शराब के साथ 13 आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जहरीली शराब की बिक्री और उसके निर्माण को ध्वस्त करने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 190 लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। टिकैतनगर पुलिस ने 4 आरोपियों को 50 लीटर, रामनगर पुलिस ने तीन को 29 लीटर जबकि कोठी पुलिस ने छह आरोपियों को 111 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने अभियान चला रखा है। इसी के तहत कार्रवाई की गई।

### सौ ग्राम अफीम बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दरियाबाद पुलिस ने मिर्दहान कस्बा व थाना क्षेत्र दरियाबाद निवासी अब्दुल हमीद उर्फ नदीम को रविवार को सौ ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# दो महीने नहीं मिला बिजली बिल तो उपभोक्ता को मिलेगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कंपनियों को देना होगा पांच सौ रुपये महीने के हिसाब से भुगतान
- विद्युत वितरण संहिता 2005 में किया गया है इसका प्रावधान
- बिल मिलने पर उपभोक्ता कर सकता है मुआवजे की मांग

**अमृत विचारः** बिजली कनेक्शन जारी होने के बाद विभाग ने यदि बिल नहीं भेजा तो इससे उपभोक्ता को फायदा होगा। कनेक्शन के दो महीने बाद से बिल न मिलने तक विद्युत कंपनी को 5सौ रूपये प्रति माह उपभोक्ता को मुआवजा देना होगा। उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष के अनुसार राजधानी में कनेक्शन मिलने के महीनो बाद भी उपभोक्ताओं को बिल नहीं मिल रहे हैं। ऐसे मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बिजली कंपनियों की लचर मॉनिटरिंग के बाद भी बरती जा रही उदासीनता पर पावर कारपोरेशन को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

उप्र राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विद्युत वितरण संहिता 2005 की धारा 7.7.2 में प्रावधान है कि विद्ययुत उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन जारी करने की तारीख के दो बिलिंग चक्र में बिल मिलना चाहिए। इसमें देरी होने पर प्रत्येक बिल के एवज में उपभोक्ता को पांच सौ रूपये मुआवजा मिलना चाहिए। ऐसे मामलों की त्रैमासिक रिपोर्ट भी बिजली कंपनियों को नियामक आयोग को सौंपनी होगी। उन्होंने बताया कि मुआवजा कानून को शत प्रतिशत लागू कराने की मांग पहले भी की जा चुकी है। जिससे उपभोक्ता की हर समस्या का समाधान तय समय सीमा में हो सके। इसके उल्लंघन पर उन्हें मुआवजा मिल सके। उन्होंने कहा कि लखनऊ की तरह प्रदेशभर में ऐसे तमाम उपभोक्ता हैं जिन्हें कनेक्शन देने के बाद भी बिल जारी नहीं किये गये हैं। परेशान उपभोक्ता कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

> नये कनेक्शन की बिलिंग के लिए उपकेंद्र अधिकारी ही जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में बिल के विलम्ब होने पर उन पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही देरी से बिल के मिलने पर मुआवजा का कोई प्रावधान है तो उपभोक्ता शिकायत दर्ज करा सकता है।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

# आग से दोना-पत्तल व कपड़े की दुकान का सामान जला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजाजीपुरम के ई-ब्लॉक मार्केट में हुआ हादसा



**अमृत विचारः** राजाजीपुरम के ई-ब्लॉक मार्केट में रविवार को आग से दोना-पत्तल व कपड़े की दुकान में लाखों का सामान खाक हो गया। उधर, आलमबाग में एसयूवी कार व चौक में लकड़ी के ढेर में भी आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

ई-ब्लॉक में टडियन मंदिर के पास आलमनगर के सरीपुरा निवासी प्रिया अग्रवाल की दोना-पत्तल और बगल में बुद्धेश्वर निवासी पुनीत की कपड़े की दुकान है। रविवार को शॉर्ट सर्किट से पत्तल की दुकान में आग लग गई। दुकान में मौजूद लोगों ने बाहर भाग कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, तब तक आगे ने कपड़े की दुकान को भी चपेट में ले लिया। इससे भगदड़ की स्थिति बन गई। व्यापार मंडल अध्यक्ष रिषभ गुप्ता ने दमकल कर्मियों और पुलिस को सूचना दी। दमकलकर्मियों ने जब तक आग पर काबू पाया सामान खाक हो चुका था। एफएसओ आलमबाग ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही। उधर, आशियाना के एलडीए कॉलोनी निवासी मनोज कुमार श्रीवास्तव रविवार सुबह पांच बजे एसयूवी से भतीजे व अन्य रिश्तेदारों को छोड़ने चारबाग जा रहे थे। आलमबाग में पकरी के पुल के करीब एसयूवी के बोनट में आग लग गई। उन्होंने आनन-फानन गाड़ी रोक सभी को बाहर निकला। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इधर चौक स्थित जुबली कॉलेज के मैदान में लकड़ी के ढेर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

# बाल विकास पुष्टाहार विभाग के बाबू के घर से 30 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत चोरों ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग के बाबू के घर से करीब 30 लाख की चोरी की है। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़ कीमती ज्वैलरी और नकदी साफ कर दी। जिस वक्त चोरों ने वारदात को अंजाम दिया उस वक्त वह सपरिवार पैतृक गांव में थे। चोरों की तलाश में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, अहिमामऊ ग्रीन सिटी निवासी अजीत प्रताप सिंह यादव दो भाईयों के साथ रहते हैं। वह बाल विकास पुष्टाहार विभाग में क्लर्क के पद कार्यरत हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि होलिकोत्सव पर वह भाईयों के साथ पैतृक गांव बाराबंकी जनपद गए थे। शनिवार रात वह घर लौटे तो मेनगेट का ताला टूटा मिला। कमरे की फर्श पर घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद पीड़ित ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना कर मौजूद लोगों से पूछताछ की। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने घर में रखी गुल्लक से करीब 63 हजार की नकदी समेत कीमती ज्वैलरी, घरेलू उपकरण व सरकारी दस्तावेज पार कर दिए है। पीड़ित का कहना है कि चोरों ने घर से करीब 30 लाख रुपये की चपत लगा दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, चोरों की तलाश में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# टोकने पर हुई थी रिटायर्ड जल निगम कर्मी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले से घर आता जाता था आरोपी, पता था अकेले रहते हैं
- 24 घंटे में हत्या का खुलासा कर आरोपी को भेजा जेल
- गाजीपुर थाना क्षेत्र निवासी बुजुर्ग की हत्या का मामला

**अमृत विचारः** गाजीपुर इलाके में जल निगम से रिटायर्ड एकाउंटेंट प्रेम नारायण अग्रवाल (92) की हत्या लूट का विरोध करने पर की गई थी। आरोपी उनके घर पहले से आता-जाता था। घटना वाले दिन रेकी के बाद उसने वारदात अंजाम दी। पुलिस ने 24 घंटे में घटना का खुलासा कर आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लूट का सामान बरामद कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान इंदिरानगर के सी-ब्लाक निवासी आकाश बाल्मीकि उर्फ मैलू के रूप में हुई है। पूछताछ में बताया कि घटना से पहले वह काफी देर इलाके में टहल रहा था। वह प्रेम नारायण के घर सफाई करने पहले गया था। इसके चलते उसे पता था कि वह घर में अकेले रहते हैं। वह टहलते हुए पहुंचा तो गेट खुला मिला। अंदर पहुंचा तो प्रेम नारायण बरामदे में नहाकर बैठे मिले। उसे देखते ही टोका तो पकड़े जाने के डर से पीछे से पहले हाथों से गला दबाया फिर कुर्ते से गला कस हत्या कर दी। इसके बाद अलमारी से सोने-चांदी के गहने और नकदी झोले में भर फरार हो गया था। डीसीपी ने बताया कि आरोपी के पास से लूट का माल बरामद कर लिया है।

### 35 मिनट में सामान लूट कर निकला

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि आरोपी युवक प्रेम नारायण की हत्या की। इसके बाद करीब 35 मिनट तक कमरे में रुका, एक-एक सामान की जांच की। इसके बाद 34 चांदी के सिक्के, सोने के गहने और एक लाख नकद रुपये लूट कर भाग निकला।

### सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से हुई पहचान

एसीपी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित की थी। दो टीमों ने सर्विलांस कैमरे चेक किये। इस दौरान आकाश के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। जिसमें वह लूट के माल समेत वाशिंग मशीन के पीछे छुपाते दिखा। इसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### यह है मामला

इंदिरानगर के ए ब्लाक में रहने वाले जलनिगम से रिटायर्ड प्रेम नारायण अग्रवाल की शनिवार को लूट के बाद हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने को प्रेम नारायण का शव अर्धनग्न हालत में पड़ा मिला था। घटना के बाद से ही लोग तरह तरह के कयास लगा रहे थे।



समारोह में मौजूद शिल्पी सिंह, मंजू वर्मा, सुमित्रा, अनामिका, शैलू सिंह, महक, रिंकी, शिल्पी व कोमल। अमृत विचार

# संयुक्त व्यापार मंडल की महिला इकाई ने मनाया होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की महिला इकाई ने रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) गुड़िया निगम द्वारा सभी महिलाओं को अबीर-गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर महिलाओं ने संगठन के मुखिया अंजनी कुमार पांडे का सम्मान किया। समारोह में शिल्पी सिंह, मंजू वर्मा, सुमित्रा, अनामिका, शैलू सिंह, महक, रिंकी, शिल्पी, कोमल आदि महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। होली मिलन के इस समारोह में संगठन के महासचिव निलेश सिंह, कोषाध्यक्ष निखिलेश यादव, प्रदेश महासचिव राम तिवारी, एवं संरक्षक सूर्यनारायण तिवारी मौजूद रहे।

# कायस्थ समाज के हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने होली मिलन समारोह में दी बधाई

**अमृत विचार** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का होली मिलन समारोह रविवार को चिनहट स्थित जारंग इन होटल में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए कायस्थ समाज का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि भारत का गौरव बढ़ाने वाली, उज्ज्वला और उजाला योजना, आयुष्मान योजना और मुफ्त राशन वितरण, किसान निधि, बच्चे, बूढ़े, युवा, महिला सभी के जीवन स्तर को बेहतर करने वाली भारतीय जनता पार्टी कायस्थ समाज के हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी। आनंद द्विवेदी ने कहा कि देश की आजादी से पहले और बाद में भी कायस्थ समाज का अहम योगदान रहा है। सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, खुदीराम बोस, प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद, प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, लोक नायक जय प्रकाश नारायण आदि कई विद्वान और क्रांतिकारी हुए।

कार्यक्रम में कायस्थ महासभा के महामंत्री उमेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश अस्थाना, अजीत श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष कुलदीप श्रीवास्तव, हरि किशन श्रीवास्तव एवं अन्य जन उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



फूलों की होली खेलते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- युवा व्यापार मंडल के नेतृत्व में तालिब धर्मशाला में होली मिलन समारोह मनाया गया

**अमृत विचारः** आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के नेतृत्व में जयप्रकाश नगर तालिब धर्मशाला में होली मिलन समारोह मनाया गया। इसमें फूलों की होली राधा कृष्ण के साथ खेली गई।

नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल ने लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री अभिषेक खरे समेत कई पदाधिकारियों का सम्मान शाल एवं माला पहनाकर किया गया। होली मिलन समारोह में आयोजक एवं आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, चेयरमैन कमल चौधरी, वरिष्ठ महामंत्री, राजेश बत्रा, महामंत्री उपकार सिंह, राजन सोनकर, संतोष तिवारी, रूबल सिंह, रोहित पंजवानी, गौतम नागपाल, दीपक सदन, सुरेंद्र सिंह समेत कई व्यापारी नेताओं की मौजूदगी रही।

# अतिक्रमण से शुरू नहीं हो पा रहा कमता ठहराव स्थल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यात्रियों को रोजाना करना पड़ता है दिक्कतों का सामना

**अमृत विचारः** शहर को जाम मुक्त करने के लिए पांच ठहराव स्थल बनाए गए हैं। इसमें शामिल कमता ठहराव स्थल पर ठेले-खोमचे वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। अवध बस डिपो से आने वाली बसें भी यहीं सवारियां उतारती हैं। बसें अव्यवस्थित खड़े होने से जाम की समस्या बढ़ जाती है।

कमता ठहराव स्थल यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया था। किंतु इस पर स्थानीय लोगों ने कब्जा कर लिया है। इससे कोई विरोध नहीं करता है। ऑटो-टैंपो के लिए आरक्षित जगह पर ठेली खोमचे वाले दुकानें लगाते हैं।कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस दुकानदारों से हफ्ता लेती है, इस कारण कार्रवाई नहीं होती है।

इस संबंध में टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने कहा कि कई बार नगर निगम को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। अतिक्रमण के कारण ऑटो-टैंपो का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है।

# माता-पिता की तरह ही प्रभु भी करते हैं रक्षा

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचारः** भगवान शरणागत वत्सल हैं, वह अपने आश्रितों की वैसे ही रक्षा करते हैं, जैसे माता-पिता अपने अबोध बालक की करते हैं। यह विचार इत्र नगरी कन्नौज से पधारे संयासी चेतन स्वामी ने मानस सम्मेलन के 7वें दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब जीव अपने साधनों का अभिमान छोड़कर एकमात्र भगवान को ही सर्व समर्थ और सर्वत्र मानकर विश्वास पूर्वक उनकी शरण स्वीकार करता है तब वह उसकी रक्षा करने में विलंब नहीं करते। गोसाईगंज लखनऊ से पधारे स्वामीदिन शुक्ल रामायण ने बताया कि धर्म और अन्य के मार्ग पर चलने वाला चाहे जितना अपना निकट संबंधी हो, वह भी त्याग देने योग्य है।

# सवा करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

राज्य, ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के कई जिलों में एसटीएफ द्वारा की गई कार्रवाई में कई गिरफ्तार, 1200 पेटी शराब बरामद

**अमृत विचारः** एसटीएफ की कार्रवाई में रविवार को प्रदेश के विभन्न जिलों से कई अपराधी गिरफ्तार हुए हैं। इन आरोपियों में कई तो गंभीर अपराध में लिप्त थे। बड़ी कार्रवाई फिरोजाबाद के टुंडला में हुई, जहां एक अपराधी को सवा करोड़ कीमत की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गाजियाबाद कमिश्नरेट के विजयनगर थानांतर्गत आर्मी ग्राउंड भूडभारत चौकी क्षेत्र सेक्टर नौ से तीन अभियुक्तों शारिक, शाकिर और मो. खालिद को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के पास से लूट के आभूषण, 315 बोर तमंचा मय कारतूस और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं वाराणसी कमिश्नरेट थाना शिवपुर में गोपाल एवं अभय को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक ट्रक और टायर के साथ आठ पहिया बरामद किया गया। बुलंदशहर के थानागुलावठी में एसटीएफ ने मुंशी नामक अपराधी को गिरफ्तार किया। मुंशी अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करता था। इसके पास से 23 निर्मित अवैध तमंचा, कई खोखा कारतूस बरामद किया गया। मैनपुरी के थाना कुरावली में विशाल उर्फ नन्ने को चोरी की 11 मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं हापुड़ जिले के थाना हापुड़ देहात से फार्रुख निवासी मेरठ को अवैध शस्त्र फैक्ट्री में 22 अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी जिले के थाना सिंभावली से मोहित, अरुण और गोल्डी को चोरी के सात मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया गया। फिरोजाबाद के टुंडला से गुरचरण उर्फ चन्नी को एक करोड़ 25 लाख कीमत की 12 सौ पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# खेत में बुजुर्ग का शव मिलने से मचा हड़कंप

गोंडा कार्यालय

- नगर कोतवाली के इंदिरापुरम गांव के निकट पानी की टंकी के पास मिला शव

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के इंदिरा इंदिरापुरम गांव के निकट पानी की टंकी के पास स्थित खाली पड़ी जमीन में एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे मोर्चरी में रखवा दिया है और उसकी शिनाख्त में जुटी है। इस बीच पुलिस ने आसपास से कई लोगों को बुलवाया लेकिन शव की पहचान नहीं हुई।

कोतवाली क्षेत्र के सेमरा चौकी प्रभारी उदित वर्मा ने बताया कि शनिवार की देर रात इंदिरापुर गांव में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो पानी की टंकी के पास खाली पड़ी जमीन में एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ था। उसकी उम्र करीब 60 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसके पास से किसी तरह का कोई पहचान पत्र या अभिलेख नहीं मिला है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है और शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

# भाजपा सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यावसायिक वर्गों से करेगी संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को दिया गया अंतिम रूप
- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही पार्टी : राठौर

**अमृत विचार :** भाजपा ने रविवार को आयोजित विशेष सम्पर्क अभियान की बैठक में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व व्यवसायिक वर्गों में सेमिनार से टू-वे डॉयलाग और सम्पर्क से संवाद की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया।

भाजपा विशेष सम्पर्क अभियान के तहत शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षण संस्थान प्रमुख, व्यावसायिक केन्द्र, व्यापारी, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, अवकाश प्राप्त अधिकारी, पूर्व सैनिक, उद्योगपति, सीए, प्रवासी भारतीय, साहित्यकार, स्तम्भकार, कवि, धार्मिक अध्यात्मिक प्रमुख, प्रबुद्ध वर्ग सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यावसायिक क्षेत्रों से जुडे. लोगों के साथ सम्पर्क करेगी तथा सेमिनार के माध्यम से संवाद स्थापित करेगी।

राज्य मुख्यालय पर हुई बैठक में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सहसंयोजक व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि भाजपा सतत सम्पर्क व संवाद के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के मंत्र के साथ लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाएं, ऐतिहासिक निर्णय, विकसित भारत का संकल्प तथा देश की आन्तरिक व वाह्य सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था के 10 वर्षों का लेखा-जोखा लेकर प्रत्येक व्यक्ति व प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंचना है। उन्होंने कहा कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक सम्पन्नता के साथ विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। आज भाजपा अपने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, जिससे देश की सांस्कृतिक आभा से पूरा विश्व आलोकित हो रहा है और आंतकवाद व नक्सलवाद का खात्मा करते हुए विश्व क्षितिज पर भारत ने स्वयं को मजबूत किया है। इस दौरान अभियान के सहसंयोजक डा. अभयमणि त्रिपाठी, एमएलसी उमेश द्विवेदी, पवन चौहान, महंत दिव्यागिरि सहित प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक उपस्थित रहे।

### विशेष सम्पर्क अभियान के लिए 1100 सदस्य चयनित

अभियान के प्रदेश संयोजक ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक लोकसभा स्तर पर विशेष सम्पर्क अभियान के लिए 1100 सदस्य चयनित किए गए हैं। जो अपने-अपने सम्पर्क वर्ग में टोली बनाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का पत्रक लेकर सम्पर्क करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न प्रोफेशनल्स के साथ सेमिनार आयोजित कर टू-वे डॉयलाग के माध्यम से 10 वर्षों में हुए देश के परिवर्तन पर संवाद करेंगे।

### भाजपा ने तय किए तीन सह प्रभारियों के क्षेत्र

भाजपा ने तीन सह प्रभारियों संजीव चौरसिया, संजय भाटिया व रमेश बिधूड़ी के बीच कार्य का बंटवारा किया है। संजीव चौरसिया को अवध और कानपुर क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। रमेश विधुड़ी को पश्चिम व ब्रज क्षेत्र और संजय भाटिया को काशी और गोरक्ष क्षेत्र का काम सौंपा गया है। तीनों को अपने-अपने क्षेत्रों के हर लोकसभा क्षेत्र में बने क्लस्टर का दौरा शुरू कर जायजा लेने को कहा गया है। जबकि लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा खुद सोमवार से काशी, गोरखपुर और कानपुर क्षेत्र का दौरा करेंगे।

# 17 जिलों में कांग्रेस के नए जिला व शहर अध्यक्ष घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनीतिक मामलों की कमेटी में आठ नए सदस्य शामिल

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस ने प्रदेश के 17 जिलों में संगठन स्तर पर फेरबदल करते हुए नए जिला व शहर अध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। इसके अलावा प्रदेश की राजनीतिक मामलों की कमेटी में आठ नए सदस्य शामिल किए गए हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी सूची मे 21 नए पदाधिकारी बनाए गए हैं। अमित श्रीवास्तव त्यागी को लखनऊ शहर प्रथम व डॉक्टर शहजाद आलम को लखनऊ शहर द्वितीय का अध्यक्ष बनाया गया है।

अन्य पदाधिकारी में विनीत त्यागी को गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। दीपक भाटी चोटीवाला को गौतमबुद्ध नगर का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह, मुकेश यादव को नोएडा शहर का अध्यक्ष बनाया गया है। अखलाक प्रधान को शामली का जिला व लोकेश कटारिया को शहर अध्यक्ष बनाया गया है। विक्रम वाल्मीकि को मथुरा शहर, अरुण शर्मा को आगरा जिला व अमित दिवाकर को आगरा शहर का अध्यक्ष बनाया गया है। ठाकुर सोमवीर सिंह को अलीगढ़ का जिला अध्यक्ष, नावेद खान को अलीगढ़ शहर, योगेंद्र सिंह यादव को जिला अध्यक्ष झांसी, राजेश रजक जिला अध्यक्ष ललितपुर, वीरेंद्र सिंह चौहान जिला अध्यक्ष फतेहपुर व मोहम्मद आरिफ गुड्डा को फतेहपुर शहर का अध्यक्ष बनाया गया है। गौरव पांडे जिला अध्यक्ष कौशांबी, शकील अंसारी सुल्तानपुर शहर, संदीप विश्वकर्मा गाजीपुर शहर व उमाशंकर पाठक को बलिया का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा प्रदेश की राजनीतिक मामलों की कमेटी में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, इमरान प्रतापगढ़ी, शेखर बहुगुणा, इमरान किदवई, नदीम जावेद, योगेश दीक्षित व मनोज त्यागी को शामिल किया गया है।

# रामलला के दर्शन कर भावविभोर हो उठे तीन राज्यों के राज्यपाल

**भ्रमण**

▸▸ दर्शन के बाद एकटक गर्भगृह निहारते रहे गुजरात, सिक्किम और मेघालय के गवर्नर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य राम मंदिर में दर्शन पूजन करने के लिए रविवार को गुजरात, सिक्किम और मेघालय के राज्यपाल अयोध्या पहुंचे। तीनों ही रामलला के दर्शन कर भावविभोर हो उठे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वागत किया तो पुजारी ने रामनामी ओढ़ाकर प्रसाद भेंट किया।



एयरपोर्ट से बाहर निकलते सिक्किम के राज्यपाल।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने परिवार के साथ रामलला का दर्शन किया। अमृत विचार

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से श्रद्धालु ही नहीं अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या पहुंच दर्शन पूजन कर चुका है। अब राज्यों के राज्यपाल भी अयोध्या दर्शन को पहुंच रहे हैं। रविवार को सबसे पहले मेघालय के राज्यपाल राज्यपाल फागू चौहान अपने पैतृक आवास आजमगढ़ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे और रामलला का दर्शन किया। उसके बाद सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। फिर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय श्रीराम एयरपोर्ट पर पहुंचे। प्रोटोकॉल के तहत दोनों राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया। लगभग 5 मिनट तक खड़े होकर गर्भगृह निहारते रहे। सर्किट हाउस में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भगवान रामलला का दर्शन पाने के लिए मैं काफी उत्साहित था। केवल अहसास कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि रामनवमी को लेकर बहुत ही सुन्दर व्यवस्था है। कोई कठिनाई दिखाई तो नहीं पड़ रही। गुराजत के राज्यपाल ने देर शाम सरयू जी की आरती भी की।

# कुशाग्र के हत्यारोपियों पर गैंगस्टर, प्रभात गैंग लीडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ट्यूशन टीचर व प्रभात के दोस्त को बनाया गैंग का सदस्य

**अमृत विचारः** रायपुरवा निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया (16) का अपहरण कर हत्या करने के आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी प्रभात को गैंग लीडर और ट्यूशन टीचर व एक अन्य को गैंग सदस्य बनाया है। आरोपियों के खिलाफ रायपुरवा थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।



कुशाग्र।

रायपुरवा निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया का बेटा हाईस्कूल का छात्र कुशाग्र बीते वर्ष 30 अक्टूबर को कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान आरोपी उसे बहाने से दर्शनपुरवा ले गए थे, जहां उसकी रस्सी से गला कस कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने कुशाग्र की पूर्व ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला और प्रभात के दोस्त को गिरफ्तार किया था। रविवार को रायपुरवा थाने में इंस्पेक्टर संतोष कुमार गौड़ ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। ट्यूशन टीचर रचिता के प्रेमी प्रभात को गैंग लीडर बनाया गया, जबकि रचिता व प्रभात के दोस्त को गैंग का सदस्य बनाया गया है। तीनों हत्यारोपी जेल में हैं।

**एक नजर**

## आज से मेनका गांधी करेंगी प्रचार की शुरुआत



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की मौजूदा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी पर भाजपा ने भरोसा जताते हुए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। उम्मीदवार बनाए जाने के बाद सोमवार को संसदीय क्षेत्र पहुंच रहीं मेनका संजय गांधी चुनावी प्रचार की शुरुआत करेंगी। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के रास्ते सोमवार को तीन बजे कूरेभार पहुंचेगी जहां पार्टी के लोग उनका स्वागत करेंगे। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि मंगलवार को सांसद चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेंगी।

## गंगा नहाने गया युवक डूबा, मौत

**कानपुर, अमृत विचार :** साथियों के साथ गंगा नहाने कोयला घाट गया युवक नदी में डूब गया। गोताखोरों ने शव निकालकर पुलिस को सूचना दी। कैंट थानाक्षेत्र के आनंद नगर निवासी जगदीश प्रसाद का बेटा सत्यम कुमार (21) प्राइवेट कंपनी में शेयर मार्केट का कार्य करता था लेकिन डेढ़ माह पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। शनिवार को गंगा मेला पर सत्यम दोस्त रोहित के साथ बिरहाना रोड गया था। होली खेलने के बाद सभी दोस्त गंगा नहाने कोयला घाट चले गए। वहां सत्यम डूब गया।

## कारोबारी ने लगाई फांसी

**कानपुर, अमृत विचार :** बर्रा-6 निवासी गुलकंद कारोबारी गोविंद मिश्रा (35) ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ब्रह्मस्वरूप ने बताया कि वर्ष 2016 में हमीरपुर निवासी मंजू से उसकी शादी हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। बीते जनवरी माह में बहू मंजू मायके गई थी और लौट कर नहीं आई जिससे बेटा अवसादग्रस्त रहता था।

# महिला ने बेटे के साथ मिलकर की थी महंत की हत्या

## सीतापुर में 24 मार्च को हुई थी वारदात, आरोपी से महंत के थे अवैध संबंध

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचा र:** मिश्रिख कोतवाली इलाके में महंत की टुकड़ों में हत्या कर शव फेंके जाने के मामले में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने हत्यारोपी महिला और उसके बेटे को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त दो धारदार हथियारों को भी बरामद किया है। वारदात को अंजाम देने की प्रमुख वजह बाबा के आरोपी महिला से अवैध सम्बन्ध होना बताया गया। साथ ही महंत के तंत्र विद्या के चलते हत्यारोपी महिला की बेटी और बहू के घर से चले जाने से सामाजिक अपमान महसूस होना बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों हत्याभियुक्त मां-बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



बताते चलें कि हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में परिक्रमा में शामिल हुए थे। मृतक के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फोन पर बात के दौरान पंचकोसी परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। घर न पहुंचने पर परिजनों ने 26 मार्च को गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस खोजबीन करती कि इस दौरान 29 मार्च को बोरे में बंद महंत का टुकड़ों के कटा हुआ शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले के खुलासे के लिए स्वाट टीम सहित पांच टीमों को लगाया। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अहम साक्ष्यों को एकत्रित कर जांच पड़ताल के लिए हरदोई स्थित महंत के मंदिर पहुंची। पूछताछ के दौरान पुलिस को महिला के घर तंत्र मंत्र की जानकारी मिली तो पुलिस ने कड़ियां जोड़कर तफ्तीश कर घटना का राजफाश किया। पुलिस ने बाबा के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल में आये अंतिम नंबर के जरिये मिश्रिख के ग्राम भूड़पुरवा पहुंची। यहां पुलिस ने महिला गंगादेवी उर्फ छोटी बिटिया के घर गहन छानबीन और महिला सहित उसके बेटे सोनू पुत्र स्व. छंगालाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो महिला ने बेटे के साथ मिलकर महंत की हत्या और शव ठिकाने लगाने की पूरी कहानी का इकबालिया जुर्म बयां कर दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर दोनों मां-बेटे को जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आई गंगा देवी ने बताया कि महंत और उसके बीच लंबे समय से अवैध संबंध थे। तंत्र-मंत्र के जरिए दोनों की पहचान हरदोई से हुई और इसके बाद महंत का घर आना-जाना हो गया।

### महिला ने घर से 700 मीटर दूर फेंका शव

अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि महिला ने शव के टुकड़ों को अलग अलग बोरियों में भरकर फेंकने के लिए बेटे सोनू का इस्तेमाल किया। घटना की अगली रात पहले से तय स्थान पर महिला और उसके बेटे ने ई-रिक्शा की मदद से घर से करीब 700 मीटर दूर बोरी को सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। 25 मार्च को शव को फेंके जाने के बाद जंगली जानवरों ने महंत के एक पैर को खींचकर गायब कर दिया जबकि अन्य टुकड़ों को पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर 29 मार्च की शाम बरामद किया।

### फोन कॉल ने आरोपी तक पहुंचाया : एएसपी

" शव मिलने के बाद हत्या की वजह और आरोपी को तलाशना बड़ी चुनौती था। परिजनों से मिले महंत के मोबाइल नंबर व इलेक्ट्रिक सर्विलांस की मदद से मिली कॉल डिटेल से पुलिस महिला तक पहुंची जिसके बाद घटना का राजफाश हो सका। महंत का हरदोई स्थित गिरधरपुर गद्दी को लेकर उसके चचेरे भाई से भी विवाद चलता था जिसको लेकर दोनों पर केस भी दर्ज था। "

**-प्रवीण रंजन,** एएसपी

### सिद्धार्थनगर में गला रेत महिला का शव फेंका

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** इटवा थाना क्षेत्र के पाला गांव के सिवान में महिला का शव पाया गया है। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गला रेतकर हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस मृतका के पति को हिरासत में लेकर हत्या के संबंध में पूछताछ कर रही है। रविवार सुबह पाला गांव के लोग जब शौच आदि के लिए गांव से बाहर गए तो खेत में लगभग 26 वर्षीय महिला का खून से लतपथ शव देखा। गले पर कटे की निशान था। आसपास कुछ खून भी बिखरा था। घटना की सूचना मिलते ही आस-पास के गांवों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति कोमल यादव को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि महिला की गला रेतकर हत्या की करने की बात सामने आई है। पति को हिरासत में ले लिया गया है, मामले की जांच जारी है।

## धर्मांतरण के बड़े गैंग का खुलासा, 110 को पकड़ा

**कानपुर, अमृत विचारः** बजरंग दल कार्यकर्ताओं की सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने सबसे बड़े धर्मांतरण का खुलासा किया है। धर्मांतरण के लिए उन्नाव, नवाबगंज स्थित चर्च ले जाए जा रहे 110 लोगों को गंगा बैराज पर पुलिस ने पकड़ा। ये दो बसों में सवार थे। संजय बाल्मीकि पत्नी संगीता व बच्चों के साथ अर्मापुर सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं। बताया कि आवास विकास कल्याणपुर निवासी साइमन विलियम व विष्णुपुरी निवासी दीपक मोरिस ने उनके परिवार को बहला-फुसला कर धर्मांतरण का प्रयास कर रहे थे। शनिवार देर रात संजय समेत 110 लोग दो बसों से उन्नाव के नवाबगंज स्थित चर्च में धर्म परिवर्तन के लिए ले जाए जा रहे थे तभी सूचना पुलिस को दी गई।

## सीवर टैंक में गिरकर बच्चे की मौत

**रनियां, कानपुर देहात, अमृत विचारः** आर्यनगर द्वितीय में खेलते समय सातवीं का छात्र पड़ोस में बने गंदे पानी से भरे खुले सीवर टैंक में गिर गया। उसकी डूबकर मौत हो गई। परिजनों ने आसपास की फैक्ट्रियों का गंदा पानी मनमाने तरीके से सीवर टैंक में भरने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। रनियां कस्बे के आर्य नगर द्वितीय निवासी सोनू कमल का पुत्र बृजेश बाबू उर्फ वर्ष (13) कक्षा 7 का छात्र था। वह शनिवार देर शाम पड़ोस के बच्चों के साथ खेलने लगा तभी पड़ोसी रामरतन व उनके भाई के प्लाट के बाहर गंदे पानी से भरे खुले सीवर टैंक में गिर गया। बृजेश के परिजनों ने जाकर सीढ़ी के सहारे टैंक में उतर कर उसे निकाला। उसकी मौत हो गई।

# रामनवमी पर लगेंगे 12 शिविर भरपूर रहेगा ओआरएस का स्टॉक

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी मेले को सकुशल निपटाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। मेले में 12 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा मंडल के चिकित्सक, फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वॉय की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। मुख्य पांच स्थानों के अलावा अन्य स्थलों पर भी एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी।

रामोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग ही नहीं बल्कि आयुष विभाग की टीम ने दिन रात मेहनत करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा की थी। इसी भाव से रामनवमी पर भी स्वास्थ्य विभाग अपना शिविर लगाने जा रहा है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि 9 से 17 अप्रैल तक शिविर चलेंगे। राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल, साकेत पेट्रोल पंप व पक्का घाट व अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

# किशोर को नाले में खींच ले गया मगरमच्छ, गई जान

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचारः** कैसरगंज रेंज में स्पर नंबर एक के पास घाघरा नदी की शाखा से निकले नाले में रविवार को भैंस नहला रहे किशोर को मगरमच्छ खींच ले गया। मगरमच्छ के हमले में किशोर की मौत हो गयी। इसके बाद वह शव को छोड़कर चला गया। घटना की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन पहुंचे। मौके पर पहुंची वन विभाग और पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया।

बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज रेंज के ग्राम पंचायत नौबस्ता के स्पर नंबर एक निवासी मूलचंद्र ने मवेशी पाल रखे हैं। रविवार सुबह मूलचंद्र का बेटा गोलू उर्फ दिनेश (14) अपनी भैंस को घाघरा नदी की शाखा से निकलने वाले नाले में भैंस को नहला रहा था। उसी दौरान नाले से मगरमच्छ आ गया। वह किशोर को पानी में खींच ले गया। मगरमच्छ के हमले से किशोर की मौत हो गई। शव छोड़ मगरमच्छ पानी में चला गया।

## वर्ग पहेली-26

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाजा बजवाने का कार्य या भाव 2. वह मज़दूरी जो किसी से बाजा बजवाने के बदले में दी जाती है।
2. आवश्यक शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए उत्तरदायी संभावित क्षमता, (रिज़र्व)।
5. 1. संपत्ति, जायदाद, मिलकियत
7. छटांक भर तौल का एक बाट या बटखरा।
8. 1. महीने का आधा भाग, पंद्रह दिन का समय, अर्धमास, (फोर्टनाइट) 2. चंद्रमास का शुक्ल या कृष्ण पक्ष।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अग्रिम, पेशगी, (एडवांस) 2. झाड़ू।
2. छोटा संदूक, छोटा बकस।
3. तिरहुत में गाया जाने वाला एक तरह का गीत।
4. अमरीका से संबंधित, अमरीका का।
6. 1. आरोप, दोष, कलंक 2. निशान, चिह्न 3. दाग, धब्बा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ | |
| 6 | ■ | | ■ | | ■ | |
| 7 | | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 8 | | | |

**वर्ग पहेली -25 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | ढ़ | ना | ■ | ■ | 2 झाँ | 3 क |
| ■ | ■ | ■ | 4 दे | ■ | ■ | टा |
| ■ | 5 ठ | ग | वा | ना | ■ | स |
| 6 पें | ■ | ■ | क | ■ | 7 था | ■ |
| ग | ■ | 8 प | रि | 9 घा | ती | ■ |
| ■ | ■ | छा | ■ | ट | ■ | ■ |
| 10 भा | ग | ड़ | ■ | ■ | 11 दो | ही |

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

**सुडोकू -104 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |

# जंगल में चींटियों से लिपटी मिली नवजात

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** तीन दिन पूर्व बाबा बाजार थाना क्षेत्र के गणेशपुर जंगल में लावारिस हाल में मिली नवजात को संरक्षण और देखभाल के लिए राजकीय शिशु गृह लखनऊ भेजवाया गया है। जिला महिला अस्पताल में उपचार के बाद उसको बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। लावारिश नवजात बालिका के माता-पिता अथवा विधिक संरक्षक की दो माह के भीतर तलाश कराई जाएगी और विधिक संरक्षक न मिलने पर दत्तक ग्रहण प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



नवजात को राजकीय शिशु गृह लखनऊ भिजवाते सीडब्ल्यूसी के सदस्य।

28 मार्च को बाबा बाजार थाना क्षेत्र स्थित गणेशपुर जंगल में एक नवजात बालिका मिली थी। झड़ियों में पड़ी नवजात के शरीर पर चीटियां लिपटी हुई थीं लेकिन उसकी सांसे चल रही थीं। इलाकाई पुलिस की ओर से मामले की जानकारी चाइल्ड लाइन व बाल कल्याण समिति को दिए जाने के बाद समिति ने नवजात को उपचार के लिए चाइल्ड लाइन की महिला पुलिस कर्मी की देखरेख में जिला महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था।

### 60 दिन बाद शुरू होगी दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया

समिति सदस्य स्मृता तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी व लल्लन प्रसाद ने मामले की जानकारी हासिल करने के बाद अभी तक बालिका के किसी विधिक संरक्षक के सामने न आने के चलते नवजात को चाइल्ड लाइन के संरक्षण में राजकीय शिशु गृह लखनऊ भेजवाया है। उन्होंने बताया कि नियम के तहत 60 दिवस तक नवजात के जैविक माता पिता अथवा विधिक संरक्षक के दावे का इंतजार किया जाएगा। इसके बाद पालन-पोषण और संरक्षण के लिए दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## महानिरीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा का लिया जायजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसबी के महानिरीक्षक रत्न संजय ने शनिवार को भारत-नेपाल सीमा का दौरा किया। सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, लखनऊ के महानिरीक्षक ने 62वीं वाहिनी के कमांडेंट रबींद्र कुमार राजेश्वरी के साथ सीमा चौकी हाकिमपुरवा और सुईया का दौरा किया। महानिरीक्षक ने सीमा पर चेक पोस्ट व नाका पॉइंट पर जाकर सुरक्षा का जायजा लिया। सीमा चौकी हाकिमपुरवा में सैनिक सम्मलेन कर जवानों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना साथ ही उनका निदान भी किया। इस दौरान उपकमांडेंट सोनू कुमार, सहायक कमांडेंट विश्वराजीव कुमार भी मौजूद रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अप्रैल, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.09 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** — आज पेट से संबंधित कोई समस्या परेशान जरूर करेगी लेकिन यदि आप अपने आहार पर ध्यान रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। आपको अपना मन हमेशा शान्त रखना चाहिए। साथ ही प्रेम संबंधों में अपने जिद्दी स्वभाव को लचीला बनाएं।

**वृष** — आज कई महत्वपूर्ण कार्य गति में आ सकती हैं। पिता की आज्ञा का अनुसरण अवश्य करें। आप प्रतिदिन बाहर जाते हैं और खुद ड्राइविंग करते हैं तो कृपया आज के दिन खुद ड्राइविंग करने से बचें और हो सके तो सार्वजनिक वाहन से यात्रा करें।

**मिथुन** — आज कॉलेज के छात्र अपने लिए कुछ नए क्षेत्रों को देखेंगे और उन पर काम करने का विचार करेंगे। किसी करीबी रिश्तेदार का सहयोग भी लिया जा सकता है। बैंकिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष रूप से शुभ है।

**कर्क** — आज अहंकार को अपने ऊपर हावी ना होने दें। परिवार में किसी की कोई बात आपको बुरी लग रही है तो उनसे खुलकर बात करें अन्यथा दूरियां बढ़ जाएगी। यदि आपने धैर्य से काम लिया तो बात संभल जाएगी। मित्र हर कीमत पर आपकी मदद करना चाहेंगे।

**सिंह** — आज यदि आपने कहीं से लोन लिया हुआ है तो वहां से समस्या उत्पन्न होगी। परिवार में भी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा जिसका हल जल्दी नहीं निकल पाएगा। उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** — आज गले से संबंधित कोई समस्या परेशान कर सकती है। शरीर में विटामिन की कमी भी होगी जिस कारण आलस छाया रहेगा। ऐसे में जूस इत्यादि पौष्टिक चीजों का सेवन करते रहें। शेयर मार्केट में निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा।

**तुला** — आज मानसिक रूप से एक दम स्वस्थ रहेंगे और पहले से ज्यादा ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोपहर के समय नए-नए विचारों का मन में समावेश होगा तथा प्रसन्नता छाई रहेगी। प्रेमी जन आपके प्रति आकर्षित रहेगा। वित्तीय स्थिति काफी अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक** — आज यदि आप स्कूल या कॉलेज में हैं तो आज के दिन मन पढ़ाई में कम और अन्य कामों में ज्यादा लगेगा। आप अपनी रुचि के अनुसार काम करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। विदेशी संस्थानों में शिक्षा को उत्सुक विद्यार्थियों के लिए सप्ताह शुभ है।

**धनु** — आज यदि आपने कहीं पैसा निवेश कर रखा है तो उस ओर नज़र बनाए रखें क्योंकि वहां से अचानक से धन लाभ मिलेगा। भूमि संबंधी सौदे में आश्चर्यजनक रूप से नए अवसर हाथ में आएंगे। अधूरे काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**मकर** — आज घर में किसी सदस्य के विवाह की बात चल सकती है और कहीं से उनके लिए एक अच्छा रिश्ता भी आएगा जिस कारण सभी का मन आनंदित रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए योजना बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ एकान्त में अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज के दिन जीवनसाथी पर ध्यान देने की आवश्यकता है। रिश्तों में थोड़ी कड़वाहट जरुर आएगी लेकिन यदि आपने संयम और धैर्य से काम लिया तो वह जल्दी ही सुलझ जाएगी। कोई सुखद समाचार आपको प्राप्त होगा।

**मीन** — आज कहीं रिश्ते की बात चल रही है तो संभल कर रहें क्योंकि किसी मित्र के द्वारा उसमे दरार डालने का प्रयास किया जाएगा जिस कारण बात बिगड़ भी सकती है। युवा जातक नया उद्यम करने की योजना बना सकते हैं। अपने सहयोगियों पर पूर्ण विश्वास रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 23.12 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — परदेसी बाबू सुबह : 10.49; दरार रात : 07.01

SONY MAX — प्यार दीवाना होता है दोपहर : 12.00; एनिमल रात : 09.33

SONY PIX — एनाबेल कम्स होम सुबह : 10.21; द मैन फ्रॉम टोरंटो रात : 09.00

ZEE CINEMA — कोई...मिल गया सुबह : 10.30; धमाल रात : 07.45

colors CINEPLEX — बुड्ढा होगा तेरा बाप सुबह : 09.35; गोलमाल 3 शाम : 06.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**




जी सिनेमा पर रात : 07.45 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# चुनाव के बीच कच्चातिवु

लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। कच्चातिवु भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलसंधि में 285 एकड़ में विस्तृत एक निर्जन स्थान है, जो भारत के रामेश्वरम से लगभग 14 समुद्री मील की दूरी पर स्थित एक द्वीप है। वर्ष 1974 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की सिरिमा आरडी भंडारनायके ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे कच्चातिवु को श्रीलंका क्षेत्र के हिस्से के रूप में मान्यता दी गई। समझौते के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के स्वामित्व में परिवर्तन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने कच्चातिवु द्वीप ‘ संवेदनहीन’ ढंग से श्रीलंका को दे दिया था। गौरतलब है कि समझौते ने भारतीय मछुआरों को द्वीप के आस-पास मछली पकड़ने, वहां अपने जाल सुखाने की अनुमति के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों को द्वीप पर स्थित कैथोलिक तीर्थ की यात्रा करने की अनुमति दी। इस निर्जन द्वीप पर मत्स्य पालन का अधिकार और संप्रभुता को लेकर यह भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है। जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा तो सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला उच्चतम न्यायालय में भी पहुंचा। हालांकि भारत सरकार ने 2013 में स्पष्ट किया कि पुनः प्राप्ति का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोई भी भारतीय क्षेत्र हस्तांतरित नहीं किया गया था। तत्कालीन केंद्र सरकार ने दावा किया कि कच्चातिवु भारत-श्रीलंका अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के श्रीलंकाई हिस्से पर स्थित है। राजनीतिक कारणों और जनभावना के चलते कच्चातिवु का स्थानांतरण भारत की संसद के दोनों सदनों में विरोध और बहस शुरू होने का कारण बना। ये विवाद इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि श्रीलंका, भारत के मछुआरों को वहां पर सुस्ताने और अपने जाल सुखाने से लगातार रोकता आया है। दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु को ध्यान में रखकर कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा उठाया, जबकि उनकी सरकार की विदेश नीति की विफलता के कारण नेपाल, भूटान और मालदीव जैसे पड़ोसियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए। राजनीति और सियासी मांगों से अलग, भारत के कई सामरिक विशेषज्ञों को भी इस बात की आशंका लगती है कि भारत की मुख्यभूमि के बेहद करीब स्थित द्वीप तक कहीं चीन किसी तरह से अपनी पहुंच न बना ले। ऐसे में भारत को श्रीलंका के साथ अपने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत बनाने पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# समझ नहीं आता कि देश किसका है



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है।

जनसंख्या के लिहाज से हिंदुस्तान दुनिया की सबसे बड़ी जम्हूरियत है। अद्भुत यूनानी दार्शनिक अफलातून वेद ऋचाओं की तरह याद है। कहता है लोकतंत्र जनता के लिए, जनता का, जनता के द्वारा शासन है। जनतंत्र में खोपड़ियां गिनी जाती हैं, तोड़ी नहीं। यही पश्चिमी अवधारणा भारत को लगभग 130 करोड़ लोगों का समुच्चय समझती है। भारतीय समझ के अनुसार सांस्कृतिक और मानवीय दृष्टि से पूरी धरती एक कुटुंब है। अलबत्ता देशों की भौगोलिक सरहदें अलग-अलग संसार रचती हैं। भारतीय जीवन की अलग बानगी, पहचान और सुगंध है। समाज नाम का आधुनिक शब्द पश्चिम से आयातित है। भारत में लोकजीवन की मर्यादाएं राजाज्ञा से बड़ी अनुशासन संहिता की तरह प्रभावशील रही हैं। राज्य का मकसद लोककल्याण और लोकयश हासिल करना होता था। निजी महत्वाकांक्षाएं, विवेक और राजकीय आदेश लोक इच्छाओं के सामने नतमस्तक होते थे।

आज हिंदुस्तान में समझ नहीं आता कि देश किसका है। ईश्वर अर्थात कुदरत ने धरती, वन, पशु पक्षी, समुद्र, नदी, झील, खनिज जैसी नायाब संपत्तियां सौंपी हैं। हमारी संस्कृति नदियों की तरह नदियों के किनारे समय के प्रवाह की तरह विकसित होती रहीं। गंगा, यमुना, ब्रम्हपुत्र, सिंधु, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी बहते हुए जलांश नहीं हैं। वे भारतीय अस्तित्व की धमनियां हैं। उनमें कालजयी रक्त बहता है। देश का भौगोलिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक इतिहास समय के प्रवाह में इनके जल की स्याही से लिखा गया। वह अमिट पहचान है। हिमालय, सतपुड़ा, विंध्याचल और नीलगिरि की गुफाओं और कंदराओं में ऋषिचिंतन खदबदाता पकता रहा है। समूचा देशज ज्ञान अविनश्वर है। बुद्ध ने तो बोधि वृक्ष को आध्यात्मिक संस्कारों का संरक्षक बना दिया। वाल्मीकि ने मिथुनरत क्रौंच पक्षी को बहेलिए द्वारा मारे जाने के क्षण को कविता के इतिहास का अमर उद्गगम बना दिया।

यक्ष प्रश्न है कि जीवनदायिनी नदियों का पानी सरकारी आदेशों के तहत कारपोरेटी कारखानों को दहेज की तरह सौंपा जा रहा है लेकिन



केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौह अयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती।

मनुष्य और पशु पक्षियों को पीने और निस्तार के लिए प्राकृतिक जलाशयों पर अधिकार लुटेरे कानून बनाकर छीन लिया गया है। वैचारिक विश्वविद्यालय रहे पहाड़ सरकार और कारपोरेट घरानों के आपराधिक षड़यंत्र की हिंसा के चलते खोखले किए जा रहे हैं।

केदार घाटी जैसी भयानक त्रासदी हुई लेकिन सजा किसी को नहीं मिली। लौहअयस्क, कोयला, बाक्साइट और अन्य खनिज कुछ घरानों की धन कमाने की हविश के लिए बलात्कृत बना दिए गए हैं। नागरिक असहाय होकर यह आधुनिक चीरहरण देख रहे हैं। कारखानों से निकलती रासायनिक गैसों से प्राणपद हवा प्रदूषित हो गई है। सांस लेने में कई नई बीमारियां हो रही हैं। कोई कानून सरकारों को मजबूर नहीं करता कि मनुष्य के जीने के अधिकार में कटौती नहीं हो सकती। नगरपालिका और पंचायत संस्थाएं जहरीला पेयजल सीमित मात्रा में मुहैया कराती हैं। अंगरेजी कानूनों के चलते कोई कारगर कार्यवाही नहीं होती। करोड़ों किसान खून पसीना बहाते, आत्महत्या करते अनाज उगाते हैं। कुछ तिजारती डकैत उसे अपने भंडारों में ठूंस देते हैं। उपभोक्ताओं को अनाज कई गुना दामों में उनके अधिकारों की डंडी मारकर सरकारी कानूनों के तहत भीख और अहसान बतौर दिया जाता है। उम्मीद की जाती है कि लोग फिर भी खुश रहें।

अंगरेज ने नहीं सिखाया लेकिन हिंदुस्तानी नेता उससे अधिक क्रूर हैं। संविधान में डींगें मारी गई हैं कि मनुष्य को गरिमामय जीवन का अधिकार है। उच्चतम न्यायालय भी विक्टोरियाई अंगरेजी में अपने न्यायनिर्णय परोसता रहता है। वह संविधान, न्याय और आदेश किस काम के जो बांझहीन लफ्फाजी बनकर किताबों में कैद होकर रहें। मजदूरों को कारखाना मालिक जानवरों की तरह चूसते रहें। शहरों, कस्बों बल्कि गांवों तक में सुबह चहचहाने और रात को मीठी लोरी सुनाने वाली चिड़ियों का समूह ओजोन परतों में बढ़ते जा रहे छेद के कारण दफ्न हो गया है।

यह देश किसका है। बाबा अरबपति बनने की होड़ में हैं। गुंडों की फौज पालते हैं। देह व्यापार करते हैं। कालेबाजारियों का धन सफेद करने की जुगत बिठाते हैं। साधु कहलाते सत्ता परिवर्तन के षड़यंत्र में शामिल होते हैं। राम कभी देव रहे होंगे। ब्रह्मचारी चोगा ओढ़े लोग हिंदू स्त्रियों को कम से कम चार बच्चे पैदा करने का फतवा जारी कर देते हैं। कूढ़मगज अल्पसंखक सत्ता में घुसकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। मिडिल फेल राष्ट्र निर्माता बन रहे हैं। पीएचडी होकर दैनिक वेतनभोगी भी नहीं हैं। लाखों विधवाएं नर्क का जीवन जी रही हैं। नैतिकता की डींग मारते नागरिक सड़कों पर बलात्कारियों के सामने कायरों की तरह दुम दबाकर भागते हैं। ‘यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते‘ का नारा उपजाने वाले औरतों की देह को उपयोग और व्यापार की वस्तु बना रहे हैं। किसका है यह देश जहां न्यायालय बिक रहे हैं। उनकी शिकायत भी नहीं हो सकती। डाक्टरों के मानव व्यापार कारखानेनुमा अस्पताल वेंटिलेटर पर पड़े मरीज की लाश तक नहीं सौंपते, जब तक अवैध फीस का भुगतान नहीं किया जाए। दुनिया को भारत द्वारा दी गई शिक्षा उसके ही काम नहीं आ रही है। पेट की रोटी के वास्ते देश के नेता अस्मिता खोकर अमेरिका के चरणों में लगातार लोट रहे हैं ।

नौकरशाही अंगरेजी भाषा, शासन व्यवस्था और तहजीब माथे पर चंदन की तरह लीपे हुए है। वह मादरी जुबान, देशी समझ, इतिहास परंपराओं और स्वदेश बोध को गिरवी रखकर एक सौ तीस करोड़ भारतीयों के संकुल को कीड़ा मकोड़ा समझती है। पता नहीं रावण बनाम राम, कंस बनाम कृष्ण, भस्मासुर बनाम शिव, अंग्रेज बनाम भगतसिंह, हिंसा बनाम गांधी की कहानियों में कितनी सचाई रह गई है। सरकारों, विदेशियों, नौकरशाहों, न्यायालयों वगैरह ने मिलकर भारतीयों को देश नाम के मकान का किराएदार बना दिया है। इस संपत्ति पर कब्जा ‘मेक इन इंडिया‘, ‘अंगरेजियत‘, ‘लार्ड मैकाले‘, ‘एड्स की बीमारी‘, ‘किसानों की आत्महत्या‘, ‘स्त्रियों के बलात्कार‘, ‘कारपोरेटियों के अनाचार‘ का हो गया है। पता नहीं यह देश किसका है।

## प्रसंगवश

# मकसद क्या लिखा है उसको समझना नहीं सिर्फ पढ़ना है

मेरे बगल की बिल्डिंग के एक फ्लैट में रमज़ान शुरू होने से लेकर आज तक तकरीबन पूरे दिन (शायद रात में भी) कुछ लोग लगातार क़ुरान की तिलावत (पढ़ना) कर रहे है। कभी कभी उनकी बॉलकनी में मदरसे में हफीजा करने वाले कुछ बच्चे दिखाई देते हैं।

ये अमल नया देखा है। क़ुरान ख़्वानी (सामूहिक क़ुरान पाठ) देखा है। जो कुछ घंटों का होता है। व्यक्तिगत क़ुरान पढ़ना रमज़ान में आम है। ज़्यादातर मुसलमान पढ़ते है। ये सारे लोग जो इस्लामी क़ानून की किताब क़ुरान पढ़ते है वो इसलिए पढ़ते है कि इससे गुनाह माफ होंगे, सबाब मिलेगा!

सबसे मज़ेदार बात है कि इतनी मोटी किताब बिना एक लफ़्ज़ समझे घंटों पढ़ लेते हैं। क्योंकि क़ुरान अरबी में है और हिंदुस्तान में अरबी तो हाफ़िज को भी सिर्फ़ पढ़ना आता है। समझ में उनको भी नहीं आती। क्योंकि हफ़ीज़े के दौरान हाफ़िज को सिर्फ़ रटना सिखाया जाता है। उन्हें अरबी ग्रामर नहीं पढ़ाया जाता है। हाफ़िज होने के बाद अगर आगे का कोर्स करना हो तब अरबी लैंग्वेज का बेसिक ज्ञान शुरू होता है।



सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।



इकबाल अहमद

कुछ लोग है वो कुरान का उर्दू/इंग्लिश/हिंदी अनुवाद भी पढ़ते हैं। लेकिन ज्यादातर तिलावत के वक़्त अरबी में ही सीधे पढ़ी जाती है। ऐसे में समझने के लिए अरबी सीखना ज़रूरी हो जाता है। लेकिन यहां मकसद क़ुरान में क्या लिखा है उसको समझना नही है। सिर्फ़ इसलिए पढ़ना है क्योंकि वो अल्लाह की किताब है और उसे पूरे रमज़ान में दो तीन बार पूरा पढ़ लेना है। जितनी बार पढ़ कर खत्म करेंगे उतना सवाब मिलेगा।

और जयादा सवाब कमाने का तरीक़ा है कि सामूहिक रूप से पढ़ा जाए और एक दिन में दो तीन चार बार पूरा कुरान पढ़ कर ख़त्म कर दिया जाए। इसे क़ुरान ख़्वानी कहते है। यहां भी समझ कर पढ़ना नहीं है। बस जल्दी जल्दी पढ़ना है। मेरे पड़ोस वाले फ़्लैट के मालिक ने और बड़ा टारगेट रखा है। पूरे महीने दिन के 24 या 18 घंटे सामूहिक क़ुरान ख़्वानी। वो भी हाफ़िज़ा करने वाले प्रोफेशनल स्टूडेंट्स के ज़रिए। मतलब एक महीने में सौ बार कुरान ख़त्म तो हो ही जाएगी। इस तरह फ़्लैट वाले भाई साहब थोक के भाव में सवाब कमा लेंगे।

सोचिए एक किताब जिसके ज़रिए दुनियां बदल गई। उसे अब सिर्फ़ ज़ोर ज़ोर से, हिल हिल के बिना एक लफ्ज समझे बूझे पढ़ा जा रहा है। सिर्फ़ इसलिए की इससे अल्लाह खुश होगा, शाबाशी देगा, जन्नत में फ्लैट देगा।

तक़रीबन वैसा ही जैसे संस्कृत पर पंडितों (ब्राह्मण) ने क़ब्ज़ा कर किया और आम आदमी को बोला समझने की ज़रूरत नही है। उसके लिए हम है न। फलां फलां यज्ञ करो और हमें मोटी दक्षिणा दो। हम आपकी वैतरणी पार लगाएंगे। स्वर्ग पहुंचाएंगे।

कुछ वैसा ही इधर हो रहा है। मज़हबी मठाधीशों का ये कहना भी शुरू हो चुका है कि क़ुरान समझना आम आदमी के बस की बात नहीं है। रोज़ा नमाज़ करो। बाक़ी हमारे ऊपर छोड़ दो। कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने सुबह सुबह घर/दुकान/ऑफिस आकर क़ुरान की आयतें पढ़ने के लिए तनख़्वाह पर मौलाना रखे हुए है। आपको क्या लगता है। एक लफ्ज समझे बग़ैर क्या किसी किताब का सिर्फ़ एक पन्ना भी आप पढ़ सकते है? वो भी तब जब वो किताब आपके जीवन जीने का तरीक़ा बताने वाली क़ानूनी किताब हो।

# समय के अनुसार बदलते रहे हैं चुनावी मुद्दे



गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया।

भारत के प्रथम चुनाव में पंडित नेहरू ने अपने भाषण में छुआछूत और जमींदारी की प्रथा मिटाने के लिए आम लोगों से अपील की थी एवं इसके लिए भरोसा भी दिलाया था। इसके अलावा महिलाओं से पर्दा प्रथा छोड़कर देश के निर्माण के काम में आगे आने की गुजारिश भी की थी। इसी तरह चुनावी मुद्दे समय और जरूरतों के अनुसार बदलते रहे। लेकिन आज विश्व जलवायु परिवर्तन, जल की कमी, मिटटी की घटती उर्वरकता, आतंक आदि वैश्विक समस्याओं से जूझ रहा है। अतः अब जीवन के लिए जरूरी पंचमहाभूत की स्थिति को देखते हुए राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि इन समस्याओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए आम जन को भी सरकारों के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी सरकार के जो भी प्रयास जल, जंग, जमीन के संरक्षण के लिए किये जा रहे है, सफल होंगे।

क्योंकि पंचमहाभूतों के संरक्षण से ही विश्व में बढ़ रही आर्थिक असमानता।, कुपोषण, रोजगार, आदि को भी कम किया जा सकता है। इसके अलावा तकनीकी विकास से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे दैत्य तेजी से मानव कि जिंदगी में हस्तक्षेप करने वाले है। इसलिए विकास के नाम पर जो कुछ धरती ने खोया है उसको एक सुनिश्चित अनुपात में रखना मानवता के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय राजनैतिक पार्टियों को चाहिए कि समुद्र के किनारे बसे शहर या जल पर रोजगार के लिए निर्भर लोगों को सरकार से प्रकृति संरक्षण के लिए तेज़ी से काम करने के लिए पहल करनी चाहिए। क्योंकि लोकतंत्र तब तक ही है जब तक आम आदमी चुप है। इसीलिए अगर लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए गरीबों, असहाय आदि को उस पंक्ति में लाकर खड़ा करना होगा जहां से वह शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी तय कर सके। तभी वसुधेव कुटुंबकम की धारणा स्थापित हो सकेगी। उदहारण के लिए आज यूक्रेन और वानातू दोनों देश इको साइड के मुद्दे पर एक हो गए है। दुनिया के किसी भी शहर में जीवंत जल का कोई प्रबंधन नहीं है।

आधुनिक वैज्ञानिक सोच ने अभी तक प्रकृति को ठगा है। ये उसी का परिणाम है हमने अपने बच्चों को जीवन के अधिकारों से वंचित कर दिया। इसलिए आज की जो आम आदमी की आवश्कताएं है उन पर भारत सरकार को ध्यान देना चाहिए। यानी हमको विकसित भारत की जगह समृद्ध भारत की तरफ आगे बढ़ना होगा तभी हम सही अर्थों में लोकतंत्र को महत्व दे पाएंगे। प्रकृति संरक्षण के लिए समय समय पर आंदोलन होते रहे, लोग अपने जीवन की आहुति देते रहे है। इसके बाबजूद अगर हम अनसुना करेंगे तो स्वामी सानंद उर्फ़ डा. जीडी अग्रवाल एवं अभी हाल ही में सोनम वांगचुक गांधी के रास्ते पर चलकर इको साइड के लिए अपना विरोध दर्ज़ करवाया। लेकिन आने वाले समय में यही विरोध एक क्रांति का रूप ले सकता है। यही कारण है कि इको साइड के कारण होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए यानी पंचमहाभूतों का संरक्षण राजनैतिक पार्टियों का मुख्य मुद्दा हो। आज की परिस्थिति में धरती पर जीवन के लिए प्राकृतिक नियमों को अपनाकर ही एक गुणवत्ता युक्त जीवन जिया जा सकता है। यही वजह है कि देश को आज ‘चुनावी बांड ‘ की नहीं बल्कि ‘पर्यावरणीय बांड ‘ की जरूरत है। नहीं तो मानव के सामने सामाजिक, आर्थिक, और प्राकृतिक परिपेक्ष्य में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए अब आम जान के मन में किसी के चुनाव जीतने हारने से बड़ा मुद्दा एक व्यवस्थित लोकतंत्र का होना। यानी हरित या ग्रीन लोकतंत्र। अब समय आ चुका है कि आम लोग अब ऐसी सरकार चाहते है जो उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्राकृतिक साम्राज्य को बचा कर रखे।

ये कोई बड़ी बात नहीं कि भविष्य में लोगों को इको साईडल टैक्स के नाम पर हर्ज़ाना देना होगा। शस्य - श्यामला धरती, स्वच्छ और शुद्ध वायु व जल, अन्न धान्य, नदी, पहाड़, जंगल यही वास्तविक धन, है क्योंकि ब्रह्मांड में जो कुछ भी है वो प्रकृति का अंग है यही वजह है कि मानव शरीर भी प्राकृतिक संरचना का एक अभिन्न अंग है। इसलिए अर्थशास्त्रियों को चाहिए कि कुछ ऐसे नियम कानून बनाए जाएं जहां कृत्रिम धन को पाने के लिए हम अपने वास्तविक धन को नष्ट न करें, जो की कर रहे है। अतः वास्तव में अब वोट बैंक की राजनीति से दूर हटकर राजनैतिक पार्टियों का मुद्दा अब जीवन के आधार होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# यह सच है बाकी कथा

मथुरा में यदि कुछ सच लगा तो वह यमुना है। निराला की कविता की ये पंक्तियां याद आईं, 'यमुने तेरी इन लहरों में किन अधरों की आकुल तान। पथिक प्रिया सी जाग रही है, उस अतीत के नीरव गान।' अब अतीत एक शोर है, अब कुछ भी संगीतमय या नीरव बचा नहीं है। उपर्युक्त कविता पंक्तियों के आगे है, ' बता कहां अब वह बंसीवट, कहां गए नटनागर श्याम?' यह प्रश्न मेरे मन में जोर–जोर से दस्तक दे रहा था। क्या अब कृष्ण मथुरा– वृंदावन में नहीं हैं? जहां बंशी बज रही हो, वहां लोग शोर करें तो कृष्ण क्या करें? मैं जब मंदिर में गया, बहुत शोर था। ढाई सौ रुपए लेकर कृष्ण का आसानी से दर्शन कराने वाले पुरोहित भक्तों को फंसा रहे थे। भीतर गया, एक कोने में पुरी के जगन्नाथ के रूप में 'बलराम, सुभद्रा और कृष्ण' थे। यहां से राधा बाहर हैं। मंदिर के मध्य में सफेद संगमरमर के राधा–कृष्ण थे, जो लोगों के मन में मुख्य रूप से बसे हैं। फिर कृष्ण का तीसरा रूप है द्वारकाधीश मंदिर में सिंहासन पर बैठे काले रंग के कृष्ण का। यहां कृष्ण अकेले हैं।सूरदास के एक पद में है कि कृष्ण एकबार राजपुरुष के वेश में रुक्मिणी के साथ एक शोभायात्रा में जयजयकारती प्रजा के साथ थे। गली में भीड़ थी। गोपिकाएं भी उनको देखने राधा के साथ आईं थीं। रुक्मिणी के मन में बड़ी उत्सुकता थी राधा को देखने की। कृष्ण काफी दूर खड़ी राधा को दिखाते हुए रुक्मिणी से कहते हैं– वह देखो दूर, जो गोरी स्त्री चुप खड़ी है, वह राधा है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

अब राधा सामान्य नागरिक थी, अपने प्रेम में खोई हुई अकेली। कृष्ण अब द्वारकाधीश के रूप में थे, भीड़ और लाव–लश्कर के साथ। रचनाकार को किसके साथ होना चाहिए? निश्चय ही उसके साथ नहीं जिसकी जयजयकार हो रही है, सिर्फ उसके साथ होना चाहिए जो अपने अकेलेपन में चुप है और व्यथा में डूबा है। सत्ता का अस्त्र हमेशा भीड़ है। सत्ता हमेशा प्रेम से, राधा से अलग कर देती है। मथुरा एक कृष्णमय नगर है। मुझे यही सच लगा, बाकी कथा है। मजेदार बात यह कि एक भद्र, पढ़ी लिखी महिला मथुरा में पूछ रही थी, 'राम जन्मभूमि कहां है?' कितना भारी दबाव है प्रचार का।

–फेसबुक वॉल से

# समासों में उलझा राजनीति का व्याकरण



बीएल आच्छा
चेन्नई

यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े–उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है।

राजनीति के संधि-समासोंमें करण ही होता है, व्याकरण नहीं। जब एनडीए और इंडिया नहीं थे, तब भी संधि-विच्छेद और समास विग्रह होते ही थे। शत्रु राजा के आक्रमण में कोई भेदिया -प्रत्यय ऐसा मिल जाता था कि पूरे भरोसे में ही सिंहासन का विच्छेदन हो जाता था। और बाद में भेदिया प्रत्यय का भी। पता नहीं आचार्य चाणक्य के पास कौन सा चेप था कि सिकंदर के आक्रमण को रोकने के लिए सारे डॉट और डॉट कॉम को एक ही सीरीज में ला दिया। देश बना, जनता को महादेश मिला । फिर भी बलिहारी है आज के लोकतंत्र की। यही कि अब पार्टियों से टूटते -जुड़ते आवाजाही के गलियारे स्वागत- संस्कृति के नगाड़ों से गूंजते रहते हैं।

पर इन दिनों तो लगता है कि इस मौसम में बारहखड़ी के अक्षर जब- तब शिरोरेखा के खिलाफ बुलंद हैं। पाणिनी को ही बुलवा लिया जाए तो इंग्लिश-हिंग्लीश सहित भाषाई पेंचों में इतने उलझ जाएंगे कि सारे संधि- सूत्र मुंह ताकते रह जाएंगे। अलग बात है कि राजनीति के सूत्र तो संधि-विच्छेद और समास विग्रह में ही लोकतंत्र की बुनियाद रचते हैं। कब संस्कृत का शब्द वोटर से निकटता जतलाने के लिए प्राकृत-अपभ्रंश की यात्रा करते हुए ठेठ देसी बखान कर देगा। कब ट्वीटर की चिड़िया बड़बोली व्यंजना में बवाल मचा देगी। और अगले ही स्टॉप पर मन के उबाल की ऐसी फूलमती भाषा से पत्थर बरसाएगी कि पार्टी को ही किनारा पड़ेगा- ‘यह उनका निजी विचार है’। पार्टी को उनसे लेना- देना नहीं, पर अपना बनाए रखना है। जो जितनी गिरी भाषा में बात कहेगा वही मीडिया का अष्टम स्वर बनेगा। अब ऐसी कचरा पंखुड़ियों को डस्टबिन में डालते- डालते कोई शहर तो स्वच्छता में नंबर वन हो जाता है, पर राजनीति का आकाश तो चैनलों में डम- डम डिगा- डिगा के साथ गगनभेदी हो जाता है। और लोकतंत्र के मंदिरों में बहसान जारी हो तो मामला ही सिरमौर हो जाता है।

चुनावी मौसम में संधि-विच्छेद के अध्याय द्वंद्वात्मक हो जाते हैं। पार्टी विच्छेद हुआ नहीं कि नई संधि दरवाजे पर मोलभाव के लिए खड़ी हो जाती है। और दो की लड़ाई में समास का फल-भोक्ता तीसरा (बहुब्रीहि समास ) ही हो जाता है। कभी-कभी पति -पत्नी का योजक द्वंद्व समास घर में एका और बाहर में अलग-अलग पार्टीबाजी का बिजूका लिए लोकतंत्र को मजबूत करते जाते हैं। कई बार बरसों से जमे मूल शब्द उखड़ने का नाम नहीं लेते। महिलाओं के तो पूरे इतिहास के कच्चे चिट्ठे खोलकर रख देते हैं। फिर पलट- बुद्धि और सुलट- बुद्धि के टूल बॉक्स बन जाते हैं। कभी घिसे औजार से गाड़ी दौड़ने लगती है। कभी नए औजार का जनाधार पुरानी गाड़ी में फिट हो जाता है। ऐसे में पुरानी संधियां दिले बेचारगी के अफसाने गाने लगती हैं। कभी जन्मजात दलीय उम्मीदवार ताकता रह जाता है।

कभी बगावती तान के बावजूद पटकनी में गुत्थमगुत्था। जीत गए तो विच्छेद का सुर-भंग भी मान- मनौव्वल के बाद लौटने का स्वागत द्वार रचा जाता है। तब के बगावती टूल किट की बारूदी जबानें धमाका करती थीं। पर सारी बकरौली के बावजूद पुराने दरवाजों में लौटते ही सारा बारूद राजनीति के चेहरे का क्रीम मोइश्चराइजर बन जाता है। अजीब सा व्याकरण है। यह कैसा एलजेब्रा है कि ‘ए’ को ‘ए स्क्वायर’ करने जाओ तो हाथ मलते कुंआरे रह जाते हैं। जब बहुमत के जादुई आंकड़े के आसपास हो तो विजेता निर्दलीय भी छब्बे जी नहीं अट्ठेजी का बहुमान पा जाता है। और कहने को कि ये तो हमारे अपने ही हैं। जैसे ज्योतिष में राजभंग योग होता है वैसे संधि- विच्छेद और समास- विग्रह के लाभों का अंदरूनी गणित सिर चढ़कर बोलता है। कभी- कभी पिता-पुत्र लाल सुर्खियों में होते हैं। कभी चाचा-भतीजे। तालमेल के जोड़क सूत्र भारोत्तोलन करते रहते हैं। कभी पार्टियां टूट जाती हैं। फिर नए नामकरण। पर राष्ट्र और जन तो बरकरार रहते हैं, जैसे सरकारी बैंकों में इंडिया तो रहेगा ही। बहुत हुआ तो पार्टी के नाम के साथ ब्रेकेट में ए बी सी डी। पहले विद्वान लोग किताब का पाठ संपादन करते थे,अब राजनेता पार्टी- संपादन। और पार्टी संपादन करते- करते पार्टी का अध्यक्ष ही विरोधी किताब का पाठ बन जाता है। कहें तो अव्ययीभाव समास ही व्यय-भाव में छलांग लगा जाता है। यह समय अकेले चलने का नहीं है। गढ़े-उखड़े रहने का नहीं है। शेयर बाजार की तरह मौसम विज्ञान या लाइट हाऊस को प्रेडिक्ट करने का है। शतरंजी गणित में अपने खाने को सुरक्षित रखने का है। अकेले अपना गीत गाने का नहीं, आर्केस्ट्रा में अपना सुर ताल साधने का है। बिना आर्केस्ट्रा के न तो अपने सध पाते हैं न पब्लिक का मिजाज। राजनीति के आर्केस्ट्रा में तो धुनों का समीकरण साधना पड़ता है। पर एक-दूजे के धुर विरोधी भी पुरानी जबानों के विडियो को एक्सपायरी डेट का नहीं होने देते। मौका देखा नहीं कि पुराने विडियो से सकपका दिया।

कितना पुराना हो गया व्याकरण भी। केवल संस्कृत के शब्दों में ही संधि होती थी। बड़ी मुश्किल से हिंदी के कुछ शब्दों में तालमेल बिठाया। अब तो शब्दों के तोड़-मरोड़ में ही व्यंजना के वार-पलटवार। राजनीति के संधि-समासों में मेल-मिलाप के विशेषण भी मीडिया में सिरफोड़ शोर मचाते हैं। अब रोजमर्रा पालों की छलांग लगाते पेंचों का कोई व्याकरण बनाए तो बनाए कैसे?

## एनटीपीसी ने बिजली उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने रविवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2023-24 में 422 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया।

कंपनी ने बताया कि उसने बीते वित्त वर्ष में अब तक का उच्चतम वार्षिक बिजली उत्पादन दर्ज किया है। एनटीपीसी ने एक बयान में कहा कि 2023-24 के दौरान कंपनी के कोयला संयंत्रों ने 77 प्रतिशत का लोड फैक्टर (क्षमता उपयोग) दर्ज किया। बयान के अनुसार एनटीपीसी लिमिटेड ने 2023-24 में 422 अरब यूनिट का अपना उच्चतम वार्षिक उत्पादन दर्ज किया, जो 2022-23 की तुलना में लगभग छह प्रतिशत अधिक है।

### मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही गर्मी की वजह से लोग कर रहे पहाड़ों की तरफ रुख, रविवार को नैनीताल समेत आसपास के स्थलों का दीदार करने पहुंचे पर्यटक

# वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से गुलजार रही सरोवर नगरी नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वीकेंड पर सरोवर नगरी नैनीताल पर्यटकों की आमद से गुलजार रही। मैदानी क्षेत्रों में पढ़ रही गर्मी से बचने और तन मन को सुकुन देने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक रविवार को नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का दीदार करने पहुंचे।

पर्यटकों के नैनीताल पहुंचने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आए। शहर के प्रसिद्ध स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, किलबरी, केव गार्डन, चिड़ियाघर, सरिता ताल, वॉटरफॉल, बोटैनिकल गार्डन व हनुमान गढ़ी समेत नगर के सभी पर्यटन स्थल में दिनभर सैलानियों की आवाजाही बनी रही। सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का भी जमकर लुत्फ उठाया। रविवार को करीब 1200 पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन, 550 पर्यटकों ने रोपवे, 880 ने चिड़ियाघर, 790 केव गार्डन और वाटर फाल का लुत्फ उठाया।


नैनीताल में चहलकदमी करते सैलानी। ● अमृत विचार

### पर्यटकों ने जू में किए मादा मारखोर के दीदार

**नैनीताल :** दार्जिलिंग से नैनीताल लाई गई मादा मारखोर को बाड़े में रख दिया गया है। रविवार को बड़ी संख्या में जू पहुंचे पर्यटकों ने मादा मारखोर के दीदार किये। करीब 20 दिन क्वारंटाइन रखने के बाद फिलहाल एहतियात के तौर पर नर व मादा मारखोर को एक साथ बाड़े में नहीं छोड़ा जा रहा है। कुछ समय बाद दोनों को एक साथ छोड़ा जायेगा। बता दें कि मार्च माह की शुरुआत में नैनीताल चिड़ियाघर से घुरड़ के जोड़े व कुछ फीजेंट लेकर चिड़ियाघर की टीम दार्जिलिंग गई थी। वहां से एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत मादा मारखोर व कुछ फीजेंट प्रजातियों को चिड़ियाघर लाया गया था। करीब 20 दिन क्वारंटाइन अवधि पूरी होने के बाद मादा मारखोर को पर्यटकों के दर्शनार्थ बाड़े में रख दिया गया है। जू रेंजर प्रमोद तिवारी ने बताया कि करीब 10 वर्षों से नर मारखोर अकेले ही बाड़े में रखा गया था। जिस कारण एहतियात की दृष्टि से फिलहाल दोनों को एक साथ बाड़े में नहीं रखा जा रहा है। कुछ समय साथ रखने का ट्रायल सफल होने के बाद पर्यटकों को दोनों के एक साथ दीदार हो पायेंगे।



# मोदी को हटाने के लिए एकजुट हो रहा विपक्ष : शाह

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि जहां पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाने के लिए एकजुट हो रहा है वहीं प्रधानमंत्री का एक ही नारा है 'राष्ट्र का विकास'। शाह रविवार को यहां होटल ललित में सामाजिक संगठनों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा राजस्थान में इस बार सभी 25 लोकसभा सीटों पर विजयी होकर हैट्रिक लगायेगी और इस बार जीत का अंतर 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनावों से कहीं ज्यादा होगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में सिख गुरु अंगददेव की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने भारत को अखण्ड रखने के लिए बलिदान दिया था। पीएम मोदी भी भारत को संगठित कर सर्वसमावेशी विकास की ओर ले जा रहे है। आजादी के अमृतकाल में समाज के शोषित, वंचित और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस ने समाज में चार नासूर पैदा किए है भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और आतंकवाद जबकि मोदी ने देश को इन सभी नासूरों से मुक्ति दिलाई है। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर


▸▸ जयपुर में गृहमंत्री ने विपक्ष को दिखाया आईना

की प्राण प्रतिष्ठा, अनुच्छेद 370 हटाना, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण और ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाकर समाज में मिशाल कायम की है। उन्होंने कहा कि आज देश में 60 करोड़ गरीबों को जीवन स्तर सुधरा है, यह हम नहीं कहते आईएमएफ की रिपोर्ट कहती है। देश में विपक्षी गठबंधन के पास भविष्य का कोई विजन और रिकॉर्ड नहीं है जबकि मोदी के पास 10 साल का ट्रेक रिकॉर्ड और 50 साल का विजन है। शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ओबीसी के नाम पर मोदी को उलाहना देते है जबकि मोदी स्वयं ओबीसी वर्ग से आते है। राहुल गांधी टेप किया हुआ भाषण पढ़ते है, उन्हें यह तक नहीं पता कि 30 साल पहले देश में किसकी सरकार थी।

मोदी देश में गरीब, युवा, महिला और किसान के हितों को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रहे है। भाजपा की कार्य पद्धति सबको समावेशी विकास के साथ जोड़ने की है। यदि बीते 55 साल और पीएम मोदी के 10 साल का मुकाबला करें तो भाजपा का पलड़ा ही भारी है। राहुल गांधी जातिगत राजनीति करते है। यह देश किसी की बपोती नहीं है कोई व्यक्ति समाज का प्रतिनिधित्व करता है तो उसे मालिक नहीं बनना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाह का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश के भीतर आमजन में भाजपा के प्रति जोश और उमंग है। डबल इंजन की सरकार लगातार श्री मोदी की गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है। हमने प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने की दिशा में हम निरन्तर प्रयासरत है। इस बार भी राजस्थान में सभी 25 लोकसभा सीटों पर बड़े अंतर के साथ कमल खिलाएंगे और अबकी बार 400 पार का नारा साकार करेंगे।

# रहस्यमय बीमारी से एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत सात की मौत

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ स्वास्थ्य महकमे में मची खलबली टीम पहुंची जांच करने

**अमृत विचार :** सलोन क्षेत्र के गांव पूरे डंडी में पिछले दो हफ्ते में एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत सात लोगो की रहस्यमय बीमारी मौत हो गई है। मरने वाले मृतको की उम्र 50 से 65 के बीच के बताई जा रही है। अचानक हो रही मौतों से गांव मे दहशत का माहौल है। रविवार को ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है।

सलोन तहसील क्षेत्र के ममुनी ग्राम सभा स्थित पूरे दांडी गांव निवासी वृद्ध जगदीश मौर्य की आठ मार्च को मौत हो गई थी। इसके बाद इसी परिवार के शिव बहादुर की 17 मार्च, ठाकुरदीन की 26 मार्च, राम नारायण की 28 मार्च और रामेश्वर की 30 मार्च को मौत हो चुकी है। मरने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के पट्टीदार है। इसके अलावा इसी गांव से सटे पूरे जुड़ावन का पुरवा गांव में 19 मार्च को रामकुमार पासी और 22 मार्च को राज लाल पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। एक के बाद एक हो रही ताबड़तोड़ मौतों से ग्रामीणों को कोरोना काल की यादे ताजा कर दी है। वही दहशत के साये में ग्रामीण जीने को मजबूर है। सूचना पर रविवार को स्वास्थ्य विभाग की सयुंक्त टीम ने गांव का दौरा किया। इसके बाद एहतियातन दवा का छिड़काव कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. भावेश कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव गई हुई थी। सभी मृतक किसी ना किसी बीमारी से ग्रसित थे।उन्हें पांच मौतों की ही सूचना मिली थी। फिर भी गांव में लोगों की जांच कराई गई है। रिपोर्ट आने पर ही मौतों की वास्तविक स्थित ज्ञात हो सकती है।

# शूटर्स को तलाशने नेपाल और बंगाल पहुंची पुलिस

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता/खटीमा

● शूटर्स के खिलाफ लुटआउट नोटिस की तैयारी, कनाडा दूतावास से संपर्क साधा

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्यारों को दर्जन भर से अधिक पुलिस टीमें कई राज्यों में तलाश रही हैं। नेपाल और बंगाल में पुलिस ने डेरा डाल रखा है। शूटर्स के विदेश भागने की आशंका में पुलिस ने लुकआउट नोटिस की तैयारी कर ली है और कनाडा दूतावास से भी संपर्क किया है। सभी राज्यों में दोनों शूटर्स के फोटो भी भिजवा दिए गए हैं।

28 मार्च को डेरा प्रमुख की बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिनकी पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू और सरबजीत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। माना जा रहा है कि वारदात के बाद दोनों पीलीभीत के रास्ते नेपाल जा सकते हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों ने कहीं शरण ली है, इसलिए खटीमा-पीलीभीत सीमा पर जांच की जा रही है।

### शाहजहांपुर और पीलीभीत से पांच संदिग्ध उठाए गए

**मकसूदापुर/शाहजहांपुर।** डेरा प्रमुख की हत्या में उत्तराखंड एसटीएफ ने रविवार सुबह बंडा, निगोही और पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। शक है कि षड्यंत्र में कुछ शाहजहांपुर के भी हैं। बंडा और निगोही पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेने की पुष्टि की है।

"बाबा के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्य शुरू कर दिया है। इनाम घोषित होने के बाद लुक आउट नोटिस की तैयारी हो रही है। हत्यारे बॉर्डर का फायदा उठाकर नेपाल, कनाडा या फिर किसी दूसरे देश में शरण नहीं ले सके। आशंका है कि हत्यारे देश के अंदर ही कहीं छिपे हुए हैं। -मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

### मंत्री के रिश्तेदार की हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

मथुरा : जिले की एक अदालत ने उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के छोटे भाई एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लेखराज चौधरी के समधी की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है और उन पर जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के वकील अशोक कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि 18 जनवरी 2018 की शाम को दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौताना मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने छाता क्षेत्र के गौहारी गांव के पूर्व प्रधान सरमन सिंह (63) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। सरमन सिंह प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण के छोटे भाई एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य लेखराज चौधरी के समधी थे। सिंह ने बताया कि अदालत में पेश किए गए आरोप पत्र में जेल में निरुद्ध पलवल के कैलाश नगर निवासी कर्मवीर सिंह को मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए सतीराम, मनोज, अशोक, राधाचरण, धर्मवीर और प्रदीप समेत सात लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि कर्मवीर ने यह हत्या पुरानी चुनावी रंजिश के चलते सुपारी देकर कराई थी। मथुरा जिला कारागार से पेशी के लिए लाए गए कर्मवीर पर छाता तहसील कार्यालय के बाहर जानलेवा हमला हुआ था और जयपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# खंभे से टकराई कार, तीन महिलाओं समेत चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**हादसा**

▸▸ चालक को झपकी आने से हुआ हादसा, घटना में दो घायल

▸▸ देहरादून से मुरादाबाद आ रहा था सर्राफ का परिवार

**अमृत विचार :** कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर में चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार खंभे से टकरा गई। जिससे एक ही परिवार की तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार परिवार देहरादून से मुरादाबाद रिश्तेदार के यहां आ रहा था।

एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने बताया कि कार (स्कार्पियो) को परिवार का ही युवक चला रहा था। अचानक उसे झपकी आ गई। जिससे कार सड़क किनारे पोल से जा टकराई। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं मुगलपुरा थाना क्षेत्र हाथी वाला मंदिर निवासी ज्वैलर्स राजू रस्तोगी ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले लोग मेरे सगे मौसेरे भाई पंकज रस्तोगी के परिवार के लोग हैं। यह देहरादून में घंटाघर खुरबुड़ा चौकी के पास रहता है। जहां इनकी कालिका ज्वैलर्स और आरती ज्वैलर्स के नाम से दो दुकान हैं। रविवार को देहरादून का बाजार बंद रहता है। इसलिए पूरा परिवार घूमने के लिए मुरादाबाद आ रहा था। हादसे में मेरे मौसेरे भाई पंकज रस्तोगी के बेटे यश रस्तोगी (28), यश की मां संगीता रस्तोगी (45) और यश की बुआ आरती रस्तोगी व उनकी बेटी आशिका रस्तोगी (18) की मौत हो गई। जबकि अतुल रस्तोगी व मानवी रस्तोगी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्कॉर्पियो कार।

# सोरेन परिवार की कठपुतली न बनें सीएम चंपई : मरांडी

रांची, एजेंसी

**झारखंड** में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज एक्स पर पोस्ट के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर निशाना साधा।

मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन जी, इंडी ठगबंधन की रैली लोकतंत्र बचाने की नहीं बल्कि परिवारवाद, भ्रष्ट तंत्र और भ्रष्टाचारियों को बचाने की मुहिम है।कहा कि अफसोस है कि चंपई सोरेन जी पारिवारिक अंदरूनी महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। मरांडी ने कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते, जेपीएससी जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते, राज्य के मरणासन्न कानून व्यवस्था की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ करते लेकिन वे भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं। कहा यदि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपने क्रियाकलापों में सुधार नहीं किया और उसी राह पर चलते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब उन्हें भी होटवार जाना पड़ सकता है।

# लिव-इन में रह रही प्रेमिका की हत्या

संवाददाता, देहरादून

● युवती के शव को सूटकेस में रखकर जंगल में लगाया ठिकाने

● देहरादून की घटना, तीन माह बाद खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचारः** देहरादून में लिव इन में रह रहे प्रेमी के प्रेमिका की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रेमी ने प्रेमिका का शव सूटकेस में बंदकर आशारोड़ी के जंगल में ठिकाने लगा दिया। आरोपी की तीन माह बाद गिरफ्तारी से घटना का खुलासा हुआ। रविवार को पुलिस ने जंगल से सूटकेस से लड़की का शव बरामद किया।

हरिद्वार के कनखल थाना क्षेत्र के जमालपुर कला के शहरुल जहां पत्नी जहीर हसन ने 29 जनवरी को कोतवाली पटेलनगर पुलिस को पत्र देकर पुत्री शहनूर की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शहनूर देहरादून में संस्कृति विहार कालोनी में ब्यूटी पॉर्लर का काम करती थी और वह 26 दिसंबर से लापता है। उसका कहीं पता नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पुलिस की टीम जांच में जुट गई।

जांच में पता चला कि शहनूर कालोनी में ही राशिद नाम के युवक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में थी। राशिद युवती के गुम होने के बाद से ही फरार है। 30 मार्च को सूचना मिली कि राशिद अपने किराए के कमरे से सामान लेने आया है, जिस पर पुलिस ने उसको पकड़ लिया। राशिद ने 27 दिसंबर को शहनूर की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूली और बताया शव को सूटकेस में रखकर जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने राशिद की निशानदेही पर आशारोडी के जंगल से सूटकेस से शव बरामद किया। पुलिस के मुताबिक राशिद पुत्र मुर्सलीन बागोवाली, मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। फेसबुक पर दोनों की दोस्ती हुई थी। सितम्बर 2023 से दोनों किराए के कमरे में रह रहे थे। शहनूर के देररात आने पर दोनों में झगड़ा होता था। 26 दिसंबर को दोनों में झगड़ा हुआ, तब उसने शहनूर की गला घोंटकर हत्या कर दी।


हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रविवार को ओलावृष्टि के दौरान छतरी लगाकर मौसम का आनंद लेते पर्यटक। : एजेंसी

# टाटा सूमो खाई में गिरने से तीन की मौत

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** टिहरी जिले में तहसील गजा के दुवाकोटी गांव के पास टाटा सूमो खाई में गिरने तीन यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को खाई से निकाला। घायलों को गजा स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। मृतकों में टिहरी के पोखरी डिग्री कॉलेज की छात्र संघ सचिव रितिका (ऋतु) भी शामिल है। रविवार को वह चम्बा में अपनी बहन के यहां जा रही थी।

रविवार सुबह लगभग 10.30 बजे गजा से चम्बा की ओर जा रही टाटा सूमो दुआकोटी गांव के पास लगभग डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। तहसीलदार विनोद प्रसाद तिवारी ने बताया कि हादसे में धर्मवीर असवाल (45) पुत्र कर्म सिंह असवाल निवासी कठुड़ टिहरी और टिहरी के पोखरी डिग्री कॉलेज की छात्रसंघ सचिव रितिका उर्फ ऋतु (22) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जगवीर सिंह (42) पुत्र रतन सिंह निवासी थयूल ने नरेंद्रनगर अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों में विकास पांडे (35) निवासी मटियाली, साक्षी (19) निवासी पाली, कलापति (60) निवासी उत्तरकाशी, विरेंद्र (52) निवासी फलसारी, सृष्टि (11) पुत्री अनिल, पूजा (22) पुत्री खुशीराम निवासी पाली, अंश (8) समेत 11 लोग घायल हो गए।


दुर्घटनाग्रस्त टाटा सूमो। ● अमृत विचार

# स्वामी विवेकानंद की स्वप्न भूमि है अद्वैत आश्रम

### मायावती आश्रम पहुंचे राज्यपाल गुरमीत सिंह, क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता से हुए अभिभूत

संवाददाता टनकपुर/ लोहाघाट

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) दूसरे दिन जनपद के लोहाघाट स्थित अद्वैत आश्रम मायावती पहुंचे।जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य को निहारा। मायावती आश्रम पहुंचकर राज्यपाल ने कहा कि यहां की प्रकृति तनाव मुक्त करने में मददगार है। उन्होंने कहा कि यह आश्रम देश-विदेश के लोगों को आध्यात्म की ओर आकर्षित करता है। उन्होंने मायावती में संचालित हो रहे धर्मार्थ चिकित्सालय की सेवाओं व सुविधाओं की सराहना की।


मायावती आश्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

राज्यपाल ने इसके बाद मायावती आश्रम परिसर का भ्रमण किया और सौंदर्य को निहारा। उन्होंने कहा कि लोहाघाट की गोद में बसा मायावती आश्रम एक रमणीक स्थान है। उन्होंने कहा कि यह अद्वैत आश्रम स्वामी विवेकानंद की स्वप्न भूमि है, यह आश्रम रामकृष्ण की एक प्राचीन शाखा केंद्र ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के इतिहास में विवेकानंद की भावधारा तथा वेदांत साधना का एक महान केंद्र है।

उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड और हिमालय के प्रति स्वामी विवेकानंद की असीम आस्था रही। कहा कि आज हम स्वामी जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं और आगे के 125 वर्ष के लिए बेहतर प्लान करना होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र धरती के केंद्र को आत्म के केंद्र बिंदु से जोड़कर ब्रह्मांड के केंद्र बिंदु से जोड़ता है। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम के संस्थापक सेवियर दंपति एवं स्वामी स्वरूपानंद को भी याद किया।

उन्होंने बाद में ध्यान कक्ष में ध्यान लगाया और कहा कि ध्यान वाला स्थान चमत्कारिक है, जहां मस्तिष्क में एक अलग ही शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा मायावती आश्रम में आकर 15 दिनों तक ध्यान और साधना की। उन्होंने कहा की सभी को स्वामी जी की सोच, विचार, धारणा, उनके सिद्धांत और मार्गदर्शन पूरे विश्व में ले जाना होगा।

# पहली बार पति-पत्नी एक साथ पहुंचे थे संसद

## फैजाबाद के डीएम रहते श्रीराम के प्राकट्योत्सव में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** बहराइच जिले का नाता अयोध्या के रामलला के ऐतिहासिक प्राकट्योत्सव से जुड़ा हुआ है। उस समय फैजाबाद अब अयोध्या में कलेक्टर रहे केके नैयर बाद में जब बहराइच से और उनकी पत्नी कैसरगंज से चुनाव लड़ीं तो जिले की जनता ने दोनों को साथ जीत दिलाई थी। देश में पहली बार लोकसभा चुनाव में एक साथ पति और पत्नी जीतकर संसद पहुंचे थे।

अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। जबकि बाबरी मस्जिद के लिए भी दूसरी जगह जमीन देदी गई है। भाजपा की ओर से मंदिर और मस्जिद का मुद्दा उठाया जाता था, लेकिन मंदिर और मस्जिद का हल निकलने के बाद भी इससे जुड़ी घटनाएं लोगों को अतीत में डाल रही है। लोकसभा चुनाव में एकबार पुनः मंदिर और मस्जिद के केंन्द्र में रहे फैजाबाद ( अब अयोध्या ) के तत्कालीन जिलाधिकारी केके नैयर ने वर्ष 1966 के आसपास विवाद को बढ़ता देख अदालत के आदेश पर बाबरी मस्जिद में


शकुंतला नैयर


केके नैयर

ताला लगवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नौकरी से इस्तीफा दे दिया और राजनीति में उतर गए। जनसंघ पार्टी ने केके नैयर को बहराइच और उनकी पत्नी शकुंतला नैयर को कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया। दोनों को जिले की जनता ने सर आंखों पर बैठाया। इसका आलम रहा कि वर्ष 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में बहराइच और कैसरगंज लोकसभा सीट से पति पत्नी ने एकसाथ जीत दर्ज की थी। यह एक रिकार्ड भी है कि दंपती को जिले की जनता ने एक साथ संसद भेजा।

जिले में इसका असर भी देखने को मिलता है। जिले से अधिकतर समय भाजपा या उससे जुड़ी पार्टी ही सबसे अधिक बार जीत दर्ज करने में सफल रही है।

### सुर्खियों में आया जनपद

पति-पत्नी जब एक साथ एक ही जिले से चुनकर संसद में पहुंचे तो देश की राजनीति में यह मामला सुर्खियों में बन गया। देश के साथ जिले में भी लोग कहने लगे कि जनता ने भावनाओं को समझते हुए जीत दिलाई है।

### विधायक भी बनी थीं शकुंतला

जिले में परिसीमन से पूर्व फखरपुर विधान सभा सीट थी। इस सीट पर भी शकुंतला नैयर ने दो बार विधान सभा चुनाव जीता था। इसके बाद वह भाजपा समर्थित सरकार में मंत्री भी बनीं। इनकी क्षेत्र में अलग ही पहचान थी।

अतीत के झरोखे से

### संसद में पहले दंपति थे नैयर

बहराइच से केके नैयर और कैसरगंज लोकसभा से शकुंतला नैयर ने एकसाथ लोकसभा चुनाव जीता था। वर्ष 1967 में हुए चुनाव में देश में यह पहला मौका था कि किसी जिले से पति और पत्नी को चुनाव जितवाकर उन्हे संसद भेजा गया है।

# जब प्रियंका ने बदल दी थी रायबरेली की चुनावी फिजा

रमेश शुक्ल , ऊंचाहार रायबरेली

- और चौथे स्थान पर पहुंच गये थे भाजपा के अरुण नेहरू
- कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा ने दर्ज कराई थी जीत

**अमृत विचारः** 18 वीं लोकसभा चुनाव के संदर्भ में रायबरेली में पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। रायबरेली से लोकसभा सदस्य रहीं सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। रायबरेली में उनकी विरासत संभालने के लिए उनकी पुत्री प्रियंका गांधी की खासी चर्चा है।

कांग्रेस की तरफ से अभी तक औपचारिक रूप से रायबरेली से उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है , किंतु कांग्रेस के लोगों को पूरी उम्मीद है कि प्रियंका ही रायबरेली से कांग्रेस का चेहरा होंगी। प्रियंका गांधी यदि रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो यह उनके राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव होगा। क्योंकि अभी तक प्रियंका ने कोई चुनाव नहीं लड़ा है। प्रियंका गांधी रायबरेली में 1999 से सक्रिय हैं। उनकी रायबरेली में ऐसी शुरुआत हुई थी कि आज भी यहां के लोगों के जेहन में 27 साल की प्रियंका के वो दो वाक्य याद है , जिन्होंने 1999 के लोकसभा चुनाव की पूरी फिजा ही बदल कर रख दी थी ।

बात साल 1999 के लोकसभा चुनाव की है। रायबरेली में चुनावी मुहिम ज़ोर-शोर से जारी थी। कांग्रेस के उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा मैदान में थे तो बीजेपी की तरफ़ से राजीव गांधी के चचेरे भाई और प्रियंका गांधी के चाचा अरुण नेहरू। उस वक्त 27 साल की एक महिला कांग्रेस का प्रचार कर रही थी। उन्हें देखने काफ़ी भीड़ जमा हो जाती थी। देर रात तक सभाओं में लोग घंटों इस महिला को सुनने के लिए बैठे रहते थे। अरुण नेहरू रायबरेली से पहले भी चुनाव जीत चुके थे। अरुण नेहरू की वजह से रायबरेली में बीजेपी के लिए माहौल बनता हुआ दिख रहा था। ऐसे में उस 27 साल की लड़की ने एक चुनावी रैली के बीचोबीच सवाल पूछा, "मेरे पिता जी से दग़ाबाज़ी करने वालों को आपने



यहां पर घुसने कैसे दिया."उन्होंने आगे कहा, ''क्या आप उन्हें वोट देंगे जिन्होंने मेरे पिता की पीठ में छुरा घोंपा.'' इस बयान की काफ़ी चर्चा हुई और इसकी गूंज दिल्ली तक सुनी गई। दूसरे दिन अरुण नेहरू के प्रचार के लिए अटल बिहारी वाजपेयी रायबरेली पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण में उस लड़की के बयान पर काफ़ी हल्के-फुल्के ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दी।

अटल जी ने कहा था कि "हमने सुना कि ये किसी का इलाक़ा है। आपने इस आदमी को घुसने कैसे दिया।" इसके बाद चुनाव प्रचार काफ़ी ज़ोर-शोर से चला और कहा जाने लगा कि मुक़ाबला कांटे का हो गया है, लेकिन उस एक लाइन ने अमेठी-रायबरेली चुनाव की कहानी बदल दी थी। शुरु में कांटे की टक्कर देने वाले अरुण नेहरू चौथे नंबर पर चले गए और कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा जीत गए। कैप्टन सतीश शर्मा के लिए प्रचार करने वाली ये लड़की थीं प्रियंका गांधी।

# चुनाव को लेकर लोकसभा क्षेत्रों में बढ़ाई गई सुरक्षा और सतर्कता

## अतुल गर्ग और केंद्रीय मंत्री बालियान पर हमले के बाद जारी किये गये सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा से मुजफ्फरनगर के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान और गाजियाबाद के अतुल गर्ग पर हुए हमले के बाद कई अन्य चुनावी क्षेत्रों से भी हमले की साजिश का इनपुट मिल रहा है। इसके पीछे मतदाताओं के बीच पार्टी को बदनाम करने की विपक्ष की साजिश के साथ नाराज कार्यकर्ताओं के नाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री समेत भाजपा का शीर्ष नेतृत्व गंभीर हो गया है। शासन ने जिला प्रशासन समेत खुफिया इकाईयों को सतर्क रहकर समय रहते कार्रवाई का निर्देश दिया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री और मुजफ्फरनगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान के काफिले पर शनिवार को खतौली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में मढकरीपुर गांव में रात करीब साढ़े आठ बजे पथराव में विपक्षी नेताओं की साजिश सामने आई है। इस सीट पर रालोद और भाजपा का समझौता होने से भाजपा बहुत मजबूती का दावा कर रही है। सपा ने यहां से हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। हरेंद्र और संजीव दोनों ही जाट समुदाय से हैं। इसलिए मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। मगर, विरोधी पक्ष 19 अप्रैल को मतदान से पहले भाजपा को बदनाम करने के लिए तमाम दांव-पेच चल रहा है।

शासन को आई जिला प्रशासन की रिपोर्ट में इसे विपक्ष की साजिश बताया गया है। अराजत तत्वों और उन्हें उकसाने वालों की तलाश और धर-पकड़ तेज हो गई है। हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान गाजियाबाद सीट से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के साथ शुक्रवार को हुई हाथापाई और इससे पहले बागपत में भाजपा और रालोद कार्यकर्ताओं के बीच टकराव में माना जा रहा था कि आपसी नाराजगी का असर है। लेकिन बालियान पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा माना जा रहा है, इसमें 15 नेताओं की गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हुए और कई लोग गंभीर हाल मे मेरठ जिला अस्पताल में भर्ती हैं। प्रत्याशी को किसी तरह से जान बचाकर निकाला गया। भाजपा प्रत्याशी डा. संजीव बालियान कहते हैं कि मढकरीपुर में साजिशन हमला किया गया है। उन्होंने इस मामले से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी अवगत कराया है।



- भाजपा को बदनाम करने के लिए प्रत्याशियों पर हमले की बड़ी साजिश, भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी गंभीर
- गाजियाबाद में अतुल गर्ग और मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान के बाद आगे भी हमले होने की आशंका

### योगी ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान पर हुए हमले पर शासन को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से ऐसे हमलों को लकेर सतर्क रहने का संदेश भेजा है। साथ ही शीर्ष नेतृत्व को भी जानकारी दी गई है। सूत्रों के अनुसार गृह विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने और खुफिया सूचनाएं समय रहते जुटाने के साथ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ऐसे और हमले कहां-कहां हो सकते हैं, इसे चिन्हित करने और समय रहते पर्दाफाश करने को कहा गया है।



### सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो से भी निशाना साध रहा विपक्ष

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच सोशल मीडिया पर विपक्ष भाजपा नेताओं पर भीड़ के हमले का वीडियो साझा करके निशाना साध रहा है। बताने की कोशिश हो रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने गए भाजपा नेताओं को लोगों ने भगाया। ऐसे वीडियो साझा करते हुए आप छात्र विंग की उप्र इकाई के अध्यक्ष वंशराज दुबे ने लिखा है कि ' 'जनता गली-मोहल्लों से ही पार नहीं जाने दे रही है, चले हैं 400 पार लाने! जबकि भाजपा नेताओं पर हमले का यह वीडियो करीब छह साल पुराना दार्जीलिंग में बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे दिलीप घोष से धक्का मुक्की और पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटने का है। इसका लोकसभा चुनाव 2024 से कोई संबंध नहीं है।

# दो महिलाओं ने किया संसद में गोंडा का प्रतिनिधित्व

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचारः** जनता की रहनुमाई करने में जिले की आधी आबादी काफी उदासीन रही है। महिलाओं के सशक्तीकरण व राजनीति में हिस्सेदारी बढ़ाने की वकालत जमीनी हकीकत से कोसों दूर दिखायी पड़ती है। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी व भाजपा की केतकी सिंह को छोड़कर किसी तीसरी महिला की भागीदारी इस लोकसभा सीट पर नहीं दिखाई देती ।देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी की कर्मभूमि होने के बावजूद गोंडा जिले में महिलाओं की राजनीतिक हिस्सेदारी हमेशा से उपेक्षित रही है। इसके चलते ही 73 साल के इतिहास में अब तक जिले से चुनाव लड़ने वाली मात्र दो महिलाएं ही जीतकर लोकसभा सभा की दहलीज को पार कर पायी है।

देश की आजादी के बाद से अब तक 73 साल के लंबे राजनीतिक सफर में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी महज चंद फीसदी रही है। 17 लोकसभा चुनावों में सिर्फ दो महिलाएं ही संसद की चौखट तक पहुंची है। वर्ष 1967 में कांग्रेस पार्टी से सुचेता कृपलानी व वर्ष 1996 में भाजपा से केतकी सिंह ने इस सीट से महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया है। महिला अधिकारों की वकालत करने वाली राजनैतिक पार्टियां टिकट के नाम पर मुंह फेर लेती हैं। वर्ष 1967 में सुचेता कृपलानी की जीत के बावजूद कांग्रेस ने दोबारा किसी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। 1996 को अपवाद को छोड़ दिया जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने भी कभी किसी महिला को इस सीट से टिकट नहीं दिया है। वर्ष 1996 के चुनाव में भाजपा ने केतकी सिंह को टिकट इसलिए दिया था क्योंकि उनके पति बृजभूषण शरण सिंह जेल में थे और पार्टी को सहानुभूति की उम्मीद थी।

सपा ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में मेहनौन की तत्कालीन विधायक रहीं नंदिता शुक्ला को टिकट दिया था लेकिन मोदी लहर में वह जीत दर्ज करने में नाकाम रहीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हे करीब 2 लाख वोट मिले थे, लेकिन पार्टी ने उन्हे दोबारा मौका नहीं दिया।

बहुजन समाज पार्टी ने भी अब तक कभी भी इस सीट पर किसी महिला को मौका नहीं दिया है। जिले के कुल 1838295 मतदाताओं में 852422 महिला मतदाता होने के बावजूद महिलाओं की हिस्सेदारी चिंताजनक दिखाई देती है। मौजूदा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर श्रेया वर्मा चुनाव मैदान में है जबकि सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा ने वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह को तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है।


सुचेता कृपलानी। फाइल फोटो


केतकी सिंह।

### कब कौन बना सांसद

| वर्ष | सांसद | पार्टी | वर्ष | सांसद | पार्टी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1951 | चौधरी हैदर हुसैन | कांग्रेस | 1991 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1957 | दिनेश प्रताप सिंह | कांग्रेस | 1996 | केतकी सिंह | भाजपा |
| 1962 | राम रतन गुप्ता | कांग्रेस | 1998 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1967 | सुचेता कृपलानी | कांग्रेस | 1999 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 1971 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2004 | कीर्तिवर्धन सिंह | सपा |
| 1977 | सत्यदेव सिंह | जनता पार्टी | 2009 | बेनी प्रसाद वर्मा | कांग्रेस |
| 1980 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2014 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 1984 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | 2019 | कीर्तिवर्धन सिंह | भाजपा |
| 1989 | कुंवर आनंद सिंह | कांग्रेस | | | |




### गोंडा में विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग- | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |

# कुशीनगर से लड़ेंगे स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो लखनऊ

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी शीघ्र घोषित करेगी और प्रत्याशी

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल रहने के बावजूद सीटें न मिलने पर पार्टी ने रविवार को कुशीनगर व देवरिया सीट के लिए प्रत्याशी घोषित किया। हालांकि बाद में देवरिया सीट पर प्रत्याशी बनाए गए एसएन चौहान का टिकट निरस्त कर दिया गया। इस बीच पार्टी प्रमुख मौर्य गाजीपुर पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की।

आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रविवार को सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' के जरिए चुनाव लड़ने की घोषणा की। वह इंडिया गठबंधन से अलग कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अन्य प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी



के गठन 22 फरवरी से लेकर निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने देशवासियों से संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ।'' अपील भी की। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल यूपी की दोनों बड़ी पार्टियों के नेताओं से वार्ता भी हुई, उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप पांच नामों की सूची भी भेजी। वह प्रतीक्षा करते रहे कि उस पर निर्णय कर इन्ही दोनों पार्टियों की ओर से तय किये गये नामों की घोषणा भी हो, पर घोषणा नहीं हुई।

# हर चुनाव में दलीय निष्ठा बदलती रही श्रावस्ती लोकसभा की जनता

## पिछले तीन चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बसपा को दिया मौका

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचारः** वर्ष 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की जनता ने हर बार अपनी दलीय निष्ठा बदली है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में यहां की जनता कांग्रेस, भाजपा तथा बसपा को मौका दिया था ।इस बार अभी तक केवल भाजपा ने अपना पत्ता खोला है। इंडिया गठबंधन तथा बसपा के लोग अभी तक प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर पाए हैं।

वर्ष 2009 में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व खत्म कर महात्मा बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती के नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इस लोकसभा क्षेत्र में श्रावस्ती जनपद की दो विधानसभा श्रावस्ती पूर्व नाम इकौना तथा भिनगा और बलरामपुर के तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर और गैंसड़ी शामिल हैं।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडेय के ऊपर इस क्षेत्र की जनता ने अपना विश्वास जताया और उन्हें अपना सांसद बनाया। उन्होंने सपा के रुवाब सईदा को हराया था । वर्ष 2014 के चुनाव में बाहुबली माफिया अतीक अहमद को हराकर भाजपा के दद्दन मिश्रा ने यह सीट भाजपा के खाते में डाल दी। वर्ष 2019 के चुनाव में दद्दन मिश्रा अपना पुराना इतिहास नहीं दोहरा पाए। उन्हें सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी बसपा के राम शिरोमणि वर्मा के हाथों मामूली मतों से हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर हिंदू मतों में ब्राह्मण, कुर्मी और दलित वोटों का वर्चस्व है।

यह तीन लोग लड़ाई में निर्णायक साबित होते हैं। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 20% है। वोटों के ध्रुवीकरण में इनकी भी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। भाजपा को छोड़ अन्य दलों के प्रत्याशी मुस्लिम मतदाताओं को अपनी तरफ करने का हर संभव प्रयास करते हैं।


दद्दन मिश्रा।


राम शिरोमणि वर्मा।

### चुनाव परिणाम

**वर्ष 2009**
1-डा. विनय कुमार पांडेय - कांग्रेस — कुल प्राप्त मत-201556
2-रिजवान जहीर - बसपा — कुल प्राप्त मत-159527

**वर्ष 2014**
1-दद्दन मिश्रा- भाजपा — कुल प्राप्त मत-345964
2-अतीक अहमद -सपा — कुल प्राप्त मत-260051

**वर्ष 2019**
1-राम शिरोमणि वर्मा - बसपा — कुल प्राप्त मत-441771
2-दद्दन मिश्रा - भाजपा — कुल प्राप्त मत-436451

### भाजपा का प्रत्याशी घोषित, विपक्ष में अभी चुप्पी

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एमएलसी साकेत मिश्रा को श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है। साकेत मिश्रा पूर्व प्रशासनिक अधिकारी नृपेन्द्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा वर्तमान में अयोध्या राम तीर्थ निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं । साकेत मिश्रा पिछले 5 सालों से लोकसभा क्षेत्र में लगातार बने रहकर लोगों का काम करते रहे ।इंडिया गठबंधन में यह सीट सपा के खाते में है। सपा और बसपा ने अभी तक यहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।



### लोकसभा क्षेत्र में विधानसभावार मतदाता



**2-तुलसीपुर**
पुरुष-203276
महिला-174322
अन्य-17
कुल मतदाता-377615

**1-बलरामपुर सदर**
पुरुष-225626
महिला-193405
अन्य-00
कुल मतदाता-419026

**4- श्रावस्ती**
पुरुष-222338
महिला-198809
अन्य-14
कुल मतदाता-421161

**3-गैंसड़ी**
पुरुष-192888
महिला-168801
अन्य-19
कुल मतदाता-361708

**5-भिनगा**
पुरुष-210270
महिला-183143
अन्य-02
कुल मतदाता-393415

पर्वतीय, पिछड़े वर्ग और मुस्लिम मतदाताओं को लेकर भाजपा, कांग्रेस व बसपा में जमकर खींचतान बीते तीन चुनावों में यही वोट बैंक तय करता रहा है जीत और हार



धर्म नगरी में अब तक छह बार भाजपा और चार मर्तबा कांग्रेस ने दर्ज की है जीत

# भाजपा की हैट्रिक आसान कर सकता है चतुष्कोणीय मुकाबला

**हरिद्वार संसदीय सीट**

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में इस बार सबसे ज्यादा धर्मनगरी हरिद्वार संसदीय सीट की चर्चा है। यहां से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे कुंवर वीरेंद्र रावत को टिकट दिया है, तो भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को उम्मीदवार बनाया है। खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार भी चुनाव मैदान में हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे जमील अहमद को मैदान में उतारा है। इस हाल में यहां मुकाबला रोचक बन गया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि इस सीट पर भाजपा जीत की हैट्रिक बनाती है अथवा चौतरफा संघर्ष में फंसती है।

### छह विस सीटों पर भाजपा, पांच पर कांग्रेस काबिज

- हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 14 विधाससभा सीटों में वर्तमान में छह पर भाजपा और पांच सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। दो सीटों पर बसपा तो एक पर निर्दलीय प्रत्याशी जीता था।
- 2022 के विधान सभा चुनावों में भाजपा को 38.8 प्रतिशत, कांग्रेस को 36.0 प्रतिशत, बसपा को 14.1 प्रतिशत आम आदमी पार्टी को 1.9 प्रतिशत तथा सपा को 0.2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे।
- हालांकि 2017 के विधानसभा चुनावों में भाजपा काफी आगे रही थी। उसे 45.6 और कांग्रेस को 32.4 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। बसपा को इस चुनाव में 13.8 प्रतिशत मत मिले थे।
- समाजवादी पार्टी भी एक बार दौड़ा चुकी है धर्म नगरी में साइकिल
- कैडर वोटों के सहारे बसपा यहां बनाती और बिगाड़ती रही है खेल







1 **कुंवर वीरेंद्र रावत**
कांग्रेस ने दिया है टिकट

2 **त्रिवेंद्र सिंह रावत**
पूर्व मुख्यमंत्री, भाजपा प्रत्याशी

3 **उमेश कुमार**
खानपुर से निर्दलीय विधायक

### हरपाल साथी ने जीत की हैट्रिक का बनाया रिकॉर्ड

- हरिद्वार संसदीय सीट वर्ष 1977 में अस्तित्व में आई। पहला संसदीय चुनाव जनता पार्टी ने जीता। उस दौरान इस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का खासा प्रभाव था।
- वर्ष 1980 में यह सीट जनता पार्टी (सेक्युलर) ने जीती लेकिन 1984 में समीकरण बदले और कांग्रेस ने विजय पताका फहराई।
- वर्ष 1987 के उपचुनाव में भी कांग्रेस का कब्जा कायम रहा। वर्ष 1989 के चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाई।
- वर्ष 1991 में कांग्रेस से भाजपा में आए राम सिंह सैनी ने राजनीति बदल दी और यह सीट भाजपा के खाते में चली गई। हालांकि परिसीमन में बदलाव हुआ और यह सीट आरक्षित हुई। इसके बाद भाजपा के कद्दावर नेता हरपाल साथी ने लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक का रिकॉर्ड बनाया।

### उत्तराखंड बनने के बाद पहले चुनाव में सपा का खुला खाता

- वर्ष 2004 में उत्तराखंड राज्य का गठन के तुरंत बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में सपा ने हरिद्वार सीट भाजपा से छीन ली। इसके बाद नया परिसीमन हुआ और यह सीट आरक्षित से सामान्य हो गई। अल्मोड़ा से हरिद्वार पहुंचे कांग्रेस के कद्दावर नेता हरीश रावत ने यहां से 2009 में जीत दर्ज की और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री बने। वर्ष 2014 में मोदी लहर ने इस सीट पर फिर राजनीति बदल दी। यहां से भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को उम्मीदवार बनाया। निशंक ने भारी मतों से जीत दर्ज की और वर्ष 2019 में भी अपनी जीत का प्रदर्शन दोहराया।

### देहरादून की तीन व हरिद्वार की 11 विस सीटें शामिल हैं

- हरिद्वार लोकसभा सीट में देहरादून की तीन विधानसभा सीटें डोईवाला, धर्मपुर और ऋषिकेश शामिल हैं। हरिद्वार जिले की हरिद्वार, बीएचईएल रानीपुर, ज्वालापुर, भगवानपुर, झबरेड़ा, पिरान कलियर, रूड़की, खानपुर, मंगलौर, लक्सर व हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा सीटें लोक सभा क्षेत्र का हिस्सा हैं।

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रमेश पोखरियाल | 665,674 |
| अंबरीश कुमार | 4,06,945 |
| अंतरिक्ष सैनी | 1,73,528 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | रमेश पोखरियाल | 592,320 |
| कांग्रेस | रेणुका रावत | 4,14,498 |
| बसपा | मोहम्मद इस्लाम | 1,13,663 |




### हरिद्वार से निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1977 | भगवान दास राठौड़ | जनता पार्टी |
| 1980 | जगपाल सिंह | जनता पार्टी (सेक्युलर) |
| 1984 | सुंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1987 | राम सिंह सैनी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | जगपाल सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | राम सिंह सैनी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996, 98 व 99 | हरपाल सिंह साथी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेंद्र कुमार बाड़ी | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | हरीश रावत | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 व 19 | रमेश पोखरियाल | भारतीय जनता पार्टी |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हरीश रावत | 332,235 |
| भाजपा | यतींद्रानंद गिरि | 2,04,823 |
| बसपा | शहजाद | 1,81,296 |




# बदायूं में पिछली बार गुन्नौर ने गिरा दी थी सपा की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लंबे समय तक बदायूं लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। संसदीय क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में सपा को हमेशा लंबी बढ़त मिलती रही। लेकिन पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में गुन्नौर की जनता ने सपा का मजबूत किला ढहा दिया। मोदी लहर में 2014 में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को जहां 54 हजार मत प्राप्त हुए थे, वहीं 2019 में 96,531 मतदाताओं ने भाजपा को वोट देकर सपा का खेल खराब कर दिया। इसके चलते भाजपा प्रत्याशी संघमित्रा मौर्य ने बदायूं में कमल खिला दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुन्नौर की जनता इस बार किस ओर अपना रुख करेगी। मुस्लिम और यादव बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से बदायूं जिले में सपा का दबदबा रहा है। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव बदायूं के लोगों को अपना कुनबा बताते थे। बदायूं सीट से मुलायम सिंह के करीबी रहे सलीम इकबाल शेरवानी पांच बार सांसद रहे। वर्ष 2009 में यहां सपा दो खेमे में बंट चुकी थी तो मुलायम सिंह ने अपने भतीजे पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में उतारा। उस समय बसपा की सरकार थी। बसपा से बाहुबली डीपी यादव चुनाव मैदान में थे। लेकिन चुनाव में सपा को ही जीत हासिल हुई। इसके बाद 2014 में मोदी लहर में भी धर्मेंद्र यादव ने भाजपा उम्मीदवार बागीश पाठक को 1.65 लाख वोटों के अंतर से हरा दिया था। सपा की जीत में गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हाथ रहा। लेकिन, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का गढ़ कहे जाने वाले गुन्नौर क्षेत्र ने पार्टी को तगड़ा झटका दिया। यहां से भाजपा उम्मीदवार को 96,531 वोट मिले। हालांकि सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव को यहां एक लाख छह हजार मत मिले, लेकिन भाजपा को अपेक्षा से ज्यादा वोट मिलने की वजह से सपा को हार का सामना करना पड़ा।

- भाजपा ने डा. संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय सिंह शाक्य को उतारा तो सपा से शिवपाल सिंह यादव करेंगे मुकाबला
- 2014 की मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी को गुन्नौर में मिले थे महज 54 हजार वोट पर 2019 में 96,531 वोट लेकर जीता चुनाव
- अन्य विधानसभा सीटों पर सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव और भाजपा की संघमित्रा मौर्य में चलती रही थी मामूली अंतर से हार जीत

### वर्ष 2019 में विधानसभावार मिले मत

- बिसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 1,11,686, सपा को 1,06,485 और कांग्रेस को 6,711 मत प्राप्त हुए थे।
- सहसवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को 95,093, सपा प्रत्याशी को 1,09,873 और कांग्रेस को 21,198 वोट मिले थे।
- बिल्सी विधानसभा में भाजपा 1,03,191 वोट, सपा को 79,751 और कांग्रेस को 9,190 वोट मिले थे।
- सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 1,03,842, सपा को 89,691 और कांग्रेस को 9,698 वोट हासिल हुए थे।
- गुन्नौर विधानसभा में भाजपा को 96,531 और सपा को 1,06,159 वोट मिले थे।

### सपा में शिवपाल का टिकट बदले जाने की चर्चा

बदायूं लोकसभा सीट पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का मुकाबला करने के लिए मौजूदा सांसद डा. संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। वह पार्टी के ब्रज प्रांत के अध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य सपा मुखिया अखिलेश यादव व प्रत्याशी शिवपाल यादव पर तंज कस रहे हैं, शिवपाल पहले अपने भतीजे से तो निपट लें, अपने भतीजे की तो बात कर लें, भतीजे का विश्वास जीतें, जिसने यहां फंसा दिया है। इस बीच माना जा रहा है कि सपा बदायूं लोकसभा सीट पर उम्मीदवार बदल सकती है। इस संबंध में शिवपाल यादव का कहना है कि पार्टी जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करूंगा।

# इंडिया गठबंधन के पास भ्रष्टाचार के अतिरिक्त कुछ नहीं: मोदी

**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के नेताओं के पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा देने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री ने ये बात रविवार को नमो एप के जरिए अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान कहीं। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 'टिफिन बैठक' में विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' घिसी-पिटी बातों पर भरोसा करता है। उनमें तर्क और तथ्य दोनों का अभाव है। विपक्षी नेताओं पास भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं है। वे बस इतना ही जानते हैं। इसलिए, जब जनता उन्हें अस्वीकार करने लगती है, तो वे मोदी की आलोचना करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां कभी इस बात की सराहना नहीं करेंगी कि भारत कितना आगे आ गया है। वे परिवार के लिए और परिवार द्वारा हैं। अपनी बातचीत में मोदी ने कहा कि 10 साल पहले, आपने मुझे पहली बार अपना जनप्रतिनिधि होने की जिम्मेदारी सौंपी थी।



**हम भी मोदी** मेरठ में आयोजित राजग की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने संबोधित किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश दिखा।

**भाजपा-सपा में रहती टक्कर** | इस बार बसपा यादव या मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाने की कर रही तैयारी

# एटा में हर बार अटकती रही हाथी की राह

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचार :** एटा- कासगंज लोकसभा क्षेत्र में हाथी की राह कभी आसान नहीं हो पाई। यहां बहुजन समाज पार्टी को कभी जीत नहीं मिली। हालांकि विधानसभा चुनाव में कासगंज में बसपा के प्रत्याशी को जीत मिली थी। शायद यही वजह है कि इस बार अभी तक बसपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

बहुजन समाज पार्टी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से कई धुरंधरों को मैदान में उतारा, लेकिन यहां की जनता ने उनको नकार दिया। कई बार प्रत्याशी घोषित होने के बाद बदलते भी रहे। लेकिन जीत हासिल नहीं हुई। इस बार यादव या मुस्लिम वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की अटकलें हैं। बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना ने बताया कि हमने पैनल बनाकर मुख्यालय को भेज दिया है। इसमें नौ नाम शामिल किए गए हैं। अब मुख्यालय से ही निर्णय लिया जाएगा। संभवतः दो दिन में सूची आ जाएगी। उसमें एटा के प्रत्याशी का नाम शामिल होगा।



### विधानसभा चुनाव में मिली थी बड़ी सफलता

- विधानसभा चुनाव में एटा- कासगंज जिले में बसपा को बड़ी सफलता मिली थी। कासगंज विधानसभा क्षेत्र से हसरत उल्ला शेरवानी, सोरों विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य, पटियाली विधानसभा क्षेत्र से अजय यादव और एटा के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र से अवधपाल सिंह यादव ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता और उस समय बसपा की सरकार प्रदेश में बनी थी। इसके अलावा वर्ष 2002 में पटियाली विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र सिंह चौहान ने चुनाव जीता था। वर्ष 2012 में अमापुर विधानसभा क्षेत्र से ममतेश शाक्य ने बसपा से चुनाव जीता था।

### 16 लाख से ज्यादा मतदाता

- इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें कासगंज, अमॉपुर, पटियाली, एटा और मारहरा विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस सीट पर 7,42,422 पुरुष वोटर हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 8,78,827 है। थर्ड जेंडर के मतदाता 46 हैं। 2019 में कुल वोटरों की संख्या 9,99,607 थी। मतदान प्रतिशत 61.65% रहा था। एटा क्षेत्र मंट लोध, यादव और शाक्य जाति की बहुलता है।

### बीते दो चुनावों का जनादेश

- 2019 लोकसभा चुनाव में एटा सीट से बीजेपी के राजवीर सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,45,348 वोट मिले थे। सपा के देवेंद्र यादव 4,22,678 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे और आरजेएपी के सूरज सिंह 51,26 वोटों के साथ तीसरे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह को टिकट मिला था। उन्होंने बड़ी जीत हासिल की थी। एटा में हुए 58 फीसदी मतदान में भाजपा के राजवीर सिंह को करीब 51 फीसदी वोट मिले थे तो उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को सिर्फ 29 फीसदी वोट मिले थे।

# इंडिया गठबंधन ने महारैली में पांच सूत्री मांगें रखीं

## विपक्षी नेताओं का लोकतंत्र बचाने के लिए एकजुटता का आह्वान, केजरीवाल-हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग

नई दिल्ली, ब्यूरो/ एजेंसी

- विपक्षी नेता बोले- निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए

इंडिया गठबंधन के दलों ने रविवार कोरामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं, जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं। उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए। चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने यह मांग भी रखी, चुनावी चंदे का उपयोग कर भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी का गठन होना चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा आज जो लोग सत्ता में हैं, वो अपने आपको रामभक्त कहते हैं। मुझे लगता है कि वो कर्मकांड में उलझ गए हैं और दिखावे में लिप्त हो गए हैं। इसलिए उन्हें यह याद दिलाना जरूरी है कि सत्ता सदा नहीं रहती, अहंकार चूर-चूर हो जाता है।



नई दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली के दौरान कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल। ● एजेंसी

महारैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि यह एकजुटता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहा है। मोदी लोकतंत्र नहीं चाहते हैं। वह तानाशाही तरीके से देश को चलाना चाहते हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, जब तक हम मोदी को नहीं हटाएंगे, मोदी के विचारधारा को नहीं हटाएंगे, तब तक देश में सुख और समृद्धि नहीं आएगी। खरगे ने दावा किया, आरएसएस जहर की तरह है। अगर आप इसको चाटकर देखेंगे तो भी मरेंगे, पीएंगे तो भी मरेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा ब्रह्मांड में सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाली पार्टी करार देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की ''थू-थू हो रही है। यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, "अगर हम आंकड़े निकलेंगे तो ब्रह्मांड में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला होगा जितना भाजपा ने बोला है।

# बड़े आंदोलनों की नींव रखी गई है दिल्ली के रामलीला मैदान में

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जेपी ने "सिंहासन खाली करो कि जनता आती है" नारा इसी मैदान में दिया था

रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता की पंक्ति "सिंहासन खाली करो जनता आती है" नारा लगाकर दिल्ली के इसी रामलीला मैदान से जनता के बीच उतरे थे लोकनायक जयप्रकाश नारायण। नाम मिला, जेपी आंदोलन। रविवार को फिर एक नारा इसी मैदान पर दिया गया है "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ"। जेपी आंदोलन में समाजवादी लोग थे।

रविवार की उक्त रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी लोकनायक की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ललकारा। कहा कि दिल्ली की गद्दी में बैठने वाले हुक्मरान ज्यादा दिन तक यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने उन्होंने बीजेपी से सवाल किया है कि यदि आप 400 पर का नारा दे रहे हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के नेताओं से क्यों डरते हो। कुल मिलाकर रामलीला मैदान की रैली ने आज बहुत सारे संस्मरण ताजा कर दिए। कई ऐतिहासिक राजनीतिक आंदोलनो के गवाह दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई विपक्ष की रैली से क्या फिर कोई देशव्यापी संदेश जाएगा। इस सवाल ने देश भर के प्रमुख राजनेताओं को झकझोर दिया है। खासतौर से 400 पार या 180 से कम और मैच फिक्सिंग के आरोपी का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष को फिर से कोई रणनीति अपनानी पड़ेगी। मुगलकाल से आज तक रामलीला मैदान हमेशा देशव्यापी चर्चा में रहा है। कई बड़े आंदोलन की नीव यहां रखी गई है। ब्रिटिश शासको से लेकर जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, अन्ना हजारे, किसान आंदोलन का गवाह भी बना। अजमेरी गेट और तुर्कमान गेट के बीच 10 एकड़ जमीन में फैला हुआ यह मैदान कभी तालाब होता था अब उसमें एक लाख से अधिक लोगों की क्षमता है। बहादुर शाह जफर ने मैदान में तब्दील करवा करवाया था। इसी मैदान पर 1883 में अंग्रेजों ने ब्रिटिश कैंप लगवाए थे। बाद में यहां रामलीला का मंचन शुरू हुआ। रामलीला मैदान में रैली, सभाओं, प्रदर्शन और आंदोलन के लिए तब पसंद किया जाने जब 1945 में मोहम्मद अली जिन्ना को यहां एक जनसमूह ने मौलाना की उपाधि दी थी। आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल एवं अन्य बड़े नेताओं ने यहां पर भारत को आजाद करने की भी अलख जलाई थी। 1952 में रामलीला मैदान में जम्मू कश्मीर मुद्दे पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे क्रांतिकारियों ने सत्याग्रह भी किया था। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1956 से 1957 के बीच इसी मैदान में देशवासियों को संबोधित करने के लिए बड़ी जनसभाओं का आयोजन किया था। 1965 में तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने यहां पर भारत- पाक जंग की जीत की जनसभा को संबोधित किया था। 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश बनने का जश्न भी इसी मैदान में मनाया था। 1975 में आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसी मैदान में कांग्रेस के खिलाफ ऐतिहासिक रैली आयोजित की थी। बताते हैं कि रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध पंक्तियां सिंहासन खाली करो कि जनता आती है नारा भी इसी रामलीला मैदान से गूंज था। इतना ही नहीं, अरविंद केजरीवाल को जब दिल्ली में कोई जानता नहीं था, तब अपनी पहली सभा इसी मैदान में की थी।

## एक नजर

### सिलेंडर फटने से झुलसे दंपति की मौत, बच्चे गंभीर

**ग्वालियर।** ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर में अवधेश प्रजापति पत्नी बच्चों के साथ रहता था। वह कल दोपहर खाना खा रहा था और उसकी पत्नी खाना बना रही थी। तभी गैस सिलेंडर के लीक होने से निकली गैस में लगी आग ने सिलेडर और चूल्हे को अपनी चपेट में ले लिया और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे अवधेश के कच्चे मकान की टीन अन्य सामान उड गया। हादसे में अवधेश, उसकी पत्नी रामबेटी, बेटी रेशमा, कुसुम तथा बेटा कान्हा छह वर्ष गंभीर घायल हो गये। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल अवधेश आज दमतोड़ दिया और उसकी पत्नी रामबेटी की कल रात मौत हो गयी।

### ईडी ने गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह के रिश्तेदारों की संपत्तियां कुर्क की

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत गैंगस्टर सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू के परिवार के सदस्यों की 17 .82 करोड़ रुपये की बैंक जमा, नकदी और जमीन कुर्क की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अचल संपत्तियां हरियाणा के नारनौल और राजस्थान के जयपुर में स्थित हैं।

# विपक्ष की महारैली पर फूटा भाजपा का पोस्टर बम

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष के इंडी गठबंधन की महारैली के जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक व्यापक एवं सघन पोस्टर बैनर अभियान छेड़ दिया है जिसमें विपक्ष को भ्रष्टाचार बचाओ गठजोड़ करार दिया। भाजपा ने राजधानी में रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों के चौराहों को बड़े-बड़े बैनरों और पोस्टरों से पाट दिया जिनमें विपक्ष की रैली पर निशाना बनाया गया है।

विपक्षी गठबंधन की ओर से इस हमले का कोई प्रभावी जवाब नहीं आया है। तकरीबन सभी विपक्षी दलों के रामलीला मैदान में जमावड़े में उनके नेताओं ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वह विपक्ष को कमजोर करने के लिए ईडी, आयकर विभाग और सीबीआई जैसी एजेंसियों का जबरदस्त दुरुपयोग किया जा रहा है। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों के सहारे एक-एक कर विपक्ष के सभी बड़े नेताओं को या तो जेल में बंद कर दिया है, या उन पर भ्रष्टाचार के गंभीर मुकदमे चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जनता के बीच विपक्ष की छवि को खराब करना है। विपक्ष का आरोप है कि इसके सहारे भाजपा लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाना चाहती है। लेकिन इसी बीच भाजपा ने अपना पोस्टर अभियान छेड़ दिया। भाजपा ने अपने पोस्टरों बैनरों में यह आरोप लगाया है कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए एकजुट हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से भ्रष्टाचार को हटाने का संकल्प लिया है। भाजपा का यह पोस्टर अभियान केवल सड़कों, चौराहों और गलियों, मोहल्लों तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह अभियान बहुमंजिली हाउसिंग सोसाइटियों, ऑटो रिक्शा एवं टैक्सियों, बस स्टॉप तक जा पहुंचा। हाउसिंग सोसाइटियों की लिफ्ट लॉबी में भी पोस्टर लगवाए गए हैं। भाजपा के पोस्टरों एवं बैनरों में एक तरफ जेल में बंद किसी नेता की तस्वीर दिखाई गई है, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर वार करने की बात कहते हुए दिखाए गए हैं। भाजपा ने आज अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्टर जारी करते हुए विपक्ष की इस रैली को भ्रष्टाचारी दलों और नेताओं का मेला बताया था।

# भाजपा ने मैच-फिक्सिंग वाले बयान के लिए राहुल गांधी पर पलटवार किया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मोदी के खिलाफ "मैच फिक्सिंग" के आरोप के लिये राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकार ने पार्टी के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये पड़ोसी देश श्रीलंका के साथ एक 'सौदा' करके कच्चातिवु द्वीप उसे सौंप दिया था। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर लोकसभा चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अगर भाजपा अपने प्रयासों में सफल हो गई, तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा और लोगों के अधिकार छीन लिये जाएंगे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के इस बयान को लेकर कांग्रेस की आलोचना। उन्होंने कहा कि विभाजनकारी राजनीतिक कांग्रेस के 'डीएनए' में है। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 1947 में धर्म के आधार पर देश का विभाजन और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के कब्जे में छोड़ने भी संकोच नहीं किया। गांधी ने यहां रामलीला मैदान में आयोजित 'इंडिया' गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली में कहा कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूनावाला ने कहा, ''कुछ लोग मैच फिक्सिंग के बारे में बात कर रहे हैं। 1974 में, इंदिरा गांधी सरकार ने राष्ट्र हित और तमिलनाडु के लोगों के हितों से समझौता करते हुए, कांग्रेस के प्रथम परिवार को लाभ पहुंचाने के लिये कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था...राहुल गांधी जी, आपके परिवार ने एक डील-फिक्सिंग की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस पर अक्साई चीन को चीन के अवैध कब्जे में और जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से को पाकिस्तान के अवैध कब्जे में देने का भी आरोप लगाया।

# चुनावी बॉण्ड के कारण ही चंदे का स्त्रोत, लाभार्थियों का पता चल सका: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी बॉण्ड के मुद्दे से उनकी सरकार को झटका लगने की बात रविवार को खारिज कर दी और कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोगों को पछतावा होगा। 'थंथी' टीवी पर एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि क्या चुनावी बॉण्ड विवरण से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है, मोदी कहा, ''मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉण्ड के विवरण) को लेकर हंगामा कर रहे हैं और इसपर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना के कारण ही चंदे के स्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका। उन्होंने कहा कि अगर आज जानकारी उपलब्ध हुई है तो उसकी वजह बॉण्ड हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या कोई एजेंसी 2014 में उनके केंद्र की सत्ता में आने से पहले के चुनावों के लिए धन के स्रोत और उनके लाभार्थियों के बारे में बता सकती है। उन्होंने कहा, ''कोई भी प्रणाली बिल्कुल सही नहीं होती।

### मप्र में कांग्रेस ने लोगों से चंदा मांगा, बैंक खातों पर रोक लगे होने का दावा किया

**भोपाल।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा मांगते हुए रविवार को 'एक नोट, एक वोट' अभियान शुरू किया और दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने उसके बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी है, जिसके चलते उसके पास पैसे नहीं है। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद बैंक खातों पर रोक लगाने के कदम का उद्देश्य चुनाव से पहले उनकी पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर करना है। अभियान भीड़भाड़ वाले रोशनपुरा चौराहे पर शुरू किया गया। भोपाल से पार्टी के उम्मीदवार अरुण श्रीवास्तव और जबलपुर के प्रत्याशी दिनेश यादव ने हाथों में बॉक्स लेकर प्रत्येक व्यक्ति से एक रुपया मांगा और एक वोट देने का अनुरोध किया। मध्य प्रदेश में अन्य सीट से कांग्रेस के उम्मीदवारों ने भी अभियान में हिस्सा लिया।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति क्विंटल :** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 **चावल प्रति कुन्तल :** चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन :** चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन :** अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 आटा मैदा मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050 **किराना :** नारियल 120-140 हल्दी 175-225 लाल मिर्च 225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380 अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90

# आरबीआई इस बार भी नीतिगत दर को रख सकता है यथावत : विशेषज्ञ

## केंद्रीय बैंक का मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है जोर

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं। विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है।

वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी। आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में रेपो दर बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। उसके बाद लगातार छह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में इसे यथावत रखा गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।''

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 67,750 |
| सोना रवा | 67,600 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 75,300 |
| चांदी (999) | 75,200 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

### लखनऊ मंडी

**मेवा :** चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 मखाना 750-900 किशमिश 180-225 काजू 600-1100 बादाम 450-920 छोटी इलाइची 1900-2200 बड़ी इलाइची 1300-1500 लौंग 940-1000 कत्था 1400-1600 कपूर 500-650 गोलाकश 130-140

# एचडीएफसी बैंक अनुषंगी एचडीएफसी एजुकेशन को बेचेगा

**नयी दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, ''इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है। समझौते में शामिल प्रस्ताव अन्य इच्छुक पक्षों से जवाबी पेशकश प्राप्त करने के लिए आधार बोली के रूप में काम करेगा...।'' इसमें कहा गया है कि एचडीएफसी बैंक स्विस चुनौती प्रक्रिया के पूरा होने के आधार पर खरीदार को अंतिम रूप देगा।

# अडाणी समूह तेजी से विस्तार के रास्ते पर

नयी दिल्ली, एजेंसी

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अडाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है।

समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है। इसकी शुरुआत 26 मार्च को अडाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई।

यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है। इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है।

# जोमैटो को 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग को लेकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है।

# एयरटेल की अनुषंगी कंपनी पर अनियमितता को लेकर जुर्माना

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया

भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार दी सूचना में कहा कि बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है। इसमें 2,19,873 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सूचना के अनुसार यह जुर्माना कंपनी की अनुषंगी टेलीसोनिक नेटवर्क्स पर 'वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान दावा किए गये इनपुट टैक्स क्रेडिट में कथित अनियमितता के लिए लगाया गया है। कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला। कंपनी ने कहा, ''अधिकतम वित्तीय प्रभाव लगाये गये जुर्माने की सीमा तक है। कंपनी आदेश से सहमत नहीं है और इसके लिए उचित कदम उठाएगी।''

# मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को 5,000 करोड़ रुपये दान की घोषणा की

नयी दिल्ली, एजेंसी

औषधि और ऊर्जा जैसे कारोबार में शामिल टॉरेंट समूह के मेहता परिवार ने यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की है। इस फाउंडेशन का नाम टॉरेंट समूह के संस्थापक यू एन मेहता के नाम पर रखा गया है।

समूह अपने संस्थापक स्वर्गीय उत्तमभाई नाथलाल मेहता (14 जनवरी, 1924 से 31 मार्च, 1998) की जन्मशती मना रहा है। समूह ने रविवार को एक बयान में कहा कि मेहता परिवार ने परोपकार की विरासत का सम्मान करते हुए यूएनएम फाउंडेशन को अगले पांच वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये दान करने की प्रतिबद्धता जताई है। बयान में कहा गया कि यह राशि टॉरेंट समूह की कंपनियों के वैधानिक सीएसआर योगदान के अतिरिक्त होगी। बयान के मुताबिक यू एन मेहता को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने, व्यावसायिक कौशल, सैद्धांतिक जीवन और मानवीय परोपकार के प्रति उनके दृढ़ संकल्प के लिए याद किया जाता है। उनका प्रारंभिक जीवन कई व्यक्तिगत चुनौतियों, गंभीर वित्तीय संकट, व्यावसायिक विफलताओं और स्वास्थ्य जटिलताओं से भरा था। उनका जन्म एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था और जब वह सिर्फ दो साल के थे, उन्होंने अपनी मां को खो दिया था। वह व्यवसाय स्थापित करने के अपने पहले प्रयास में असफल रहे और उन्हें कई वर्षों के लिए अपने गांव लौटना पड़ा। बयान के मुताबिक उन्होंने प्रत्येक चुनौती पर विजय हासिल की और आखिरकार 48 वर्ष की उम्र में दवा व्यवसाय स्थापित करने के अपने दूसरे प्रयास में सफल हुए।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |

# पंत और वार्नर के वार से चेन्नई ढेर

## मुकेश और खलील की शानदार गेंदबाजी से दिल्ली ने सीजन का पहला मैच जीता

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

- **13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से मिली शिकस्त**

डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के बाद मुकेश कुमार तथा खलील अहमद की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 रनों से हरा दिया है।

192 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ एक रन, रचिन रविंद्र दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। दोनों बल्लेबाजों को खलील अहमद ने आउट किया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और डैरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिये 72 रन जोड़े। अजिंक्य रहाणे ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की पारी खेली। डैरिल मिचेल ने 26 गेंदों में एक चौके और दो छक्कों की मदद से 34 रन बनाये। शिवम दुबे 18 रन बनाकर आउट हुये। समीर रिजवी अपन खाता भी नहीं खोल सके। मुकेश कुमार ने रहाणे, दुबे और रिजवी को आउट कर चेन्नई की कमर तोड़ दी। रवींद्र जडेजा 21 रन, महेन्द्र सिंह धोनी 37 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 20 रनों से मुकाबल हार गई। दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिये। खलील अहमद को दो विकेट मिले। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले डेविड वॉर्नर 52 रन, कप्तान ऋषभ पंत की 51 रन अर्धशतकीय और पृथ्वी शॉ की 43 रनों की शानदार पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 192 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने दिल्ली के लिए बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की। मुस्तफिजुर ने 10 ओवर में पथिराना के हाथों डेविड वॉर्नर को कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। वॉर्नर ने 35 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। इसके बाद अगले ही ओवर में जडेजा ने पृथ्वी शॉ को आउट कर दिल्ली का दूसरा विकेट झटक दिया। पृथ्वी शॉ 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों 43 रन ठोके। मिचेल मार्श 12 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। कप्तान ऋषभ पंत 32 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 51 रनों की पारी खेली।

**दिल्ली 191/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का धोनी बो जडेजा | 43 | 27 | 4/2 |
| डेविड वार्नर का पाथिराना बो रहमान | 52 | 35 | 5/3 |
| ऋषभ पंत का गायकवाड़ बो पाथिराना | 51 | 32 | 4/3 |
| मिचेल मार्श बो पाथिराना | 18 | 12 | 2/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो पाथिराना | 00 | 02 | 0/0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 07 | 08 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 09 | 06 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** दीपक चाहर 4-0-42-0, तुषार देशपांडे 4-0-24-0, मुस्तफिजुर रहमान 4-0-47-1, रविंद्र जडेजा 4-0-43-1, माथिशा पाथिराना 4-0-31-3

**चेन्नई 171/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड का पंत बो अहमद | 01 | 02 | 0/0 |
| रचिन रविंद्र का स्टब्स बो अहमद | 02 | 12 | 0/0 |
| अजिंक्य रहाणे का वार्नर बो मुकेश कुमार | 45 | 30 | 5/2 |
| डेरिल मिचेल का एवं बो अक्षर पटेल | 34 | 26 | 1/2 |
| शिवम दूबे का स्टब्स बो मुकेश कुमार | 18 | 17 | 1/0 |
| समीर रिज्वी का अहमद बो मुकेश कुमार | 00 | 01 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 21 | 17 | 2/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 37 | 16 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-1-21-2, ईशांत 3-0-23-0, नोर्किया 4-0-43-0, अक्षर पटेल 3-0-20-1, रसिख सलाम 2-0-25-0, मिचेल मार्श 1-0-14-0, मुकेश कुमार 3-0-21-3



ऋषभ पंत

# गुजरात टाइटंस की 7 विकेट से जीत



डेविड मिलर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **मोहित शर्मा ने तीन विकेट झटके, डेविड मिलर ने खेली आक्रामक पारी**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (25 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर की 44 रन की आक्रामक पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 27 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने बी साई सुदर्शन (36 गेंद में 45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (11 गेंद में नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के लिए पैट कमिंस, मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए साहा ने शाहबाज और जयदेव उनादकट के खिलाफ छक्के जड़े। शाहबाज ने हालांकि पारी के पांचवें ओवर में कमिंस के हाथों साहा की पारी को खत्म किया। गिल ने इसी ओवर में छक्का जड़ा तो वह इंपैक्ट सब्सीट्यूट सुदर्शन ने भुवनेश्वर के खिलाफ चौका लगाकर टीम के स्कोर को पावर प्ले में एक विकेट पर 52 रन कर दिया। सनराइजर्स के गेंदबाजों ने इसके बाद गुजरात टाइटंस को तेजी से रन बनाने का मौका नहीं दिया। टीम को इसका फायदा 10वें ओवर में गिल के विकेट के तौर पर मिला। वह मार्कंडेय का शिकार बने। साई सुदर्शन और डेविड मिलर अगले कुछ ओवरों में दौड़ कर रन लेने पर जोर दिया। अब तक रक्षात्मक खेल रहे सुदर्शन ने कमिंस और वाशिंगटन के खिलाफ 13वें और 14वें ओवर में चौका जड़ दबाव कम किया। गुजरात ने पारी के 16वें ओवर में मैच का रुख पलट दिया। मार्कंडेय के इस ओवर में 26 रन बने जिसमें मिलर ने एक छक्का और दो चौके लगाये।

**हैदराबाद 162/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 17 | 2/0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 14 | 3/0 |
| अभिषेक शर्मा का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2/2 |
| एडेन मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1/2 |
| शाहबाज अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1/1 |
| अब्दुल समाद रन आउट | 29 | 14 | 3/1 |
| वॉशिंगटन सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमरजई 3-0-24-1, यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0

**गुजरात 168/3** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋद्धिमान साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1/2 |
| शुभमन गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2/1 |
| साई सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4/1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4/2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1

## खेल डायरी

### तेजस्विन शंकर ने ऊंची कूद स्पर्धा में जीता खिताब

**केन्सास।** भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर ने शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 में सीजन की अपनी पहली आउटडोर मीट में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर खिताब अपने नाम कर लिया है। शंकर ने अमेरिका के केन्सास में शनिवार को सीजन की अपनी पहली आउटडोर स्पर्धा में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल 2024 एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद में 2.17 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने बेल्जियम में एक इनडोर चैलेंजर इवेंट, इंटरनेशनल हाई जंप गाला एल्मोस में, शंकर ने 2.23 मीटर की छलांग के साथ जीत हासिल करते हुए अपने सीज़न की शुरुआत की है।

### ब्रेंटफोर्ड ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनायी। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

### डेनियल कोलिन्स बनीं मियामी ओपन चैम्पियन

**मियामी गार्डन्स।** डेनियल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही।

### बोपन्ना-एब्डेन ने जीता मियामी ओपन का खिताब

**फ्लोरिडा।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने मियामी ओपन 2024 टेनिस पुरुष युगल खिताब जीता लिया है। फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में शनिवार को खेले गये मियामी ओपन फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी एक घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ऑस्टिन क्राजिसेक और क्रोएशिया के इवान डोडिग के खिलाफ 6(3)-7(7), 6-3, 10-6 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही 44 वर्षीय बोपन्ना ने पिछले वर्ष इंडियन वेल्स में बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। बोपन्ना 43 साल की उम्र में सबसे उम्रदराज एटीपी 1000 मास्टर्स चैंपियन बने थे।

### इंडिया ओपन गोल्फः जापना के नाकाजिमा बने विजेता

**गुरुग्राम।** भारत के वीर अहलावत रविवार को यहां हीरो इंडियन ओपन गोल्फ के चौथे और अंतिम दिन एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। अहलावत का डीपी वर्ल्ड टूर स्पर्धा में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह इस स्पर्धा के विजेता जापान के कीता नकाजिमा से चार शॉट पीछे रहे। अहलावत दिन के आपने आखिरी होल में ईगल लगाने में सफल रहे जिससे उनका कुल स्कोर 275 रहा। नकाजिमा ने 73 का कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना पहला खिताब जीता। अहलावत ने अपने शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ''मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने अच्छा प्रदर्शन किया, खासकर अपने परिवार के सामने।''

### एआईएफएफ सदस्य दीपक शर्मा जमानत पर रिहा

**पणजी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को रविवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया जिन्हें गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो महिला खिलाड़ियों के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो महिला खिलाड़ियों की शिकायत दर्ज कराने के बाद शनिवार को यहां मापुसा पुलिस ने दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस उपाधीक्षक (मापुसा) संदेश चोडनकर ने पीटीआई को बताया कि जिन धाराओं के अंतर्गत शर्मा पर मामला दर्ज किया गया था, उन पर जमानत मिल सकती थी इसलिए उन्हें 'श्योरिटी' के बाद रिहा कर दिया गया।

# मुंबई को राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर वापसी का भरोसा

**मुंबई, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी।

मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है। मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाये जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी। इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी , नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड, सूर्यकुमार यादव। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

# बाबर आजम होंगे सीमित ओवरों के कप्तानः पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर सीमित ओवरों के मैचों के लिए टीम का कप्तान बनाया हैं। पीसीबी ने रविवार को अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, "चयन समिति की सिफरिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है।" इसी के साथ अब शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान नहीं रहे। उन्होंने केवल एक ही सीरीज में पाकिस्तान टीम की कप्तान की। उल्लेखनीय है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी।

# सलीमा-हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, ''इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।'' वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।




## बॉलीवुड हलचल

# बोनी कपूर ने की बेटी जान्हवी के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की तारीफ



**मुंबई, एजेंसी।** बोनी कपूर ने हालिया इंटरव्यू में जान्हवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ अपने बॉन्ड पर बात की है। बोनी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जान्हवी और शिखर का रिश्ता ताउम्र बना रहेगा। यह भी बताया कि शिखर ने उस वक्त बोनी के परिवार का साथ दिया था, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। उनका कहना है कि जान्हवी के अलावा शिखर परिवार के बाकी सदस्य के साथ भी बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। जूम के साथ हालिया इंटरव्यू में बोनी ने बताया कि शिखर उनके साथ किसी इवेंट में तस्वीरें क्यों नहीं क्लिक कराते हैं। बोनी ने कहा, 'ऐसा केवल इसलिए क्योंकि वो नहीं चाहते हैं कि उनकी तस्वीरें क्लिक की जाएं। बाकी मुझे इसका मेन कारण नहीं पता है। शायद वो चाहते हैं कि मैं सुर्खियों में रहूं, इसलिए वो मुझे हर बार आगे कर देते हैं। वर्ना खबरों की हेडिंग सिर्फ बोनी नहीं बल्कि शिखर-बोनी होतीं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिखर से बहुत प्यार करता हूं। जब जान्हवी और उनकी मुलाकात नहीं हुई थी, तब से हम दोस्त हैं।' बोनी ने आगे कहा, 'मुझे विश्वास कि वो (शिखर) कभी भी जान्हवी के एक्स नहीं हो सकते हैं, वो उसके आसपास हमेशा रहेंगे। बोनी ने यह भी बताया कि शिखर पूरे परिवार के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। शिखर, जान्हवी के परिवार के साथ तब खड़े थे, जब चीजें बहुत खराब चल रही थीं। इस बारे में बोनी ने आगे कहा, 'शिखर हमेशा जान्हवी, मेरे और अर्जुन के लिए मौजूद रहते हैं। मुझे लगता है कि हम वास्तव में भाग्यशाली हैं कि हमारे सेटअप में वो हैं।



# कपिल शर्मा संग हुए झगड़े को आज भी नहीं भूले सुनील

**मुंबई, एजेंसी।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की शुरूआत हो चुकी है। बीती रात शनिवार को शो का फर्स्ट एपिसोड टेलीकास्ट हुआ। इस बार शो टीवी पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ है। हमेशा की तरह इस बार भी अपने शो को कपिल शर्मा ही होस्ट कर रहे हैं। कपिल ने इस बार अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल शर्मा इस बार अपने पुराने दोस्त सुनील ग्रोवर के साथ फिर वापस आ गए हैं, जिससे फैंस बेहद खुश हैं। फैंस इस पर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। सुनील ग्रोवर अब कपिल शर्मा के शो अब द ग्रेट इंडियन कपिल शो का हिस्सा हैं। सुनील ग्रोवर 6 साल बाद कपिल के साथ काम कर रहे हैं। ऐसे में अब कॉमेडी का डबल तड़का लगने वाला है। शो के पहले एपिसोड में रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी मेहमान बनकर पहुंचे थे। शो के पहले एपिसोड में कपिल की पूरी टीम कपूर परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए, लेकिन कपिल और सुनील के बीच खूब तकरार देखने को मिली। जिसे देखकर लगता है कि कपिल और सुनील अपनी 6 साल पुरानी लड़ाई को आज भी नहीं भूले हैं।

# 2024 के आखिर में शाहरुख खान शुरू करेंगे पठान 2 की शूटिंग



**मुंबई, एजेंसी।** साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान जल्द ही पठान 2 लेकर आने वाले हैं। ये फिल्म स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इस फिल्म से जुड़ी अपडेट लगातार सामने आ रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो पिछली फिल्म की तरह इस बार सिद्धार्थ आनंद फिल्म डायरेक्ट नहीं करेंगे। हाल ही में आई पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान इसी साल के आखिर तक पठान 2 की शूटिंग शुरू करेंगे। इस अपकमिंग फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट नहीं करेंगे। हालांकि उन्हें किस के साथ रिप्लेस किया जाएगा, इस बात की कोई कन्फर्मेशन सामने नहीं आई है। दरअसल, आदित्य चोपड़ा अपने YRF स्पाई यूनिवर्स की किसी भी फिल्म के सीक्वल में एक डायरेक्टर का इस्तेमाल नहीं करते। ठीक वैसे ही जैसे एक था टाइगर, कबीर खान ने डायरेक्ट की थी, लेकिन सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है के डायरेक्टर अली अब्बास जफर थे। ऐसे ही टाइगर 3 को मनीष शर्मा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म वॉर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट की थी, जबकि वॉर 2 अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे थे। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 के बाद यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स की 3 बड़ी फिल्में आने वाले सालों में रिलीज होंगी। इनमें वॉर 2 साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इसके बाद फीमेल लीड की स्पाई फिल्म को 2025 में ही रिलीज किया जाएगा। इसके बाद 2026 में पठान 2 और 2027 में टाइगर वर्सेस पठान रिलीज होगी। 2018 की फ्लॉप फिल्म जीरो के बाद शाहरुख ने 4 साल बाद बतौर हीरो 2023 में फिल्म पठान से कमबैक किया था। इस फिल्म ने 1015 करोड़ रुपए कमाकर कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ दिए। फिल्म पठान भारत के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी फिल्म, 2023 की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म और भारत में चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म का रिकॉर्ड शाहरुख खान के कमबैक की दूसरी फिल्म जवान ने तोड़ा, जो एक्शन फिल्म ही थी। जवान अब भारत की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग हिंदी फिल्म है और पठान तीसरी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

